# डीआरएम नम्रता त्रिपाठी ने बालाघाट रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

## 26 फरवरी को आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम को लेकर दिए दिशा निर्देश, निर्माण कार्यों पर गति लाने की कही बात, रेल समस्याओं को लेकर आप ने सौपा ज्ञापन





बालाघाट(पद्मेश न्यूज)।अमृत भारत योजना के तहत बालाघाट ,मंडला नैनपुर और छिंदवाड़ा सहित अन्य रेलवे स्टेशनों में कराए जा रहे निर्माण कार्य व सौंदर्यीकरण कार्य का वर्चुअल उद्घाटन 26 फरवरी को किया जाएगा।जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी टेलीविजन स्क्रीन के माध्यम से इन स्टेशनों के निर्माण कार्यों का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे।जिसमें स्थानीय सांसद सहित जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे। वर्चुअल उद्घाटन के तहत बालाघाट रेलवे स्टेशन में चल रहे निर्माण कार्य, ओवर ब्रिज,आर ओ ब्रिज, अंडरपास ब्रिज स्टेशन के अन्य निर्माण व सौंदर्यीकरण के कार्य सहित अन्य कार्यों का भी वर्चुअल उद्घाटन किया जाएगा ।26 फरवरी को आयोजित इस कार्यक्रम की तमाम व्यवस्था बनाने और इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अधिकारियों का दौरा बालाघाट सहित मंडला नैनपुर और छिंदवाड़ा के स्टेशनों में किया जा रहा है इसी कड़ी में अमृत भारत योजना के तहत बालाघाट रेलवे स्टेशन में 07 करोड़ रुपये के चल निर्माण कार्यों का जायजा लेने नागपुर रेल मंडल डीआरएम नम्रता त्रिपाठी सोमवार को रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करने पहुंचीं। दर्जनभर रेलवे अधिकारियों के साथ पहुंचीं डीआरएम ने सबसे पहले प्लेटफार्म नंबर एक पर उतरकर 26 फरवरी को आयोजित निर्माणाधीन कार्यों का वर्चुअल उद्घाटन को लेकर प्लेटफार्म का जायजा लिया जहां उन्होंने पूर्व में रेलवे पुलिस चौकी के सामने बड़ा मंच बनाकर वर्चुअल उद्घाटन का कार्यक्रम आयोजित किए जाने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए, तो वहीं मंच का आकार प्रकार उसकी दिशा एलईडी स्क्रीन ,कार्यक्रम में लगने वाली अन्य सामग्रियां, लोगों के आवागमन बैठक व्यवस्था सहित अन्य इंतेजामो को लेकर कर्मचारियों से प्लेटफार्म का नापजोक कराकर आयोजित होने वाले कार्यक्रम का खाका तैयार किया। लेकिन बाद में कार्यक्रम के चलते यात्रियों को होने वाली समस्याओं को देखते हुए यह कार्यक्रम रेलवे चौकी के सामने करने की बजाय उन्होंने प्लेटफार्म नंबर एक के आगे बैहर रेलवे फाटक मार्ग की ओर बने नए शेड में उक्त कार्यक्रम को करने के निर्देश दिए इस दौरान डीआरएम त्रिपाठी नियंत्रण कक्ष का जायजा लिया।इसके बाद डीआरएम ने अधिकारियों के साथ रेलवे स्टेशन में चल रहे कार्यों का मुआयना किया जिसमे उन्होंने अधिकारियों को कार्य मे गति लाने और 26 फरवरी को आयोजित कार्यक्रम के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिसके उपरांत वे निरीक्षण स्पेशल ट्रेन क्र. 230078 में सवार होकर आगामी रेलवे स्टेशन नैनपुर के लिए रवाना हो गई ।आपको बताए कि डीआरएम नम्रता त्रिपाठी इससे पहले 8 नवंबर 2023 को बालाघाट आई थी।

### शिवजी कंस्ट्रक्शन कंपनी को दिया गया है काम

ज्ञात हो कि इन दिनों अमृत भारत योजना के तहत बालाघाट स्टेशन में शेड निर्माण, पार्किंग स्टैंड व स्टेशन के सामने सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है। उक्त निर्माण कार्य मुंगेली छत्तीसगढ़ की शिवजी कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा कराया जा रहा है। लेकिन अन्य स्टेशनों की तुलना में कार्य की गति काफी धीमी होने, कार्य समय पर ना होने, समय सीमा में कार्यो का विवरण समय समय पर ना भेजे जाने सहित अन्य बिंदुओं को लेकर डीआरएम त्रिपाठी द्वारा अपनी नाराजगी व्यक्ति की तो वहीं उन्होंने कार्य में गति लाने और 26 फरवरी को आयोजित होने वाले वर्चुअल उद्घाटन को लेकर जल्द से जल्द कार्य को पूरा करने के दिशा निर्देश दिए। इस दौरान एडीआरएम जत्तर सिंह ,सीनियर डीसीएम दिलीप सिंह, रेलवे स्टेशन प्रबंधक श्री चौधरी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी , विभिन्न विभागों का टेक्निकल स्टाफ, सहित अन्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### आप ने सौंपा ज्ञापन

उधर डीआरएम के बालाघाट आगमन की जानकारी मिलने पर स्टेशन पहुचे आम आदमी पार्टी कार्यक्रम प्रमुख मनोज पमनानी के नेतृत्व में अन्य कार्यकर्ताओ नागपुर जोन डीआरएम नम्रता त्रिपाठी से मुलाकात कर जिले के यात्रियों से जुड़ी स्थानीय विभिन्न मांगो को लेकर एक ज्ञापन सौपा जिसमे उन्होंने रेलवे टिकट काउंटर पर अनुभवी स्टाफ की व्यवस्था करने ,बालाघाट रेलवे स्टेशन में अलग से रेलवे पूछताछ केंद्र बनाने,ट्रेनों की लेट लतीफी रोकने, कटंगी से गोंदिया के लिए सुबहा के वक्त स्पेशल ट्रेन चलाने, रिजर्वेशन काउंटर की सुविधा पूरे समय दिए जाने, सहित अन्य व्यवस्था बनाने की मांग की।

### 26 फरवरी को वर्चुअल उद्घाटन होना है उसी का निरीक्षण किया जा रहा है- नम्रता

नागपुर रेलवे मंडल डीआरएम नम्रता त्रिपाठी से निरीक्षण को लेकर चर्चा करनी चाही, लेकिन उन्होंने इस निरीक्षण को लेकर अपना कोई ऑफिशियल बयान नहीं दिया उन्होंने सिर्फ इतना कह दिया कि स्टेशन में चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लेने के लिए वे आई थी। 26 फरवरी को वर्चुअल उद्घाटन होना है।उसी का निरीक्षण किया जा रहा है इतना कह कर स्पेशल ट्रेन में सवार होकर अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गई।

### सुबह के वक्त नागपुर के लिए ट्रेन चलाने की प्रमुख मांग है- पमनानी

वही ज्ञापन को लेकर की गई चर्चा के दौरान आम आदमी पार्टी कार्यक्रम प्रमुख मनोज पमनानी ने बताया कि जिले से होकर गुजरने वाली लगभग सभी ट्रेनों के लेट लतीफी का सिलसिला बा-दस्तूर जारी है जहां टाइमिंग के अनुरूप ट्रेनों को चलाने, माल गाड़ी पासिंग के लिए यात्री ट्रेनों को ना रोके जाने,जिला मुख्यालय में पूछताछ केंद्र की व्यवस्था बनाने,और नागपुर के लिए सुबह के वक्त स्पेशल ट्रेन देने सहित अन्य अव्यवस्थाओं को लेकर ज्ञापन सौपा गया है।ये व्यवस्थाए ना होने से जिलेवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।जहां बार-बार आवेदन निवेदन करने पर भी यात्रियों की मांग पूरी नहीं होती।हमारी प्रमुख मांग सुबह के वक्त कटंगी से गोंदिया नागपुर के लिए ट्रेन शुरू करने की है।

### वर्चुअल उद्घाटन को लेकर दिए गए हैं दिशा निर्देश- चौधरी

वही निरीक्षण को लेकर की गई चर्चा के दौरान बालाघाट रेलवे स्टेशन प्रबंधक श्री चौधरी ने बताया कि बालाघाट नैनपुर मंडला छिंदवाड़ा सहित अन्य रेलवे स्टेशनों में अमृत भारत योजना के तहत विभिन्न निर्माण कार्य किया जा रहे हैं। बालाघाट में भी आरओ ब्रिज, स्टेशन का कार्य, अंडर पासिंग कार्य,पार्किंग व्यवस्था,सौंदर्यीकरण सहित अन्य कार्य चल रहे हैं।निर्माणाधीन इन्ही कार्यों और व्यवस्थाओं का 26 फरवरी को वर्चुअल उद्घाटन होना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल इन स्टेशनों का निरीक्षण करेंगे और निर्माणाधीन कार्यों का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे।जिसमें संसद को प्रमुख अतिथि बनाया गया है।अमृत भारत योजना के तहत किए जा रहे इन निर्माण कार्यों के वर्चुअल ओपनिंग की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के लिए डीआरएम मैडम नम्रता त्रिपाठी का बालाघाट आगमन हुआ था। जिन्होंने आयोजित कार्यक्रम को लेकर दिशा निर्देश दिए हैं। जल्द ही उनके दिशा निर्देशानुसार कार्य कर लिया जाएगा।

# शासकीय महाविद्यालय लालबर्रा में मनाया गया भोज मुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश सप्ताह

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। शासकीय महाविद्यालय लालबर्रा में 16 फरवरी को प्राचार्य डॉ.एसके खण्डायत की अध्यक्षता में भोजमुक्त प्रवेश सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अध्ययन केन्द्र के समन्वयक डॉ. निर्मल कीर्ति गेडाम द्वारा विद्यार्थियों को भोज मुक्त विश्वविद्यालय की महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराते हुए बताया गया कि विद्यार्थियों द्वारा नियमित डिग्री कोर्स की पढ़ायी करते हुए भोज मुक्त विश्वविद्यालय से भी डिग्री कोर्स किया जा सकता है जिससे विद्यार्थी एक साथ दो डिग्री प्राप्त कर सकते है। साथ ही इस सत्र से लालबर्रा महाविद्यालय में एमए संस्कृत व अंग्रेजी विषय से विद्यार्थी नवीन




प्रवेश ले सकते है। नवीन प्रवेश की तारीख 15 फरवरी से बढ़ाकर 29 फरवरी कर दी गई है। शासकीय महाविद्यालय लालबर्रा में भोज मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा बीए, बीएससी स्नातक डिग्री कोर्स के साथ ही एमए समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी, भूगोल तथा एमएसडब्ल्यू के पाठ्क्रम भी संचालित किए जाते है।

## कार्यालय ग्राम पंचायत उकवा
### जनपद पंचायत परसवाड़ा

**सा0 बैठकी बाजार एवं गुजरी नीलामी**

वर्ष 2024-25 हेतु उकवा का साप्ताहिक बाजार एवं गुजरी नीलामी आगामी दिनांक 23/ 2 /2024 दिन शुक्रवार को किया जाना है इस हेतु इच्छुक बोलीदार को आमंत्रित किया जाता है नीलामी से संबंधित शर्तें एवं नियम ग्राम पंचायत उकवा के कार्यालयीन समय सुबह सुबह 10 से 5 के मध्य देखे जा सकते हैं।

सरपंच
अनुसूईया क्षत्रिया

शिवशंकर तिवारी
उप सरपंच

सचिव
दशरथ बिसेन

प्रीति सहारे
ग्राम रोजगार सहायक

## न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला बालाघाट ( मप्र )

क्रमांक/ / अति.कले./वि.अधि./ २०२४ बालाघाट दिनांक / / २०२४

### -:आम सूचना:-

विशेष विवाह अधिनियम १९५४ की धारा ५ के अंतर्गत विशेष/अर्न्तजातीय विवाह आवेदकगण मुकेश नोनारकर उम्र ३० वर्ष पिता राजकुमार नोनारकर जाति दर्जी निवासी वार्ड नं. १० नेवरगॉव (वा) तहसील लालबर्रा जिला बालाघाट (म.प्र.) एवं आवेदिका निकिता डहारे उम्र २२ वर्ष, पिता संजय डहाटे जाति महार निवासी वार्ड नं. ०९ नेवरगॉव (वा) तहसील लालबर्रा जिला बालाघाट (म.प्र) ने उपस्थित होकर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है जिसमें विवाह हेतु सुनवाई दिनांक ०२/०३/२०२४ को नियत की गई है।

अत: उक्त विवाह के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति का कोई आपत्ति है तो सुनवाई दिनांक ०२/०३/२०२४ तक न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी बालाघाट के समक्ष न्यायालयीन समय प्रात: १० बजे उपस्थित होकर अपनी आपत्ति लिखित रूप में प्रस्तुत करे। निम्न समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अपर कलेक्टर
एवं विवाह अधिकारी
जिला बालाघाट ( म.प्र )

# समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने विभागों को दिए निर्देश



बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने टीएल बैठक में दूध व दुग्ध से बने पदार्थो के साथ ही अन्य खाद्य सामग्री की जांच कर रिपोर्ट के मामलें में तीन विभागों को निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि नागरिकों को मिलावटी खाद्य पदार्थ के सेवन करने से बचाने में अपनी भूमिका निभाएं। मिलावटी खाद्य पदार्थो की जांच के लिए माहौल बनाए और हरकत करने वाले मामलों में कड़ी कार्रवाई करें। खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य व दुग्ध संघ सेम्पल टेस्ट व रिपोर्ट प्रदान करने के निर्देश दिए गए। क्षेत्रीय प्रबंधक माधुरी सोनकर ने जानकारी दी कि विशेष रूप से दूध में साल्ट, यूरिया, स्टॉर्च, माल्टोस, ग्लूकोज, न्यूट्रिलायजर, सीओवी, मिल्क एसिडिटी व फैट की जांच रिपोर्ट 1 घंटे में प्रदान की जा सकती है। इसके अलावा स्थानीय स्तर पर ही खोवा व पनीर की प्राथमिक जांच की जा सकती है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री डोंगरे को निर्देश दिए कि सेम्पल रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण प्रस्तुत करेंगे।

बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की गई। कार्यक्रम स्थल रेंजर कॉलेज में तैयारियों के सम्बंध में निर्देश दिए गए। सीएम हेल्पलाईन के लंबित प्रकरणों के सम्बंध में राजस्व विभाग के प्रभारी, महिला बाल विकास विभाग व स्कूल शिक्षा विभाग के सम्बंधित अधिकारियों पर 5-5 हजार रुपये रेडक्रॉस में जमा करने को कहा है। इसके अलावा सीएम हेल्पलाईन पर ही 142 शिकायतें ऐसी पायी गई। जिन पर बिना जवाब दिए लेवल-1 से लेवल-2 पर चली गई। बैठक में जिपं सीईओ श्री डीएस रणदा व सभी जिला अधिकारी सभागृह में तथा अनुभाग का अमला गूगल मीट के माध्यम से जुड़ा।

### अग्नि दुर्घटना से बचने के लिए प्रशासन अलर्ट

कलेक्टर डॉ. मिश्रा खाद्य व राजस्व विभाग से कहा कि किसी भी तरह लापरवाही न रखें। निरंतर पेट्रोल पंप तथा गैस एजेंसियों के गोडाउनो के स्टॉक की जांच चलती रहे।साथ ही निर्धारित नियमों के अनुसार प्रावधानों की निरीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। इसके अलावा उन्होंने सीएमएचओ डॉ. मनोज पांडे को निर्देश दिए कि क्लीनिकल स्टैब्लिशमेंट के अंतर्गत प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे। इसके बाद एसडीएम द्वारा आवश्यक निरीक्षण में खामियां पायी जाती है तो धारा 133 में कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### तहसीलदारों द्वारा आरआरसी जारी कर वसूली होगी

सरपंच सचिवों से 45 लाख रुपये की वसूली के सम्बंध में तहसीलदारों को निर्देश दिए कि जनपद सीईओ से सूची प्राप्त करें और आरआरसी जारी करें।अगली टीएल बैठक में जारी करने की सूची प्रस्तुत करेंगे। अगर वे राशि जमा नही करते तो वेतन से वसूली के निर्देश दिए है।

### बालाघाट में सबसे अधिक पटवारियों की नियुक्ति, 24 को सत्यापन

पटवारी भर्ती परीक्षा के बाद परिणामों की घोषणा के बाद बालाघाट में सबसे अधिक 334 पटवारियों की नियुक्ति होना है। इससे पहले 24 फरवरी को ही काउंसलिंग होनी है। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सूचना पत्र के अलावा मेल और कंट्रोल रूम से कॉल कर सूचित करने के निर्देश दिए है। एक ही दिन में सत्यापन कार्य के लिए जिला अधिकारियों की समिति बनाने के उपरांत प्रशिक्षण दिया जाएगा। सत्यापन कार्य के लिए नोडन अधिकारी जिपं सीईओ श्री डीएस रणदा को बनाया गया है। ज्ञात हो कि 1 मार्च को सीएम डॉ. यादव द्वारा समस्त पात्र अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे।

## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै निगार परवीन, पति इमरान अली, निवासी ग्राम रावढ़बंदी (पायली) थाना भरवेली तह. व जिला बालाघाट आम जन को सूचित करती हूँ कि मै इमरान अली के साथ विवाह होने के उपरांत विगत वर्षों से पृथक निवास कर रही हूँ एवं अपनी फैक्ट्री का संचालन कर अपना एवं अपने परिवार का पालन पोषण कर रही हूँ। ना ही मेरा व मेरे भाईयों के साथ राजनैतिक तालमेल है। मै भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा को मानती हूँ, मेरे भाई कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता है। मेरा कांग्रेस पार्टी से कोई भी संबंध नही रहा है। मेरे व्यवसाय में भी मेरे तीनो भाईयों का कभी कोई संबंध नहीं है, यदि मेरे व्यक्तिगत संबंधों एवं व्यवसायिक लेनदेन के संबंध में मेरे भाई अब्दुल हक उर्फ भूरू पटेल, तब्बू उर्फ तबरेज पटेल एवं परवेज खान द्वारा कोई विवादित स्थिति उत्पन्न की जाती है, तो इसके लिए मै उत्तरदायी नहीं रहूँगी।

**निगार परवनी**
**पति इमरान अली**
**मो नं. -9165867417**

## सामूहिक आपत्ति

प्रति,
श्रीमान कलेक्टर महोदय,
जिला - बालाघाट म.प्र.

विषय:- शराब दुकान स्थानतंरण के सम्बध संचालन हेतु सामुहिक आपत्ति के संबंध में।

महोदय जी,

विषयांतर्गत लेख है कि ग्राम पंचायत गर्रा में स्थित शराब दुकान का संचालन कानूनन अवैध एवं विधि विरूद्ध है। उक्त दुकान मुख्य मार्ग तथा घनी आबादी के बीच स्थित है, इसे हटाने का प्रस्ताव कार्यालय ग्राम पंचायत द्वारा समस्त ग्रामीणजनों के पूर्ण कोरम के साथ दिनांक १६/०८/२०२२ को पारित किया गया था, जिसकी आपत्ति दिनांक १०/०३/२०२३ को वित्तीय वर्ष समापन एवं ठेका नवीनीकरण २०२३ के पूर्व ही सम्बंधित कार्यालयों को प्रेषित कर दी गयी थी। उक्ताशय पर कार्यवाही ना होने पर पुन: २४/०१/२०२४ को शासन के निर्देशों पर आयोजित ग्राम सभा में पुन: कोरम पूरा कर प्रस्ताव क्रं. ०४ में उक्ताशय को उल्लेखित कर ग्रामीणों द्वारा दर्ज आपत्तियों पर आपको तथा सम्बंधित विभागों, कार्यालयों को पुन: १३/०२/२०२४ को समस्त पारित प्रस्तावों एवं पूर्व के आवेदनों तथा शिकायतों को संलग्न कर प्रेषित किया गया है। ज्ञात हो कि उक्त भूमि प्रचलित आबादी की भूमि है, जिसे नियम विरूद्ध अवैध तरिकों से संचालनकर्ताओं को अनुबंध कर अवैध कब्जाधारी द्वारा दिया गया है।

अत: प्रेषित शिकायतों एवं अखबारों के माध्यम से प्रेषित सार्वजनिक आपत्ति में लेकर ठेका नवीनीकरण के पूर्व ही शराब दुकान का स्थान परिवर्तन करने की कृपा करें।

धन्यवाद!
दिनांक- १९/०२/२०२४

**निवेदनकर्ता**

राजू/सोनेलाल पाचे उपसरपंच वार्ड नं. १८, श्रीमती रामेश्वरी/तिलकराम ठाकरे पंच वार्ड नं. १, करूणा/विजय राणा पंच वार्ड नं. २, श्रीमती फूलनबाई परिहार पंच वार्ड नं. ४, रेवतन सिवनकर पंच वार्ड नं. ५, सुरेन्द्र/सालिकराम यादव पंच वार्ड नं. ६, श्रीमती पुस्तकला/विजय कुमरे पंच वार्ड नं. ७, संतोष/भैयालाल डहरवाल पंच वार्ड नं. ८, श्रीमती ज्ञानेश्वरी/गनाराम पटले पंच वार्ड नं. ९, जुबैदा/सलीम शाह पंच वार्ड नं. ११, सोमेश्वर/सीताराम ठाकरे पंच वार्ड नं. १३, महेश/गंडलू केकतीकर पंच वार्ड नं. १६, राजू/सोनेलाल पांचे पंच वार्ड नं. १८, श्रीमती रीना/भागचंद भालाधरे पंच वार्ड नं. १९, येशुंतला/शिवदयाल राउत पंच वार्ड नं. २०

**एवं समस्त ग्रामीणजन, ग्राम पंचायत गर्रा**





लामता में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

परसवाड़ा में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध
निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

# पटवारी परीक्षा में हुई धांधली को लेकर जिले के पटवारी अभ्यर्थियों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। एनइवाईयू नेशनल एजुकेशन यूथ संघ द्वारा जिला कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा गया जिसमें पटवारी परीक्षा की नियुक्ति को तत्काल रोकने तथा पटवारी परीक्षा की जांच को सार्वजनिक करने एवं पटवारी परीक्षा के नए सिरे से एसआईटी गठित करने एवं भर्ती के संबंध में एनइवाईयू नेशनल एजुकेशन संघ के द्वारा जिला कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा को एक ज्ञापन दिया गया है ,जिसमें उन्होंने भर्ती परीक्षा रोकने तथा उनकी विभिन्न मांगों को पूरा करने की मांग की है और यदि उनकी मांग पूरी नहीं होती है तो वह जिला स्तर पर हड़ताल करने की उनके द्वारा चेतावनी भी दी है। आपको बता दे की पटवारी अभ्यर्थियों के द्वारा बताया गया कि ग्रुप 2 सब ग्रुप 4 पटवारी परीक्षा मार्च-अप्रैल 2023 में आयोजित की गई, जिसके परिणाम आने पर फर्जीवाड़ा का संदेह उत्पन्न हुआ, परिणाम स्वरुप छात्रों द्वारा 13 जुलाई 2023 को मध्यप्रदेश के समस्त जिलों में आंदोलन किया गया था जिसमे छात्रों की मांगों को ध्यान में रखते हुए पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नियुक्तियों पर रोक लगाते हुए एक सदस्यीय जस्टिस राजेंद्र वर्मा समिति गठित की। और अभी हाल ही में जांच समिति की रिपोर्ट को बिना सार्वजनिक किये सरकार द्वारा नियुक्ति का निर्णय लिया गया है जिससे इस परीक्षा से जुड़े लाखों अभ्यर्थियों के मन में शंका उत्पन्न हो गई है। इसलिए सभी अभ्यर्थियों यह मांग कर रहे है कि नियुक्तियों पर तत्काल रोक लगाते हुए जाँच को सार्वजानिक किया जाए उसके साथ ही नए सिरे से मध्यप्रदेश के मुख्य न्यायाधीश के नेतृत्व में तकनीकी विशेषज्ञों की एसआईटी गठित की जाये क्योंकि यह परीक्षा ऑनलाइन थी इसलिए इसकी जाँच बिना तकनीकी विशेषज्ञों से होना असंभव है। और इसके अतिरिक्त भर्तियों से संबंधित युवाओं की अन्य मांगें भी है जैसे MPSI के 2000 पदों पर जल्द भर्ती की जाये। MPESB द्वारा आयोजित मंडी इंस्पेक्टर, लेबर, इंस्पेक्टर, महिला पर्यवेक्षक एवं अन्य परीक्षाओं के सभी रिक्त पद का कैलेंडर जारी कर भरे जायें। केंद्र सरकार द्वारा बनाये गये नकल विरोधी कानून को मध्यप्रदेश में तत्काल लागू किया जाए। MPESB की परीक्षाएँ प्रतिष्ठित कंपनी (ङ्मष्टस् जैसी) से आयोजित की जायें। MP कांस्टेबल एवं MPESB द्वारा आयोजित सभी परीक्षाओं के रुके हुए परिणाम अतिशीघ्र जारी करके नियुक्ति दी जाये। अभ्यर्थी अंकित बिसेन और मनीष द्वारा बताया गया कि वह भी एक अभ्यर्थी है और उन्होंने भी पटवारी परीक्षा की तैयारी की थी और उन्होंने भी पटवारी की परीक्षा दी थी जिसके रिजल्ट आने के बाद पटवारी परीक्षा में भारी धांधली हुई थी और उसका विरोध भी उनके द्वारा किया गया था और उसमें एक कमेटी गठित हुई थी, किंतु जिस प्रकार से भर्ती में तकनीकी त्रुटि हुई थी, किंतु जो जाँच समिति बनी थी उसमें कोई भी तकनीकी सदस्य नहीं था और इस वजह से बिना तकनीकी सदस्य के ही भर्ती परीक्षा की जांच को क्लीन चिट दे दी गई, जिस वजह से वह आज कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन सौंपने पहुंचे थे और वह चाहते हैं कि उस परीक्षा में हुई धांधली की सीबीआई जांच हो और यदि ऐसा नहीं होता तो उसे भर्ती परीक्षा को तत्काल निरस्त किया जाए , उन्होंने यह भी बताया कि 19 फरवरी को मध्य प्रदेश के सभी जिलों में पटवारी अभ्यर्थियों द्वारा ज्ञापन सौंपने का कार्यक्रम किया गया है।

### कलेक्टर कार्यालय में नारेबाजी से पहुंची पुलिस

जैसे ही पटवारी अभ्यर्थियों द्वारा नारे लगाते हुए कलेक्टर परिसर में पहुंच गया उसके बाद ही मेन गेट पर कुछ पुलिसकर्मियों द्वारा पटवारी अभ्यर्थियों को रोका गया, किंतु पटवारी अभ्यर्थियों द्वारा नारे लगाते हुए कलेक्टर कार्यालय के परिसर के अंदर पहुंच गए और वह कलेक्टर परिसर के अंदर ही जोर-जोर से नारेबाजी करने लगे इसके बाद चल रही टी.एल की बैठक और काम कर रहे कलेक्टर कार्यालय में अधिकारी कर्मचारी सभी हल्ले को सुनकर बाहर आ गए एवं अत्यधिक नारेबाजी से कलेक्टर कार्यालय में चल रही बैठक भी प्रभावित हुई जिसके बाद कोतवाली थाने से पुलिस अधिकारी पहुंच गए और नारेबाजी कर रहे पटवारी अभ्यर्थियों को समझाइए दी गई और ज्ञापन देने के बाद मामले को शांत करवाया।

# अतिथि शिक्षकों को पुन: स्कूल में वापस रखे जाने को लेकर डोरा स्कूल के छात्र-छात्राओं ने पुलिस अधीक्षक को दिया ज्ञापन



बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। जिले के डोरा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल के लगभग दो दर्जन से अधिक छात्र-छात्राओं द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पहुंचकर एक ज्ञापन दिया गया है ,जिसमें उन्होंने यह मांग की है कि उनके स्कूल से जो अतिथि शिक्षक को निकाला गया है उन्हें पुन: स्कूल में यथावत रखा जाए। आपको बता दे की जिले के डोरा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोरा के अतिथि शिक्षकों को वहां के स्कूल के प्रधान अध्यापक द्वारा निकाल दिया गया है ,जिन्हें पुन: वापस रखे जाने को लेकर स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा पुलिस अधीक्षक बालाघाट को एक ज्ञापन दिया गया है , जिसमें उन्होंने यह मांग की है कि स्कूल के प्रधान अध्यापक द्वारा स्कूल के दो अतिथि शिक्षकों को बिना गलती के ही निकाल दिया गया है, जिससे वह चाहते हैं कि स्कूल में पुन: अतिथि शिक्षकों को रखा जाए और उनसे अध्यापन कार्य पुन: करवाया जाए क्योंकि वह शिक्षक छात्र-छात्राओं को अच्छे से स्कूल में अध्यापन कार्य करवाते हैं जिससे वह उन्हें पुन: स्कूल में रखने की मांग कर रहे हैं जिसको लेकर उन्होंने 19 फरवरी को पुलिस अधीक्षक बालाघाट को एक ज्ञापन दिया है।

### अतिथि शिक्षकों को प्रधान अध्यापक द्वारा निकाला गया है- आरती

स्कूल की छात्रा आरती बताती है कि उनके स्कूल में जो अतिथि शिक्षक पढ़ाते थे उन्हें बिना गलती के ही स्कूल के प्रधान अध्यापक द्वारा स्कूल से निकाल दिया गया है जबकि उनकी अभी वार्षिक परीक्षाएं शुरू होने वाली है, जिससे उन्हें अध्यापन कार्य में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ,वह चाहते हैं कि उनके जो अतिथि शिक्षकों को प्रधान अध्यापक द्वारा निकाला गया है वह पुन: उन्हें अध्यापन कार्य में वापस ले।

### दुर्भावनावश अतिथि शिक्षकों को स्कूल से निकाल दिया गया है - अलका मरकाम

छात्रा अलका मरकाम बताती हैं कि वह ठंड की छुट्टियों मे कुछ छात्र-छात्राओं व शिक्षकों के साथ पिकनिक मनाने के लिए बाहर गए थे और उसके बाद जैसे ही वह वापस आए उसके बाद से ही प्रधान अध्यापक द्वारा अतिथि शिक्षकों को निकाल दिया गया है जबकि वह बताती हैं कि उन्होंने स्वयं ही शिक्षकों को पिकनिक मनाने जाने के लिए कहा था और सभी छात्र-छात्राओं के द्वारा पैसे एकत्रित कर पिकनिक गए थे किंतु प्रधान अध्यापक द्वारा दुर्भावना वश अतिथि शिक्षकों को स्कूल से निकाल दिया गया जो कि गलत है।

### प्रधान अध्यापक द्वारा उन्हें डराया जा रहा है - धनेश्वरी मरकाम

छात्रा धनेश्वरी मरकाम द्वारा बताया गया कि जब उनके साथ सभी बच्चों ने अतिथि शिक्षकों को स्कूल से निकाले जाने का विरोध किया तो स्कूल के प्रधान अध्यापक द्वारा उन्हें ही डराते हुए यह कह दिया गया, कि यदि वह इसी प्रकार से जिद करेंगे तो उन्हें भी स्कूल से निकाल दिया जाएगा क्योंकि वह जबरदस्ती शिक्षकों को वापस लाने के लिए परेशान कर रहे हैं जबकि उन्होंने बताया कि स्कूल में अतिथि शिक्षकों की कोई गलती नहीं है उसके बाद भी उन्हें स्कूल से निकाल दिया गया है जो कि गलत है ऐसा नहीं होना चाहिए वहीं कुछ छात्रों ने तो यह भी बताया कि वह कक्षा ग्यारहवीं के छात्र हैं और उन्हें बीते दो से तीन वर्षों से छात्रवृत्ति नहीं मिली है उसके बाद भी प्रधानाध्यापक द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती है और आज वह पिकनिक चले गए तो उन्होंने अतिथि शिक्षकों को निकाल दिया है जो की बहुत ही गलत है।

# लोकसभा चुनाव को लेकर आदिवासी समाज ने कसी कमर

## राजनीतिक दलों से आदिवासी समाज के प्रत्याशी के लिए टिकट मांगने का लिया गया फैसला

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। रविवार को गोंडवाना सामुदायिक भवन गढ़ी तह बैहर में आदिवासी समाज की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमे देश में आदिवासियों की खिलाफ लगातार हो रहे अत्याचार बलात्कार शोषण पर किसी तरह का लगाम नहीं लग पाने की दशा में चिंतन मंथन किया गया तथा सभी ने एकमत के साथ अब आदिवासी समाज के मान सम्मान स्वाभिमान और आस्तीत्व को बचाने की लड़ाई मे अब स्वयं समाज के हर सदस्य को वचनबद्ध होकर संघटनवाद, राजनैतिकवाद, जातिवाद, वर्चस्ववाद क्षेत्रवाद से परे हटकर समाज के आस्तित्व को सर्वोपरी सम्मान देते हुए स्वयं की सहभागिता सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाने का दृढ़ संकल्प लिया गया ।जिसमे उन्होंने आने वाले लोकसभा चुनाव 2024 में बड़ी राजनैतिक पार्टियों से आदिवासी समाज के योग्य प्रत्याशी को नेत्रत्व सम्मान नहीं मिलने से आदिवासी समाज अपने राजनैतिक मान सम्मान स्वाभिमान के लिए बिना किसी राजनैतिक पार्टियों के समाज द्वारा चयनित स्वतंत्र योग्य उम्मीदवार को चुनाव में उतारने का दृढ़ संकल्प लिया जिसे बैठक में उपस्थित सामाजिक बन्धुओ ने सार्वजनिक सहमति दी। इस बैठक में स्थानीय विभिन्न राजनैतिक दलों एवम् सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों,कार्यकर्ताओं एवम् बुद्धिजीवियों समाज सेवियों मे गोपाल सिंह कुसरे ,दसवंत सिंह मरावी ,गजबीर सिंह मरावी, सोनाली कुसराम, दीपक मरकाम, भागवती आर्मो ,प्रमोद ताराम, वीरेंद्र सिंह धुर्वे ,राजेंद्र धुर्वे बोहरन सिंह कुसरे ,धन सिंह कुसरे ,पवन सिंह कुसरे ,बालाघाट से भुवन सिंह कोराम भरत लाल मडावी, बैहर से सुख सिंह नेताम ,बीरन सिंह मेरावी,हरिश्चंद्र पंद्रे एवम् अन्य सामाजिक सगाओ की उपस्थिती रही।



# शिवाजी महाराज की जयंती पर निकाली गई इतवारी बाजार से रैली

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर इतवारी बाजार स्थित जैविक कृषि मंडी से एक रैली का आयोजन किया गया जिसमे कुछ युवाओं द्वारा इतवारी बाजार से रैली निकाल कर प्रमुख चौक चौराहा का भ्रमण करते हुए पुन: इतवारी बाजार जैविक कृषि मंडी स्थित शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थल पर जाकर समाप्त हुई। आपको बता दे की मराठा साम्राज्य की स्थापना करने वाले महान वीर योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती 19 फरवरी को पूरे धूमधाम के साथ जिले



सहित ग्रामीण अंचलों में भी मनाई गई, जिसमें सभी छत्रपति शिवाजी महाराज को मानने वाले समर्थकों द्वारा अपने-अपने स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन जिले सहित ग्रामीण अंचलों में किया गया जिसमें कुछ युवाओं द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर स्थानीय इतवारी बाजार स्थित कृषि जैविक मंडी की शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थल से एक रैली का आयोजन किया गया, जिसमें कुछ छात्र-छात्रा व शिवाजी महाराज को मानने वाले समर्थकों द्वारा मेन रोड से पैदल चलते हुए शिवाजी महाराज के जयकारों के साथ यह रैली निकाल कर काली पुतली चौक होते हुए अंबेडकर चौक से गोंदिया रोड होते हुए पुन- इतवारी बाजार जैविक कृषि मंडी में जाकर यह रैली समाप्त हुई जिसमें प्रमुख रूप से जैनेंद्र कटरे , राजेश गोमासे , गजेंद्र भारद्वाज सहित युवा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती

## अन्तरज्जिय हॉफ मैराथन दौड़ और संस्कृतिक कार्यक्रमों के किए गए आयोजन, जबलपुर के कृष्ण कुमार, तो नागपुर की तेजस्वी रहे दौड़ में प्रथम





बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। हिंदवी स्वराज के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक समारोह के 350 वर्ष पूरे होने और 19 फरवरी को उनकी जयंती के अवसर पर जिले में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए गए ।जहां छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाकर, उनकी जीवनी का बखान किया गया ।इस अवसर पर नगर में हिंदवी स्वराज 350 वर्ष समारोह आयोजन समिति द्वारा केसरी अन्तरज्जिय हॉफ मैराथन दौड़ और एक शाम शिवाजी के नाम सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।जयंती विशेष पर सोमवार की सुबह आयोजित यह अन्तरज्जिय हाफ मैराथन दौड़ प्रतियोगिता नगर के इतवारी बाजार स्थित छत्रपति शिवाजी चौक प्रतिमा स्थल से कायदी वैष्णो देवी मंदिर और वहां से वापस छत्रपति शिवाजी चौक पहुंची। जहां प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले महिला पुरुष धावकों को पुरस्कार का वितरण किया गया। तो वही शाम को छत्रपति शिवाजी महाराज की याद में एक शाम शिवाजी के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें रंग-रंग कार्यक्रम में नृत्य गीत संगीत के माध्यम से छत्रपति शिवाजी महाराज की जीवनी का बखान कर उनका गुणगान किया गया ।अंत में पुरस्कार वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### नागपुर की तेजस्वी तो वहीं जबलपुर के कृष्ण कुमार ने पाया प्रथम स्थान

छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर हिन्दवी स्वराज 350 वा वर्ष समारोह आयोजन समिति द्वारा आयोजित इस अन्तरज्जिय हाफ मैराथन दौड़ प्रतियोगिता में हर उम्र के प्रतिभागियों ने भाग लिया। जहां प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले महिला पुरुष धावकों को पुरस्कार स्वरूप नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। जहां इस प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग से जबलपुर के धावक कृष्ण कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया ।जिस पर उन्हें आयोजको द्वारा 10001 रुपए का नगद इनाम दिया गया। तो वहीं पुरुष वर्ग में जबलपुर के ही करण नागेश्वर ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर 5001 रुपए का इनाम प्राप्त किया। इसी तरह गोंदिया के राजेंद्र शांडिल्य ने इस दौड़ में तीसरा स्थान प्राप्त कर 3001 रु का इनाम प्राप्त किया। तो वही महिला वर्ग में नागपुर महाराष्ट्र से बालिका धावक तेजस्वी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 10001 का इनाम प्राप्त किया। तो वही भोपाल से वर्षा टेकाम ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर 5001 रुपए का इनाम प्राप्त किया। इसी तरह भंडारा से भगवती ने तृतीय स्थान प्राप्त कर 3001 रुपए का नगर इनाम प्राप्त किया ।आपको बताएं कि इस प्रतियोगिता में 250 से अधिक धावकों ने हिस्सा लिया था।

### उन्होंने कभी हार नही मानी- एलकर

अयोजित कार्यक्रम को लेकर मुख्य वक्ता श्रीमती लता एलकर में बताया कि स्वराज्य की स्थापना करने वाले,तेजस्वी,कुशल रणनीतिकार,जिन्होंने गुरिल्ला युद्ध निजाद किया,जिनका जीवन चरित्र आज हर एक युवा को आत्मसात करना ही चाहिए, जिन्होंने कभी युद्ध में हार नही मानी, मुगल, पुर्तगाली, डच, अंग्रेजो से लड़ते हुए स्वराज्य की स्थापना की।

### उन्होंने अपनी मां के लिए स्वराज्य की स्थापना की- भारद्वाज

वही कार्यक्रम संयोजक गजेंद्र भारद्वाज ने युवाओं से आग्रह किया कि हमे भी वर्तमान समय में अपने इतिहास के महापुरषों का जीवन चरित्र पढ़ना चाहिए,अनेक राजाओं ने अपनी पत्नी के लिए महल बनवाया,किंतु छत्रपति शिवाजी महाराज में अपनी मां के लिए स्वराज्य की स्थापना की,अपनी प्रजा में राष्ट्रप्रेम के साथ अनुशासन स्थापित किया, हम सभी श्रीमंत छत्रपति शिवाजी महाराज को प्रणाम करते है। सभी मैराथन धावकों को हिंदवी स्वराज्य 350 वा वर्ष समारोह आयोजन समिति के द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज जी की जीवनी से संबंधित पुस्तक भेंट की गई ।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा नेत्री राष्ट्रीय विचार मंच की संयोजिका श्रीमती लता एलकर,भाजपा वरिष्ट नेता अभय सेठिया,नपा अध्यक्ष भारती सुरजीत सिंह ठाकुर, कार्यक्रम सयोजक गजेन्द्र भारद्वाज,सह संयोजक जैनेन्द्र कटरे, सुनील खटोले,रमाकांत डहाके, राजेश गोमासे, योगराज टेंभर, सुमित चौरे, विजय पीपलेवार, सुरेंद्र चक्रवर्ती, अखिलेश चौरे, संजू वराडे, रंजीत गोयल, जितेन्द्र सिंह राजपुत, अक्षय ठाकरे, नागसेन वैध,जय गिरी, हिमांशू चौकसे, दीपक लिल्हारे,सिद्धार्थ बाजपेई, सहित अन्य बालाघाट के राष्ट्र प्रेमी उपस्थित रहे।


# राष्ट्रीय युवा संसद कार्यक्रम संपन्न

## भाषण प्रतियोगिता का वर्चुअल मोड में हुआ आयोजन



बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। नेहरू युवा केन्द्र बालाघाट (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार)के तत्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई बालाघाट के सहयोग से शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट में राष्ट्रीय युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया ।कार्यक्रम में सुधीर सिंह उप निदेशक नेहरु युवा केन्द्र बालाघाट ने सभी प्रतिभागियों एवम अतिथियों का स्वागत किया वही प्रतियोगिता के नियमों की वर्चुअली जानकारी दी गई। इस अवसर पर सी आर जंघेला लेखा एवम कार्यक्रम पर्यवेक्षक नेहरू युवा केंद्र बालाघाट ने पूरे कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी एवम कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला ।इस कार्यक्रम में बालाघाट जिले सहित सिवनी,मंडला और छिंदवाड़ा जिले के प्रतिभागियों ने प्रतिभागिता में भाग लिया। बताया जा रहा है कि इस युवा संसद में शामिल जिले से प्रथम एवम द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी विजेताओं को राज्य स्तरीय युवा संसद कार्यक्रम के लिए भेजा जाएगा। इस कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ पी आर चंदेलकर प्राचार्य शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट रहे साथ ही भूपेंद्र सोहागपुरे और मोहित राणा सदस्य जिला सलाहकार समिति नेहरू युवा केन्द्र बालाघाट, रहे इनके अलावा कार्यक्रम के दौरान कुंवर विक्रम सिंह आकाशवाणी प्रभारी बालाघाट, डॉ वाय वी कस्बे पूर्व प्राचार्य महाविद्यालय, प्रणव श्रीवास्तव, राजकोमल बिसेन, अजय सिंह बेस केंद्रीय संचार ब्यूरो , डॉ दुर्गेश अगासे, डॉ रानू राहंगडाले कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित रहे तो वही शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट ने पूरे कार्यक्रम का सफलता पूर्वक संचालन कर भरपूर सहयोग प्रदान किया ।इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में राहुल पटले, नवीन पटले , कु रेणुका राउत, श्री सुनील कावरे की सराहनीय भूमिका रही।

# संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज को श्रद्धांजली अर्पित करेगी सनातन महासभा



बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। सनातन सभा अध्यक्ष महेश खजाँची एवं महामंत्री अभय सेठिया ने सँयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि परम पूज्य संत शिरोमणि 108 आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के देवलोकगमन पर दिनांक 20 फरवरी 2024 को समय दोपहर 3 बजे सिंधु भवन सर्किट हाउस रोड बालाघाट में भाव पूर्ण श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई है ।जिसमे समस्त सनातन धर्मावलंबियों की उपस्थिति प्रार्थनीय है।

# छत्रपति शिवाजी महाराज हमारे समाज के गौरव है - ज्ञानीराम

## खारी में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती






लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग ६ किमी. दूर ग्राम पंचायत खारी के स्कूल चौक में प्रगतिशील कुनबी समाज खारी के तत्वाधान में मराठा साम्राज्य की नींव रखने वाले भारत के महान राजा छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। यह जयंती कार्यक्रम हनुमानप्रसाद ठाकरे के मुख्य आतिथ्य, महेश महेरकर की अध्यक्षता एवं प्रगतिशील कुनबी समाज लालबर्रा ब्लाक के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानीराम पडोरे, खारी सरपंच प्रतिनिधि कैलाश नखाते, खारी अध्यक्ष तिलकराम अंगुरे, मदनलाल बारेकर, कमलेश बाहेश्वर, मेखराम गोंदुड़े के विशेष आतिथ्य में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने स्कूल चौक स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया एवं उनके बताये मार्ग पर चलने का सभी ने संकल्प लिया। जिसके बाद मंचीय कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर आर्मी में १७ साल सेवा देकर सेवानिवृत्त होने वाले ग्राम खारी के जवान कृष्णाकुमार पिता स्व. रामाजी बहरे का शाल, श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। जिसके बाद संबोधन कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपस्थित अतिथियों ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज मराठा साम्राज्य की स्थापना करने वाले महान वीर योध्दा है जिनकी वीरगाथाएं इतिहास के पन्नों पर दर्ज है, आज उनकी जयंती पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाई जा रही है। इसी कड़ी में लालबर्रा के खारी में भी प्रगतिशील कुनबी समाज के द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाई गई है। जिन्होने मुगलों के खिलाफ कई युध्द लड़े और उन्हे परास्त किया है इसलिए हम सभी को उनके बताये मार्ग पर चलकर समाज व देशहित में काम करना चाहिए। प्रगतिशील कुनबी समाज लालबर्रा ब्लाक के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानीराम पडोरे ने बताया कि खारी में प्रगतिशील कुनबी समाज के द्वारा मराठा साम्राज्य के स्थापना करने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती धुमधाम से मनाई गई है और आज हमारे लिए हर्ष एवं गौरव का दिन है कि सभी लोग मिलकर एक साथ यह जयंती बना रहे है। साथ ही यह भी बताया कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने अपने देश के लिए अपनी जान को जोखिम में डालकर वह अन्य देशों के लिए भी कई युध्द एवं लड़ाई लड़े है देशहित के लिए और वे हमारे समाज के गौरव है। इसलिए शिवाजी महाराज की जयंती पर यही संदेश देना चाहते है कि सभी छत्रपति शिवाजी के आचरण व मार्गदर्शन पर चले जिससे समाज का उत्थान हो और समाज के गौरवशाली आज के युग के बज्चे हैं वह सभी बज्चें भी उनके बताये मार्ग को आत्मसात करे और शक्तिशाली मन से समाज को आगे बढ़ाये। इस अवसर पर मोहन नखाते, फागुजी भोयर, महेश शेण्डे, बेनीराम शेण्डे, जोशीराम हलकर, ईशाजी हलकर, मुरलीधर लानगे, घासीराम लानगे, यादोराव हलकर, गजेन्द्र सार्वे, किशोर सार्वे, कृष्णकुमार बहरे, दिनेश सपाटे, मंशाराम लानगे, महेश हलकर, कोमल लानगे, राधेश्याम हलकर, श्रीमती कौतिकाबाई भोयर, शीला तुमसरे, कांता नखाते, हिरूबाई हलकर, चांगुला हलकर, वंदना तुमसरे, येसुका मोहतुरे सहित स्वजातीय बंधु एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# खिर्री में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर हुए विभिन्न कार्यक्रम

## रैली में छत्रपति शिवाजी महाराज की जीवंत झांकी रही आकर्षण का केन्द्र

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग ९ किमी. दूर ग्राम पंचायत खिर्री में प्रगतिशील कुनकी समाज खिर्री के तत्वाधान में १९ फरवरी को छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। यह जयंती कार्यक्रम प्रगतिशील कुनबी समाज खिर्री के पदाधिकारियों की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर डीजे की धुन पर ग्राम से छत्रपति शिवाजी महाराज की जीवंत झांकियों के साथ भव्य रैली निकाली गई और यह रैली ग्राम खिर्री एवं खारी का भ्रमण करते हुए खारी स्कूल चौक स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज के प्रतिमा स्थल पहुंची। जहां उपस्थितजनों ने मराठा साम्राज्य की स्थापना करने वाले महान वीर योध्दा छत्रपति शिवाजी महाराज के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया और उनके द्वारा देश हित में किये गये कामों को याद करते हुए उनके बताये मार्ग पर चलने का सभी ने संकल्प लिया। इस दौरान रैली में डीजे की धुन पर युवक-युवतियों ने नृत्य भी किया गया साथ ही रैली में छत्रपति शिवाजी महाराज की जीवंत झांकी आकर्षण का केन्द्र रही। खारी में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद सभी ग्रामीणजन रैली के माध्यम से ग्राम खिर्री स्थित कार्यक्रम स्थल पहुंचे जहां विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रगतिशील कुनबी समाज के पदाधिकारियों ने मराठा साम्राज्य की नींव रखने वाले भारत के महान राजा छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवनगाथाओं पर प्रकाश डालते हुए उनके बताये मार्ग पर चलने की बात कही। साथ ही शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि सभी को अपने बज्चों को अज्छी शिक्षा प्रदान करना चाहिए क्योंकि वे देश के भविष्य है और उन्हे हमारे महापुरूषों के बारे में भी बताये कि उन्होने हमारे देश व समाज के लिए क्या-क्या किया है ताकि वे भी समाजोत्थान व देशहित में बेहतर काम सके और हम सभी को भी संगठित होकर समाजोत्थान के क्षेत्र में बेहतर काम करना चाहिए। इस अवसर पर प्रगतिशील कुनबी समाज खिर्री के पदाधिकारीगण एवं स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे।





# बकोड़ा में शिविर लगाकर खाद्यान्न पर्ची में जिनके नाम नही है ऐसे बच्चों एवं ग्रामीणों के जोड़े गये नाम

मेनेजमेंट सिस्टम में शासन द्वारा अधिकृत २८ श्रेणियों जैसे अंत्योदय, बीपीएल राशन कार्डधारी, गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करने वालों को शासन की नि:शुल्क अन्न योजना के तहत उचित मूल्यों की दुकानों से खाद्यान्न का वितरण किया जाता है परन्तु छोटे बज्चें, दुसरे गांव से शादी होकर आई महिलाओं के नाम खाद्यान्न पर्ची में नही होने के कारण उन्हे राशन नही मिलता है। जिसके कारण वे नि:शुल्क राशन वितरण योजना से वंचित है। इसी तरह ग्राम पंचायत बकोड़ा में भी छोटे बज्चें, ग्रामीण एवं जो बाहर से शादी होकर आई महिलाओं के नाम खाद्यान्न पर्ची में पात्रता रखने के बाद भी नही होने के कारण उन्हे खाद्यान्न नही मिल रहा है जिसकी शिकायत उनके द्वारा पंचायत से की गई थी। ग्राम पंचायत बकोड़ा सरपंच श्रीमती पुष्पा श्रीराम नागेश्वर के द्वारा जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी को उक्त समस्या से अवगत करवाकर पंचायत में शिविर आयोजित कर राशन सामग्री वितरण एवं ई-राशन कार्ड मेनेजमेंट सिस्टम में शासन द्वारा अधिकृत २८ श्रेणियों के अंतर्गत पात्रता रखने वाले हितग्राहियों को जोड़ने एवं पूर्व से पात्रताधारी राशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों के परिवारों की सदस्य के नाम जोड़ने की मांग की थी। इसी परिपेक्ष्य में १९ फरवरी को खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण बालाघाट के द्वारा शिविर आयोजित कर राशन सामग्री वितरण एवं ई-राशन कार्ड मेनेजमेंट सिस्टम में शासन द्वारा अधिकृत २८ श्रेणियों के अंतर्गत पात्रता रखने वाले हितग्राहियों को जोड़ने एवं पूर्व से पात्रताधारी राशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों के परिवारों की सदस्य के नाम जोड़ने का कार्य किया गया। वही अधिकांश महिलाएं जो मायके से ससुराल आये है उनका नाम मायके से नही कटने एवं बज्चों का आधार लिंक नही होने के कारण खाद्यान्न पात्रता पर्ची में नाम जोड़ने में कठिनाई आ रहे है ऐसी महिलाओं को जल्द मायके से नाम कटवाने एवं बज्चों का आधार नंबर को लिंक करवाने की समझाईश दी गई है ताकि सभी का नाम जुड़ सके। चर्चा में ग्राम पंचायत बकोड़ा सरपंच श्रीमती पुष्पा नागेश्वर ने बताया कि नि:शुल्क राशन वितरण योजना के तहत पात्रताधारी को खाद्यान्न का वितरण किया जाता है परन्तु ग्राम में जो बहुएं मायके से ससुराल आई है उनका नाम ६ से ७ वर्षों से राशन कार्ड एवं खाद्यान्न पात्रता पर्ची में नाम नही जुड़ा है एवं उनके बज्चों का भी नाम नही जुड़ा है इसलिए खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण बालाघाट के द्वारा शिविर आयोजित करवाकर उन परिवारों को समझाईश देकर बहुओं का नाम मायके से नही कटा है, कई बज्चों का आधार लिंक नही है। इस तरह बहुत सारी त्रुटियां सामने पाई गई जिस पर पंचायत स्तर पर उनका समाधान किया जा रहा है और खाद्य विभाग के अधिकारियों के द्वारा जिनका नाम मायके से कट चुका है, बज्चों का आधार नंबर लिंक है एवं किसी कारणवंश किसी का नाम नही जुड पाया है उनका नाम खाद्यान्न पर्ची में जोड़ा गया है। साथ ही जिनका नही जुड़ा है उन्हे जो त्रुटियां सामने आई है उसमें सुधार करने कहा गया है ताकि उनका भी नाम जुड़ जाये और वे नि:शुल्क राशन वितरण का लाभ ले सके। श्रीमती नागेश्वर ने बताया कि पात्रता रखने वाले हितग्राहियों से ई-राशन कार्ड मेनेजमेंट सिस्टम में आधार कार्ड, समग्र आईडी, लिंक करवाने का प्रयास कर रहे है और जिस हितग्राही को राशन नही मिल रहा है उनका समाधान शीघ्र किया जायेगा इसलिए हितग्राहियों से अपील है कि खाद्यान्न पर्ची में नाम जोड़ने के लिए जो प्रक्रिया है उसका पालन कर नि:शुल्क राशन वितरण योजना का लाभ ले। इस अवसर पर ग्राम पंचायत बकोड़ा सरपंच श्रीमती पुष्पा नागेश्वर, खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग बालाघाट के आपरेटर मोहसिन कुरैशी सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



# राष्ट्रीय कब/बुलबुल उत्सव में शामिल होने लोहारा माध्यमिक स्कूल के बच्चों का दल हुआ रवाना

## हरियाणा के गदपुरी में आयोजित ५ दिवसीय कार्यक्रम में लोहारा स्कूल के स्काउट गाइड के कब और बुलबुल के बच्चें होगें शामिल






लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत लोहारा स्थित शासकीय एकीकृत माध्यमिक स्कूल के स्काउट गाइड के कब/बुलबुल दो युनिट लीडर १८ फरवरी को हरियाणा गदपुरी में आयोजित राष्ट्रीय लेवल कब बुलबुल उत्सव में शामिल होने के लिए रवाना हुए है। जहां ५ दिवसीय आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर अपनी प्रतियोगिता का प्रदर्शन करेगें साथ ही विभिन्न गतिविधियों के बारे में उन्हे प्रशिक्षण भी दिया जायेगा। चर्चा में कब मास्टर हरिप्रसाद देशमुख ने बताया कि राष्ट्रीय लेवल कब बुलबुल उत्सव गदपुरी हरियाणा में १९ फरवरी से प्रारंभ हो चुका है जिसमें भाग लेने के लिए एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला लोहारा से १८ फरवरी को जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी कुमार उपाध्याय के आदेश अनुसार व संकुल प्राचार्य श्रीमती शकुंतला भारतकर शासकीय उज्चतर माध्यमिक विद्यालय नेवरगांव वा. के निर्देशानुसार एवं राज्यस्तर पर जिला संगठन आयुक्त इनेंद्र डहरवाल के प्रयास से लोहारा के ६ कब और ६ बुलबुल दो यूनिट लीडर रवाना हुए है और यह उत्सव १९ फरवरी से २३ फरवरी तक राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र गदपुरी हरियाणा में आयोजित किया जा रहा है। साथ ही यह भी बताया कि शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला लोहारा का चयन लगातार दूसरी बार प्रदेश स्तर पर हुआ है जिसका श्रेय कब मास्टर हरिप्रसाद देशमुख व श्रीमती सरिता देशमुख को जाता है। श्री देशमुख ने बताया कि इस उत्सव में देश के सभी राज्यों के कप बुलबुल भाग ले रहे हैं जिसमें ध्वज शिष्टाचार, विशाल गर्जना ,बड़ी सलामी ,बुलबुल ट्री फैंसी ड्रेस, जंगल डांस, मोगली की कहानी, तारा की कहानी, कमांडो ब्रिज, सांस्कृतिक प्रतियोगिता कल कुंडी हस्तकला कब मीटिंग आदि प्रतियोगिताओं आयोजित की जा रही है। जिनमें सभी को राज्य स्तर का प्रतिनिधित्व कर भाग लेना होगा। साथ ही यह भी बताया कि इस राष्ट्रीय कब/बुलबुल उत्सव कार्यक्रम से बज्चों को घर से बाहर कैसे रहना है, विभिन्न जाति भाषा व सामाजिक परिवर्तन को जानने का मौका मिलेगा और ५ दिन रहकर कार्यक्रम में भाग लेगें। इस शिविर में कब मास्टर हरिप्रसाद देशमुख, फ्लाक लीडर श्रीमती सरिता देशमुख, कब आर्यन पटले, अभिषेक पटले, भव्य पटले ,वीर बोरकर, प्रियांशु चौधरी, कृकिष बान्सुरे व बुलबुल रागिनी पटले, अश्विनी पटले, गुंजन पटले, भावी टेम्भरे, अनामिका चौधरी, सौम्या रगड़े शामिल हैं। शासकीय एकीकृत माध्यमिक स्कूल लोहाच के ६ कब और ६ बुलबुल का राष्ट्रीय लेवल में आयोजित कब-बुलबुल उत्सव कार्यक्रम के लिए चयन होने पर शासकीय एकीकृत माध्यमिक स्कूल लोहारा की प्रधानाध्यापक सत्यप्रकाश डोंगरे, श्रीमती आशा ठाकरे, आनंद लांजेवर, भुनेंद्र ऐड़े, प्रेमचंद मेश्राम ,धनवंता कड़पेती, कमलाबाई वाट, अनीता भालेकर, सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी बेनेंद्रसिंह टेम्भरे, पूर्व सरपंच भावेश टेम्भरे, सरपंच धनेद्र कडपेती, जनपद सदस्य श्रीमती ममता रावत, जिला पंचायत सदस्य डुलेंद्र ठाकरे, पूर्व जनपद सदस्य श्रीमती आशा देशमुख, पूर्व सरपंच धनेंद्र पटेल, जिला प्रशिक्षण आयुक्त डोलीराम भगत, जिला सचिव राजकुमार टेम्भरे, जिला कोषाध्यक्ष भेजेंद्र चौधरी, गाइड कैप्टन श्रीमती लक्ष्मी पटले, श्रीमती नीता बोपचे संकुल नेवरगांव वा., बीआरसी श्रीराम तुरकर ने सभी को शुभकामनाएं देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# बड़ा तालाब और तारीख पर तारीख

## विधायक और प्रशासनिक अधिकारियों के दावे निकले खोखले

कटंगी (पद्मेश न्यूज)। कटंगी शहर के बड़े तालाब का जीर्णोद्धार और सौन्दर्यीकरण की बातें अब धीरे-धीरे ठंडे बस्ते में जाने लगी है. विधायक गौरव सिंह पारधी, नगर परिषद अध्यक्ष योगेन्द्र ठाकुर और प्रशासनिक अधिकारियों ने इस तालाब का सीमाकंन जल्द करवाने का दावा किया था, लेकिन करीब 01 माह से भी अधिक का वक्त बीतने के बाद भी तालाब का सीमांकन नहीं हो पाया है जबकि तालाब के सीमाकंन को लेकर खुब शोर मचाया गया. विधायक और नपा अध्यक्ष ने मीडिया से बड़े-बड़े दावे तक किए. विधायक स्वयं तालाब के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण के लिए लगातार दावे करते रहे और एक नहीं बल्कि कई मौकों पर यह कहते हुए सुने गए की शीघ्र ही तालाब का काम शुरू होगा. मगर, ताजुब की बात तो यह है कि तालाब का कार्य तो छोड़िए आज तक सीमाकंन नहीं हो पाया है. नगर परिषद अध्यक्ष ने दावा किया था कि केवल दो करोड़ रुपए की लागत से तालाब का सौन्दर्यीकरण नहीं हो सकता इसलिए विधायक गौरव सिंह पारधी के साथ केन्द्रीय शहरी विकास मंत्री से मुलाकात कर बजट बढ़ाने की कोशिश कर रहे है किन्तु इन तमाम दावों और चर्चाओं पर अब अंकुश लग चुका है. गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है और शायद ऐसा लग रहा है कि इस बार भी केवल चर्चाओं और दावों के बीच ही तालाब सिमट कर रह जाएगा।



### 37 एकड़ से अधिक हिस्से में फैला तालाब

सरकारी दस्तावेजों के मुताबिक नगर का ब्रड़ा तालाब 37 एकड़ से अधिक हिस्से में फैला हुआ है और इस तालाब का सौन्दर्यीकरण और जीर्णोद्वार के लिए अब तक करीब 04 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत हो चुकी है. पहले दो करोड़ रुपए की मुख्यमंत्री अधोसंरचना मद की राशि नगर परिषद ने शहर की सड़कों और नालियों के निर्माण में खर्च कर दी. वहीं करीब 07 साल पहले राज्य सरकार ने फिर से 02 करोड़ रुपए की राशि की घोषणा की थी जिसमें 01 करोड़ रुपए की राशि नगर परिषद को प्रदान की जा चुकी है लेकिन इन सात सालों में नगर परिषद तालाब का जीर्णोद्धारा नहीं करवा पाई. दरअसल, इस तालाब में रसूखदारों ने अतिक्रमण कर लिया है ऐसी जनचर्चा हमेशा से ही बनी हुई है. इस जनचर्चा पर विराम लगाने और तालाब का सौंदर्यीकरण करने के लिए सबसे पहले तालाब का सीमांकन कराना जरूरी है. मगर ना जाने क्यों बार-बार सीमांकन का कार्य अटक जाता है।

### 01 माह से अधिक का समय बीता

बता दें कि तालाब के जीर्णोद्धार को लेकर जब चर्चाओं का दौर शुरू हुआ तो स्वयंभु पर्यावरण प्रेमी विधायक गौरव सिंह पारधी ने 28 दिसबंर 2023 को बड़े तालाब का पैदल जमीनी सर्वे किया. इस दौरान उन्होंने ऐसा दिखाने की कोशिश की जैसे वह तालाब को लेकर बेहद गंभीर है उन्होंने कहा कि तालाब को नया स्वरूप कैसे दिया जाए इसलिए सर्वे किया गया. सीएमओ ने तालाब के सीमाकंन के लिए आवेदन कर दिया है जल्द ही सीमाकंन का कार्य शुरू होगा. इस जमीनी सर्वे के बाद 13 जनवरी को राजस्व निरीक्षण और 06 पटवारियों का दल तालाब का सीमाकंन करने के लिए पहुंचा परंतु तालाब में झाड़ियों का हवाला देकर सीमाकंन को एक सप्ताह के लिए टाल दिया गया और नगर परिषद से एक सप्ताह के भीतर तालाब की पार की झाड़ियों की सफाई करने के लिए कहा गया. एक सप्ताह पूरा होने के बाद पुन: सीमाकंन तो शुरू नहीं हुआ इस बीच गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को विश्राम गृह में विधायक ने प्रेसवार्ता कर फिर तालाब को लेकर बड़े दावे कर दिए और कहा कि अब जल्द आधुनिक तरीके से सीमाकंन करवाया जाएगा. ईटीएस मशीन से सर्वे का काम होगा. 03 फरवरी को फिर राजस्व की टीम तालाब में सीमाकंन करने के लिए पहुंची और तालाब की सीमाएं निर्धारित की गई इसके बाद बालाघाट से ईटीएस मशीन संचालित करने वाले कर्मचारी आए लेकिन पूरा दिन ऐसे ही गुजार दिया. जिसके बाद से लेकर अब तक तालाब का सीमांकन का कार्य शुरू नहीं हो पाया है. जिससे साफ होता है कि तालाब के जीर्णोद्धार को लेकर विधायक, नपा अध्यक्ष और प्रशासनिक अधिकारी केवल दावे कर रहे है इनकी मंशा में खोट नजर आता है।

# नवीनीकरण से शेष रहें एकल समूहों लॉटरी के माध्यम से होगी निष्पादित

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। बालाघाट जिले में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए नवीनीकरण से शेष रहें 11 एकल समूहों की कुल 35 मदिरा दुकानों के निष्पादन के प्रक्रिया प्रारम्भ हुई है। जिला आबकारी अधिकारी श्री एसके उरांव ने बताया कि 1 अप्रैल 24 से 31 मार्च 25 की अवधि में निष्पादन के लिए 19 फरवरी से 22 फरवरी 24 शाम 6 बजे लॉटरी के माध्यम से कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित जिला समिति द्वारा किया जाएगा।

# जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 21 फरवरी को

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 21 फरवरी बुधवार को दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी।

कंजई में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबैंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# रेंजर के नाम पूर्व श्रमिकों ने कार्य पर वापस लेने सौंपा ज्ञापन

## वन विभाग पर न्यायालय के आदेश का उल्लंघन करने का लगाया आरोप



वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। दक्षिण सामान्य वन परिक्षेत्र कार्यालय में पूर्व श्रमिकों के द्वारा वन परिक्षेत्र वारासिवनी रेंजर के नाम का ज्ञापन सौंपकर माननीय श्रम न्यायालय जबलपुर तथा आपके द्वारा पेश की गई याचिका में दिए गए आदेश तथा श्रम न्यायालय के द्वारा दिए गए अवार्ड एवं निर्णय के अनुसार काम पर पुनर्स्थापित करने की मांग की गई। वहीं न्यायालय द्वारा दिए गए आदेश का पालन ना कर न्यायालय के आदेश की अवहेलना का वन विभाग पर आरोप लगाया गया है। ज्ञापन में उल्लेखित है कि उक्त १८ श्रमिक आवेदक पूर्व में वन विभाग वारासिवनी की नर्सरी में श्रमिक के पद पर कार्यरत थे। जिन्हे वर्ष १९८८ में तत्कालीन वन परिक्षेत्र वारासिवनी के अधिकारी के द्वारा नोटिस दिए बगैर काम से बंद कर दिया गया था। उक्त विषय को लेकर विरोध स्वरूप श्रम अधिकारी बालाघाट के सामने यह प्रकरण रखा गया। जिसके द्वारा विवाद को राज्य शासन को न्याय दिलाने हेतु रिफर कर दिया गया था। जिसमें श्रम न्यायालय जबलपुर के द्वारा सुनवाई शुरू कर उक्त केस का अवार्ड पारित किया गया। जिसमें १९ अप्रैल १९९१ को अपने घोषित अवार्ड में श्रमिकों के पक्ष में आदेश दिया गया कि उन सभी को पुनर्स्थापित कर पिछला वेतन का भुगतान किया जायें। जिसका पालन ना होने पर १९९२ में उच्च न्यायालय जबलपुर में याचिका प्रस्तुत की गई। जिस पर १६ दिसंबर २००४ को श्रम न्यायालय जबलपुर के आदेश को उचित मानकर पुनर्विचार करने वापस भेज दिया गया जिसमें २ दिसंबर २००८ को अवार्ड घोषित किया गया। जिसमें पिछला वेतन देने के आदेश को संशोधित कर २५ प्रतिशत वेतन पाने की पात्रता प्रथम पक्ष श्रमिकों रहेगी। तथा इस आदेश के तहत ९० दिवस में वेतन अदा करने का आदेश दिया गया। इसमें वर्ष १९९१ के निर्णय को लेकर वन विभाग ने आदेश के खिलाफ उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई थी। जिसमें २००८ के निर्णय में संशोधन हुआ इसके बाद उच्च न्यायालय जबलपुर में मध्य प्रदेश शासन एवं वन विभाग की पिटीशन शासन व अन्य बनाम पुरुषोत्तम व अन्य प्रस्तुत किया गया था। जिसमें उच्च न्यायालय जबलपुर के द्वारा २३ जनवरी २०२० को संशोधित आदेश को निरस्त करते हुए औद्योगिक न्यायालय के आदेशों को यथावत रखा। तथा अपने आदेश में यह भी उल्लेखित किया गया कि उत्तरवादी गणों की सेवा पुन: स्थापित करें तथा उन्हें उनका वेतन अभिलंब प्रदान करें। जिसको लेकर लगातार सभी के द्वारा वन विभाग और मंत्रालय के चक्कर लगाए जा रहे हैं परंतु कोई उच्च न्यायालय के आदेश पर कार्यवाही ना करते हुए आदेश का उल्लंघन वन विभाग के द्वारा किया जा रहा है। हम यही चाहते हैं कि श्रम न्यायालय जबलपुर तथा माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर की पिटीशन शासन व अन्य बनाम पुरुषोत्तम व अन्य में पारित आदेश २३ जनवरी २०२० के परिपेक्ष में सभी आवेदक गणों को उक्त आदेश के अनुरूप काम पर पुनर्स्थापित किया जायें। इस अवसर पर पुरुषोत्तम डोंगरे, सुशीला बाई, देवकन बाई मरार, सकीना शेख, कांताबाई लोधी, सुखलाल बिसेन, भंडारी लाल मरार, इंद्र कला बाई सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### वन विभाग कोर्ट के आदेशो का पालन नहीं कर रहा है-पुरुषोत्तम डोंगरे



पुरुषोत्तम डोंगरे ने पद्मेंश से चर्चा में बताया कि हम सन १९८८ के पहले से वन विभाग की नर्सरी में काम करते थे तो हमें १९८८ में बंद कर दिया गया था। इसके संबंध में हमने आवेदन वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को दिए थे वहीं हाई कोर्ट में भी केस दायर किया था जिसमें हम जीत गए हैं। आदेश हमारे पक्ष में हो गया है और यह एक बार नहीं वर्ष १९९१, २००६,२००७,२०२० चार बार न्यायालय के द्वारा हमारे पक्ष में निर्णय दिया गया है। परंतु वन विभाग के द्वारा इन निर्णय का पालन नहीं किया जा रहा है ,इसमें यही निर्णय हुआ है कि हमें काम पर वापस लेकर बैठी मजदूरी का भुगतान किया जायें। जिसके लिए हम आज ज्ञापन देने आए थे तो अधिकारी कहते हैं कि वरिष्ठ अधिकारियों के पास जाओ ३५ वर्ष से हम भटक रहे हैं और हमारा जो कोर्ट ने आदेश जारी किया है उसका पालन नहीं हो रहा है।

### अनुकंपा नियुक्ति देने और रुका हुआ वेतन देने न्यायालय ने आदेश कर दिया-इंद्रकला बाई



इंद्रकला बाई ने बताया कि मैं शगुन बाई की बेटी हूं मेरी मां की मृत्यु हो चुकी है कर्मचारी के रूप में वह काम करती थी जिनका वारसान हम बन चुके हैं। हमारे पक्ष में निर्णय हैं मरने वालों के वारसान को लेकर अनुकंपा नियुक्ति देने और रुका हुआ वेतन देने के लिए न्यायालय के द्वारा आदेश कर दिया गया है। परंतु अधिकारियों के द्वारा न्यायालय के आदेश की अवहेलना की जा रही है। हम १८ लोग हैं जो लगातार शासन से गुहार लगा रहे हैं इसमें सात लोगों की मृत्यु हो चुकी है। परंतु अधिकारी कहते हैं हमने न्यायालय में अपना आवेदन दे दिया था। कि इनको हम काम पर नहीं रख सकते हैं इस प्रकार से आदेश का उल्लंघन किया जा रहा है।

# आवारा श्वान के आतंक से वार्डवासी चिंता में

## बीते दिवस ३ से ४ बच्चों को काटा श्वानों ने



वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। आवारा श्वानों के आतंक से नगर ही नही ग्रामीण क्षेत्रवासी भी परेशान है। यह श्वान कभी भी किसी पर हमला कर देते है। बीते दिवस वार्ड क्रमांक २ में भी आवारा श्वान ने कुछ बच्चों को काटकर घायल किया है। यह घटना १८ फरवरी की शाम को होना बताई जा रही है। वही १९ फरवरी को राहुल ठाकरे झालीवाड़ा निवासी को भी आवारा श्वानों ने काट दिया है। जिसका उपचार स्थानीय सिविल अस्पताल में चल रहा है। उक्त संबंध में पद्मेश ने जब दूरभाष पर सीएमओं नपा से चर्चा करनी चाही तो उनसे संपर्क नही हो पाया।

### आवारा श्वानों के कारण बच्चे नही खेल पा रहे मैदान में - संजय कोहाड़

पद्मेश को जानकारी देते हुये वार्ड नं.२ वासी संजय कोहाड़ ने बताया कि हमारे बच्चे मैदान में खेल नही पा रहे है। आवारा श्वानों का इतना आतंक है कि हम अपने बच्चों को बाहर खेलने देने में डरते है। हम यही चाहते है कि इन श्वान को जो लोग ने पाला है वे उनके गले में पट्टा लगाये। वही जो आवारा रूप से घूम रहे है उन्हे नगर पालिका पकड़कर लेकर जाये। दो दिवस पूर्व ही ३ से ४ बच्चों को आवारा श्वान ने काटा है।

### हमारे वार्ड में है आवारा श्वानों का आतंक - शानू खान

वही वार्ड नं.२ वासी शानू खान ने पद्मेश को बताया कि हमारे वार्ड में आवारा श्वानों का बहुत आतंक है। ६ माह पूर्व भी आवारा श्वानों के आतंक से कुछ बच्चे काटने से घायल हुये थे। आवारा श्वानों का आतंक मचा हुआ है। कुछ दिवस पूर्व आवारा श्वानों ने बच्चो को काटा है। हम लोग काफी परेशान है। हम यही चाहते है कि नगर पालिका इन्हे पकड़े ओर उनके उचित स्थान पर छोड़े। अभी भी देख सकते है कि ६ से ७ आवारा श्वानों की टोली घूम रही है।

### कान की तरफ किया आवारा श्वान ने हमला

इसी तरह झालीवाड़ा निवासी राहुल ठाकरे ने पद्मेश को बताया कि उसके सीधे कान के तरफ आवारा श्वान ने हमला किया है। जिसके कारण वे अपना उपचार कराने वारासिवनी सिविल अस्पताल आये है।

# कायदी में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन २ मार्च को

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत कायदी के जय बजरंग क्लब कायदी के तत्वावधान में एक दिवसीय डे नाईट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन २ मार्च को किया गया है। इस कबड्डी प्रतियोगिता में श्रीमती रेखा नगरगढ़े सरपंच कायदी व सुजीत सोनबिरसे की मौजूदगी में प्रारंभ किया जायेगा। जय बजरंग क्लब के अध्यक्ष अभिषेक दमाहे ने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रवेश शुल्क ३०१ रूपये रखा गया है। वहीं प्रथम ईनाम ८००० रूपये, द्वितीय ईनाम ५००० रूपये तथा तृतीय ईनाम ३००० रूपये रखा गया है। श्री दमाहे ने बताया कि यह आयोजन एक दिवसीय ही होगा। जो दिन व रात दोनो समय खेल आयोजित होगा। उक्त आयोजन ग्राम कायदी के बाजार चौक में स्थित हनुमान मंदिर के सामने मैदान में होगा। कबड्डी के दौरान एम्पायर का निर्णय सर्वमान्य रहेगा। हारे हुये खिलाडियों को दोबारा मौका दिया जावेगा, खिलाडी चोटिल होने पर वह स्वयं जवाबदार होगा। कबड्डी के मैंच मेट पर खेले जावेंगे। कार्यक्रम में भाग लेने की अपील अध्यक्ष अभिषेक दमाहे, उपाध्यक्ष धनेन्द्र दिघोरे,दिपेश वाघाडे, कोषाध्यक्ष मोहित चामलाटे, देवेन्द्र मर्सकोले, सचिव प्रिंस यादव, रोहन मर्सकोले, सहसचिव अंकेश चामलाटे, अभिषेक उइके ,रोहन मर्सकोले, नवीन उइके, देवेन्द्र मर्सकोले, इतेश गेडाम, रवि मसकरे, शुभम मसकरे, अजय उइके, चिंटू गीते, लक्की शिवने, कुणाल माहुले, तपेश हिवारे, सुमित राजपूत, सत्यम गजाम, आदित्य केलकर, अल्ताफ कुरैशी, सत्यम जगने ने की है।

# मदनुपर से कायदी को जोड़ने वाला पुलिया का होगा शीघ्र निर्माण

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। ग्राम पंचायत मदनपुर से कायदी जाने वाले मार्ग पर पड़ने वाले पुलिया का शीघ्र निर्माण होगा। बकायदा ग्राम पंचायत ने इस संबंध में प्रस्ताव ले लिया है। गौरतलब है कि कायदी जाने



वाले मार्ग पर एक पुलिया है जिससे १२ मासी पानी बहता है। इस पुलिया के निर्माण को लेकर ग्रामीण जन काफी समय से मांग कर रहे थे। जिसके बाद पंचायत हरकत में आयी ओर उसके द्वारा सड़क व पुलिया बनाने का प्रस्ताव १५ वे वित्त से स्वीकृत किया है।

### कायदी जाने के लिये है सीधा मार्ग - बालिकराम बिसेन

ग्रामीण बालिकराम बिसेन ने पद्मेश को बताया कि हम मदनपुर व कासपुर वासी के लिये अगर इस पुलिया का निर्माण हो जाये तो एक सौगात रहेगी। हम लोगों को कायदी जाने के लिये यह मार्ग सीधा है। बरसात के समय मार्ग पर कीचड़ रहता है। वही पुलिया भी नही है। यह ग्राम पंचायत मदनपुर की सरहद है। अगर सड़क व पुलिया बन जाये तो ग्रामीणों को काफी सुविधा होगी।

### हमने नाले पर पुलिया बनाने का लिया प्रस्ताव - सुनिल झिल्पे

ग्राम सरपंच प्रतिनिधि सुनिल झिल्पे ने पद्मेश को बताया कि हम लोगों के द्वारा जनपद व जिला पंचायत को समस्त पंचों की सहमति से एक प्रस्ताव भेजा गया है। हम चाहते है कि हमारी सरहद पर पड़ने वाले कायदी नाले व उसे जोड़ने वाली सड़क का शीघ्र निर्माण हो। हम लोगों को अगर कायदी जाना पड़ता है तो काफी घेराव होता है जिसकी दूरी करीब ८ से १० किलोमीटर होती है। अगर नाले पर पुलिया बन जायेगी तो यह दूरी मात्र २ किलोमीटर रह जायेगी। हम लोग कायदी से सीधा जुड़ जायेंगे।

# आचार्यश्री का ब्रम्हलीन होना देश व समाज के लिये अपूर्णीय क्षति-प्रदीप जायसवाल





वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। संत शिरोमणी जैनाचार्य विधासागर जी महाराज की समता पूर्वक समाधी के बाद सोमवार को भाजपा परिवार ने भावपूर्ण श्रंद्वाजलि सभा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जैन समाज के लोगो के साथ पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल एवं सभी भाजपाईयों ने विधासागर जी महाराज को याद कर भावपूर्ण श्रंद्वाजलि अर्पित की। पश्चात पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने श्रद्वासुमन अर्पित करने के बाद आचार्यश्री का ब्रम्हलीन होना देश व समाज के लिये अपूर्णीय क्षति बताया। लोगो में आध्यात्मिक जाग्रति के लिये उनके बहूमूल्य प्रयास सदैव याद किये जायेंगे। आचार्य श्री जीवन पर्यंत तक गरीबी उन्मूलन, गौ सेवा के साथ साथ समाज में स्वास्थ्य व शिक्षा को बढ़ावा देने के कार्य में जुटे रहे। उनके समान तप पुरी दुनिया में इस युग में कहीं और देखने को नही मिल सकता है। इस अवसर पर प्रदीप शरणागत ग्रामीण मंडल अध्यक्ष, श्रीमती निर्मला पटले पूर्व जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष,किरण शर्मा, मनोज दांदरे,राजू गोयल, हरिश जैरथ, शैलेन्द्र तिवारी, अमित येरपूडे, मोनू लिमजे, अंकित साहू,प्रवीण रूसिया, विक्की ऐडे, अमोल आचार्य, श्रीमती नितू अग्रवाल , श्रीमती भारती आडे, तुलसी शर्मा, श्रीति पालेवार, रीना कासल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# वारासिवनी अधिवक्ता संघ का निर्वाचन १५ मार्च को

## चुनाव अधिकारी ने विशेष सूचना एवं निर्वाचन कार्यक्रम किया जारी

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। अधिवक्ता संघ वारासिवनी निर्वाचन वर्ष २०२४ सभी पदों के लिए प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन के साथ विशेष सूचना जारी कर दी गई। यह सूचना निर्वाचन अधिकारी महेंद्र मिश्रा ,सहायक निर्वाचन अधिकारी रितेश शुक्ला के द्वारा जारी की गई। इसी के साथ न्यायालय परिसर में अधिवक्ता संघ निर्वाचन की आदर्श आचार संहिता लागू होने की घोषणा कर दी गई। इसी के साथ दो वर्षीय कार्यकाल के लिए अधिवक्ता संघ वारासिवनी के अध्यक्ष ,उपाध्यक्ष, सचिव, सह सचिव ,कोषाध्यक्ष ,ग्रंथपाल एवं कार्यकारिणी के १५ सदस्यों के लिए निर्वाचन प्रक्रिया ४ मार्च से प्रारंभ होगी वहीं मतदान मतगणना १५ मार्च को संपन्न की जायेगी। अधिवक्ता संघ वारासिवनी निर्वाचन वर्ष २०२४ के सभी पदों के निर्वाचन के लिए चुनाव कार्यक्रम में १९ फरवरी को अधिवक्ता संघ वारासिवनी की प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। जिसमें १५६ अधिवक्ताओं



के नाम शामिल है। इसमें अधिवक्ता संघ की मासिक शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि २४ फरवरी की दोपहर ३ बजे तक रखी गई है। जिसके बाद २६ फरवरी तक दावे आपत्ति का निराकरण कर अंतिम सूची का प्रकाशन किया जायेगा। इसके बाद ४ मार्च से ५ मार्च की शाम ५ बजे तक सभी पदों के लिए आवेदन भरे जायेंगे। ६ मार्च की दोपहर २ बजे तक आवेदन पत्र की जांच कर शाम ४.३० बजे नामांकन सूची का प्रकाशन किया जाएगा। ७ मार्च की दोपहर ३ बजे तक उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकते हैं ,फिर चुनाव हेतु उम्मीदवारों की घोषणा शाम ४ बजे की जाएगी। जिसके लिए १५ मार्च की सुबह १०.३० से शाम ४ बजे तक मतदान किया जाएगा। मतदान के समाप्त होते ही मतगणना एवं परिणामों की घोषणा की जाएगी। निर्वाचन अधिकारी अधिवक्ता महेंद्र मिश्रा ने पद्मेश से चर्चा में बताया कि अधिवक्ता संघ वारासिवनी निर्वाचन वर्ष २०२४ में सभी पदों के लिए चुनाव कार्यक्रम जारी किया गया है। जिसमें प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया है। मासिक शुल्क जमा करने पर अंतिम सूची मतदाता सूची का प्रकाशन २६ फरवरी को होगा और उसके बाद नामांकन एवं नामांकन वापसी के उपरांत १५ मार्च को मतदान कार्यक्रम किया जाएगा। जहां मतदान के पश्चात ही मतगणना कर परिणाम की घोषणा की जाएगी। न्यायालय परिसर में अधिवक्ता संघ निर्वाचन की आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है। निर्वाचन के लिए विशेष सूचना जारी की गई है इसके नियम और शर्तों के आधार पर ही समस्त पदों के लिए आवेदन प्राप्त किये जायेंगे।

# रिद्धिमा पटले एवं धैर्य ठाकुर मिन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति के लिए हुये चयनित

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। टिहलीबाई शासकीय माध्यमिक विद्यालय वारासिवनी के होनहार एवं मेधावी विद्यार्थी कु. रिद्धिमा पिता धनेश पटले एवं धैर्य ठाकुर पिता अरूण ठाकुर कक्षा ८वीं का राष्ट्रीय मिन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति चयन परीक्षा में चयन हुआ है। विद्यालय के उक्त दोनों विद्यार्थी बहुमुखी प्रतिभाशाली है ,इनकी पढ़ाई के अलावा अन्य गतिविधियों पर्यावरण , स्वच्छता, साहित्यिक, सांस्कृतिक, खेलकूद में भी अभिरूची है। इन दोनों विद्यार्थियों ने इन विद्यालयओं में विकास खण्ड स्तर से जिला स्तर पर अपनी प्रतिभा को उजागर कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस छात्रवृत्ति के लिए चयनित होने से इन विद्यार्थियों को आगामी ४ वर्षो तक कक्षा ९वीं से कक्षा १२वीं की पढ़ाई होने तक १ हजार रूपये प्रतिमाह छात्रवृत्ति अच्छे कैरियर बनाने के लिए प्राप्त होगी। इन विद्यार्थियों के चयनित होने पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक पंचम हनवत, शिक्षक शलभ सिंह बैस, संतोष वाल्दे, श्रीमती अंजु वासनिक, सुश्री अंजु नगपूरे, श्रीमती मिनाक्षी बिसेन, श्रीमती वंदना मेश्राम, श्रीमती अनिता देवीकर, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी आर.एस.मर्सकोले, पी.टी.ए. अध्यक्ष विनोद डहाके, उपाध्यक्ष रीना उईके, श्रीमती नीतू कोरचे, श्रीमती ज्योती बंसोड़, श्रीतमी गौरा चौबे, संजू ठाकरे, धनेश पटले, मोरेन्द्र ठाकरे, रमेश गौतम, शोभाराम डहाके , श्रीमती सरिता पंचेश्वर, अरूण ठाकुर, श्रीमती ज्योती ठाकुर,




खेल प्रशिक्षक गणेश सिंह ठाकुर, पूर्व पी.टी.ए अध्यक्ष धनेन्द्र सोनेकर, पवनसिंह धुर्वे, श्रीमती प्रिती शिव, विश्वेश्वर दमाहे, प्रणय श्रीवास्तव , योगेश कटारे, सी.एम.राइज विद्यालय के प्राचार्य हुमराज पटले सहित समस्त शाला परिवार ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

खैरलांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

भोरगढ़ में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

कटंगी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# खाड़ी का सबसे अहम सहयोगी

पहली नजर में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पिछले हफ्ते का यूएई दौरा, उनके किसी अन्य द्विपक्षीय दौरे की तरह लग सकता है। लेकिन यह दौरा (जो 2014 के बाद मोदी का सातवां दौरा था) खाड़ी के किसी अन्य देश के मुकाबले, अमीरात की ज्यादा प्रमुखता और महत्ता के बारे में संकेत देने की सरकार की इच्छा को इंगित करता है। दौरे का वक्त दुबई में 'वर्ल्ड गवर्नमेंट्स समिट' को संबोधित करने और अबू धाबी के पहले हिंदू मंदिर का उद्घाटन करने के निमंत्रण से जुड़ा हो सकता है, लेकिन जिन 10 द्विपक्षीय समझौतों पर दस्तखत हुए उन्हें बारीकी से देखे जाने की जरूरत है। सन् 2022 में भारत और यूएई ने जिस रफ्तार से व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) किया था, उसी रफ्तार से पिछले हफ्ते द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) हुई। इस तरह यूएई न सिर्फ ऐसा पहला देश बन गया है जिसके साथ मोदी सरकार ने इन समझौतों पर दस्तखत किये हैं, बल्कि ऐसा इकलौता देश भी बन गया है जिसके साथ भारत ने व्यापार और निवेश दोनों से जुड़ा समझौता किया है। यूएई अब भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार, दूसरा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य, और एफडीआई का चौथा सबसे बड़ा स्रोत है। भारतीय एमएसएमई इकाइयों के लिए 'भारत मार्ट' के उद्घाटन से भी व्यापारिक रिश्ता मजबूत होने की उम्मीद है। समझौतों का दूसरा समूह तकनीकी संबंधों से जुड़ा है, जिनमें डिजिटल बुनियादी ढांचा निर्माण; हरित हाइड्रोजन व ऊर्जा भंडारण पर केंद्रित व्यापार और ऊर्जा सुरक्षा, और डिजिटल क्रॉस-पेमेंट के लिए अनुसंधान एवं विकास शामिल है। तीसरा, भारत-मध्य पूर्व आर्थिक गलियारे पर एक अंतर-सरकारी ढांचे के लिए समझौता दोनों देशों के बीच बहुपक्षीय सहयोग की राह बनाता है। दोनों देश अमेरिका और इजराइल के साथ आई2यू2 पहल पर भी समन्वय करते हैं, और 2024 से, ब्रिक्स ढांचे के भीतर सहयोग करेंगे, क्योंकि यूएई अब एक ब्रिक्स सदस्य है। अंत में, इजराइल-गाजा कार्रवाइयों और लाल सागर हमलों पर हुई चर्चा से संकेत मिलता है कि इस संघर्षग्रस्त क्षेत्र में, भारत यूएई को एक स्थिर वार्ताकार के रूप में देखता है।

भारत-यूएई के बीच का रिश्ता उस ऐतिहासिक व सांस्कृतिक जुड़ाव की बुनियाद पर भी निर्मित हैं जिसमें सदियों पुराना समुद्री व्यापार और भारत के वैश्विक रेमिटेंस (प्रवासियों द्वारा स्वदेश भेजी जाने वाली कमाई) में लगभग 18 फीसदी का योगदान देने वाला एक प्रवासी समुदाय शामिल है। भारत की तकनीकी महारत और व्यापार व उद्योग के केंद्र के रूप में यूएई की मजबूत स्थिति दोनों को एक-दूसरे का पूरक बनाती हैं, लेकिन उनकी राजनीति और समाज में बदलाव संभावित टकराव के बिंदुओं को सामने लाते हैं। चूंकि धार्मिक राजतंत्र यूएई अपने शासन को लोकतांत्रिक बनाना चाहता है और ज्यादा बहुलवादी व्यवस्था चाहता है (जैसे कि अबू धाबी में मंदिर पर निर्णय), उसने भारत में बहुसंख्यकवाद और सांप्रदायिक ताकतों के उदय पर चिंता जतायी है। इस लिहाज से, अबू धाबी में मोदी के उद्गार अरब सागर के दो किनारों पर बसे दोनों देशों के बीच सबसे महत्वपूर्ण बंधन हो सकते हैं। गौरतलब है कि अबू धाबी में मोदी ने सहिष्णुता और बहुलतावाद के परस्पर मूल्यों, और 'मानवता की

# दिलों में हमेशा मौजूद रहेंगे आचार्यश्री

संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्या सागर महाराज का नाम लेते ही सिर श्रद्धा से झुक जाता है। एक ऐसे संत जिनके चेहरे पर हमेशा मुस्कान रहती थी, ऐसा संत जिनके दर्शन को मन ना भर पाए, ऐसा संत जो भी उनके सानिध्य में आया वो निहाल हो गया, जिनके आचरण में करूणा रहती थी। विलक्षण संत, कन्नड भाषी, महाकवि, लेखक, आध्यात्म वेत्ता, साधक, आदर्श योगी, चिंतक, दार्शनिक, काव्य शिल्पी, परमउपकारी, आत्म तपस्वी दिगंबर मुनि, आचार्य विद्या सागर महाराज का पूरा जीवन लोगों के कल्याण में गुजरा। आपने न सिर्फ जिन शासन को मजबूत किया बल्कि भारतीय संस्कृति को भी प्रश्रय दिया। हिन्दी, अंग्रेजी, मराठी, प्राकृत, संस्कृत, कन्नड, बांग्ला आदि 8 भाषाओं के ज्ञाता दिगम्बर जैन आचार्य विद्या सागर महाराज को उनकी विद्वत्ता, ज्ञान, परोपकार और तप के लिए जाना जाता है। हाल ही में आचार्य विद्यासागर महाराज को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में उन्हें ब्रह्मांड के देवता के रूप में सम्मानित किया गया था। पूरे बुंदेलखंड में आचार्य विद्यासागर महराज छोटे बाबा के नाम से जाने जाते रहे हैं। आपने मध्य प्रदेश के दमोह जिले में स्थित कुंडलपुर में बड़े बाबा आदिनाथ भगवान की मूर्ति को मंदिर में रखवाया था और कुंडलपुर में अक्षरधआम की तर्ज पर भव्य मंदिर का निर्माण करवाया था। आचार्यश्री आज भले ही सशरीर हमारे बीच ना हो लेकिन गुरू, संत, लेखक के रूप में उनकी सूक्ष्म मौजूदगी हमेशा रहेगी और समाज को मार्गदर्शन देती रहेगी।

आपका जन्म 10 अक्टूबर 1946 को विद्याधर के रूप में कर्नाटक के बेलगाँव जिले के सदलगा में शरद पूर्णिमा के दिन हुआ था। उनके पिता श्री मल्लप्पा थे जो बाद में मुनि मल्लिसागर बने। उनकी माता श्रीमंती थी जो बाद में आर्यिका समयमति बनी। उनके माता-पिता ने भी उनसे ही दिक्षा लेकर समाधि प्राप्त की थी। विद्यासागर जी को 30 जून 1968 में अजमेर में 22 वर्ष की आयु में आचार्य ज्ञानसागर ने दीक्षा दी जो आचार्य शांतिसागर के वंश के थे। आचार्य विद्यासागर को 22 नवम्बर 1972 में ज्ञानसागर जी द्वारा आचार्य पद दिया गया था। आपके तीन भाईयों में से दो भाई अनंतनाथ और शांतिनाथ ने आचार्य विद्यासागर से दीक्षा ग्रहण की और मुनि योगसागर और मुनि समयसागर कहलाए। उनके बडे भाई भी उनसे दीक्षा लेकर मुनि उत्कृष्ट सागर जी महाराज कहलाए। आचार्य विद्यासागर महाराज की बहने स्वर्णा और सुवर्णा ने भी उनसे ही ब्रह्मचर्य लिया था।

माता-पिता की द्वितीय सन्तान बालक विद्याधर की प्रतिभा को देख पिताजी ने कन्नड़ भाषा के विद्यालय में पढ़ाया। आचार्यश्री के घर का नाम पीलू था। 9 वर्ष की उम्र में जैनाचार्य शान्तिसागर जी के कथात्मक प्रवचनों से वैराग्य का बीजारोपण हुआ और धर्म-अध्यात्म में रुचि बढ़ती गई। 20 वर्ष की उम्र में घर-परिवार का परित्याग कर अहिंसा, जीव प्रेम, मानव कल्याण के लिए निकल पड़े। राजस्थान प्रान्त के अजमेर जिले के उपनगर मदनगंज-किशनगढ़ में सन् 1967 मई-जून माह में नियति ने विद्याधर अष्टगे को मिला दिया ज्ञानमूर्ति चारित्र विभूषण महाकवि ज्ञानसागर जी महामुनिराज से। गुरुभक्ति-समर्पण से गुरुकृपा का प्रसाद पाकर 30 जून 1968 को अजमेर में सर्व पराधीनता को छोड़ दिगम्बर मुनि बनकर तपस्यारत हो गए। वे भक्तों के द्वारा दिन में एक बार दिया गया बिना नमक-मीठे के, बिना हरी वस्तु के, बिना फल मेवे के सात्विक आहार दान ही लेते रहे वो भी मात्र ज्ञानध्यान-तप-आराधना के उद्देश्य से। आचार्य विद्यासागर जी धन संचय करने के खिलाफ थे। उन्होंने दान-दक्षिणा में भी कभी किसी से पैसे नहीं लिए। उन्होंने ना ही कोई बैंक अकाउंट खुलवाया और ना ही कोई ट्रस्ट भी नहीं बनाया। लोगों का तो यहाँ तक कहना है कि आचार्य ने पैसे को कभी हाथ भी नहीं लगाया। उनके नाम पर यदि कोई दान देता भी था तो उसे वे समाज सेवा के लिए दे देते थे। आचार्य श्री भीषण सर्दी-गर्मी में कपड़ा, कंबल, चटाई, रजाई, पंखा, कूलर, हीटर और एसी आदि का उपयोग नहीं करते थे। लकड़ी के पाटे पर ही बैठकर सुबह से शाम हो जाती थी। वे आहार में केवल दाल, रोटी, चावल और पानी लेते




थ। छह रसों में केवल घी ग्रहण करते थे। उन्होंने आजीवन नमक, चीनी, फल, हरी सब्जियाँ, दूध, दही, सूखे मेव, अंग्रेजी दवाई, तेल, चटाई का त्याग किया। वे हर मौसम में बिना चादर, गद्दे, तकिए के शख्त तख्त पर सिर्फ एक करवट में शयन करते थे। वे महज तीन से चार घंटे की अल्प निद्रा लेते थे। शेष समय ध्यान में लीन रहते थे।

आचार्य विद्यासागर कई धार्मिक कार्यों में प्रेरणास्त्रोत रहे हैं। राजस्थान, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, बंगाल, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, झारखण्ड, गुजरात आदि प्रदेशों की लगभग 50 हजार किलोमीटर की पदयात्रा कर लोक कल्याण के कार्य किया और प्रेरणा दी। आपने भारतीय शिक्षा पद्धति लागू करने, चिकित्सा को सेवाभाव बनाने, स्वरोजगार को बढ़ावा देने, खेती से युवाओं को जोड़ने, कर्ज से दूर रहने, हथकरघा से जुड़ने गौशालाओं को पुर्नजीवित करने, माँस निर्यात पर रोक लगाने और भारतीय प्रतिभाओं के पलायन पर रोक लगाए जाने की दिशा में काम किया। आपकी प्रेरणा से देश के पाँच राज्यों में 72 गौशालाएँ संचालित हुई जिनमें अल्पावधि एक लाख से अधिक गौवंश को कत्लखानों में कटने से बचाया गया। इसी तरह सागर (म.प्र.) में भाग्योदय तीर्थ धर्मार्थ चिकित्सालय की स्थापना हुई। पिसनहारी मढ़ियाजी जबलपुर एवं दिल्ली में 'प्रशासनिक प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना हुई। आचार्य श्री जी की प्रेरणा एवं आशीर्वाद सेतीन आदर्श विद्यालय स्थापित किए गए-प्रतिभा स्थली, जबलपुर (म.प्र.), डोंगरगढ़ (छ.ग.), रामटेक (महाराष्ट्र)। इसके अतिरिक्त जगह-जगह छात्रावास स्थापित किए गए। आचार्य श्री जी की सुप्रेरणा से जबलपुर (म.प्र.) में लघु उद्योग पूरी मैत्री संचालित किया गया। आचार्य श्री ने हथकरघा की प्रेरणा दी जिससे समाज ने महाकवि पं. भूरामल समाजिक सहकार न्यास हथकरघा प्रशिक्षण केन्द्र की शाखाएँ अशोकनगर, भोपाल और आचार्य ज्ञानविद्या लोक कल्याण हथकरघा केन्द्र मुंगावली के अन्तर्गत: मुंगावली, गुना, आरोन आदि स्थानों पर हथकरघा शाखाएँ खोली गई। आचार्यश्री जी ने प्राचीन मन्दिरों की पाषाण निर्मित शैली को ही अपनाने की बात कही। आचार्य भगवन् के ऐतिहासिक सांस्कृतिक चिंतन से प्रभावित होकर उनकी प्रेरणा से अनेक स्थानों की समाजों ने पाषाण से जिनालयों के निर्माण हेतु आचार्यश्री जी के ही पावन सान्निध्य में शिलान्यास किए। इनमें गोपालगंज, जिला-सागर (म.प्र.), .सिलवानी, जिला-रायसेन (म.प्र.), टड़ा, जिला-सागर (म.प्र.) नवनिर्मित सर्वोदय तीर्थक्षेत्र, अमरकंटक (म.प्र.), नेमावर, जिला देवास (म.प्र.), हबीबगंज, भोपाल (म.प्र.), तेंदूखेड़ा,जिला-दमोह (म.प्र.), देवरी कलौं, जिला-सागर (म.प्र.), रामटेक, जिला-नागपुर (महा.), इतवारी,नागपुर (महा.), .विदिशा (म.प्र.), नक्षत्र नगर, जबलपुर (म.प्र.), डिंडोरी (म.प्र.) इनमें प्रमुख हैं। इसके अतिरिक्त कई नए तीर्थों की परिकल्पना को आचार्यश्री जी ने मूर्तस्वरूप प्रदान करने हेतु प्रेरणा एवं आशीर्वाद प्रदान किया। फलस्वरूप नए तीर्थों का जन्म हुआ। इनमें सर्वोदय तीर्थ, अमरकंटक, जिला-शहडोल (म.प्र.), भाग्योदय तीर्थ, सागर (म.प्र.), दयोदय तीर्थ, जबलपुर (म.प्र.), सिद्धक्षेत्र सिद्धोदय, नेमावर, जिला-देवास (म.प्र.), अतिशय क्षेत्रचन्द्रगिरि, डोगरगढ़ (छ.ग.) शामिल हैं। आचार्य भगवन् ने जिन तीर्थों पर चातुर्मास, ग्रीष्मकालीन या शीतकालीन प्रवास किया। वहाँ पर जीर्णशीर्ण मन्दिरों का जीणों द्वार कराया। अतिशय तीर्थक्षेत्र कोनी जी, जिला-जबलपुर (म.प्र.), सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर,जिला-दमोह (म.प्र.), अतिशय तीर्थक्षेत्र बीना जी बारहा, सागर (म.प्र.), अतिशय तीर्थक्षेत्र पटनागंज, रहली, सागर (म.प्र.) आदि इनमें शामिल हैं।

शिष्य गण- आचार्य श्री द्वारा 130 मुनिराजो, 172 आर्यिकाओं व 53 ऐलक जी, 64 क्षुल्लकगणों, 3 क्षुल्लिकाओं को दीक्षित किया। मुनिश्री समयसागर जी,मुनिश्री योगसागर जी, मुनिश्री नियमसागर जी,मुनिश्री सुधासागर जी, मुनिश्री प्रमाणसागर जी, मुनिश्री चिन्मयसागर जी,मुनिश्री अभयसागर जी, मुनि क्षमासागर जी,मुनि प्रणम्यसागर जी आदि प्रसिध्द संत है। डेढ़ दर्जन से ज्यादा दिगम्बर साधु आचार्य विद्यासागर के आज्ञा से चर्या करते हैं। एक हजार से अधिक ब्रह्मचारी एवं ब्रह्मचारिणी बहिनें साधनारत हैं। आपश्री के नियपिकाचार्यत्व में 30 से अधिक साधकों ने जीवन की संध्या बेला में आगमयुक्त विधि से सल्लेखनापूर्वक समाधि धारण कर जीवन के उद्देश्य को सार्थक किया है।

साहित्य सर्जन - आपने संस्कृत, हिन्दी के अतिरिक्त कन्नड़, बंगला, अंग्रेजी, प्राकृत भाषा में भी काव्य रचनाओं का सर्जन किया है। साथ ही आचार्य शान्तिसागर जी, आचार्यजी की परिचयात्मक स्तुतियों की रचना एवं संस्कृत, हिन्दी में शारदा स्तुति की रचना की है। मूकमाटी महाकाव्य के दो अंग्रेजी रूपान्तरण, दो मराठी रूपान्तरण, एक कन्नड़, एक बंगला, एक गुजराती रूपान्तरण हो चुका है एवं उर्दू व जापानी भाषा में अनुवाद का कार्य चल रहा है। विभिन्न शोधार्थियों ने उनके कार्य का मास्टर्स और डॉक्ट्रेट के लिए अध्ययन किया है। प्राकृत महाकाव्य पर अनेकों स्वतन्त्र आलोचनात्मक ग्रन्थों के अतिरिक्त 4 डी.लिट्, 22 पी.एच. डी., 7 एम.फिल के शोध प्रबन्ध तथा 2 एम. एड. और 6 एम.ए. के लघु शोध प्रबन्ध लिखे जा चुके हैं। आपने नीति-धर्म-दर्शन-अध्यात्म विषयों पर संस्कृत भाषा में 7 शतकों और हिन्दी भाषा में 12 शतकों का सर्जन किया है। आपके शताधिक अमृत प्रवचनों के 50 संग्रह ग्रन्थ भी उपलब्ध हैं एवं त्रिसहस्राधिक प्रवचनावली अप्रकाशित हैं। आपने जापानी छन्द की छायानुसार सहस्राधिक हाईकू (क्षणिकाओं) का सर्जन कर साहित्य क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उन्होंने काव्य मूक माटी की भी रचना की है। विभिन्न संस्थानों में यह स्नातकोत्तर के हिन्दी पाठ्यक्रम में पढ़ाया जाता है। आपने प्राचीन जैनाचायों के 25 प्राकृत-संस्कृत ग्रन्थों का हिन्दी भाषा में पद्यानुवाद कर पाठक को सरसता प्रदान की। आचार्य विद्यासागर के शिष्य मुनि क्षमासागर ने उन पर आत्मान्वेषी नामक जीवनी लिखी है। इस पुस्तक का अंग्रेजी अनुवाद भारतीय ज्ञानपीठ द्वारा प्रकाशित हो चुका है। मुनि प्रणम्यसागर ने उनके जीवन पर अनासक्त महायोगी नामक काव्य की रचना की है।

संस्कृत रचनाएं-शारदा स्तुति, श्रमण शतकम्, निरंजन शतकम्, भावना शतकम्, परीषहजय शतकम्, सुनीति शतकम्, चेतन चन्द्रोदय शतकम्, सूर्योदय शतकम्, धीवरोदय शतकम्, सर्वोदय शतकम्, पूर्णोदय शतकम्, जिनस्तुति शतकम्, चंपू काव्य (अप्रकाशित)

हिन्दी काव्य- मूक माटी महाकाव्य, नर्मदा का नरम कंकर, डूबो मत लगाओ डुबकी, तोता क्यों रोता ?,चेतना के गहराव में। अनेक हाईको कविताएं (अप्रकाशित हैं)

स्तुति सरोज- आचार्य शान्तिसागर स्तुति, आचार्य वीरसागर स्तुति, आचार्य शिवसागर स्तुति, आचार्य ज्ञानसागर स्तुति, अध्यात्म भक्तिगीत (7 भक्तिगीत )

हिन्दी शतक - निजानुभव शतक, मुक्तक शतक, श्रमण शतक, निरंजन शतक, भावना शतक, परीषहजय शतक, सुनीति शतक, दोहादोहन शतक, सूर्योदय शतक, पूर्णादय शतक, सर्वोदय शतक, जिनस्तुति शतक

अनुवादित ग्रन्थ - कुन्दकुन्द का कुन्दन (समयसार), निजामृतपान (समयसार कलश), अष्ट पाहुड़, नियमसार, बारस अणुवेक्खा, पंचास्तिकाय, इष्टोपदेश (बसंततिलका), प्रवचनसार, समाधिसुधा शतक (समाधि शतक), एकीभाव स्तोत्र, नव भक्तियाँ (आचार्य पूज्यपाद कृत), समन्तभद्र की भद्रता (स्वयंभू स्तोत्र), रयणमंजूषा (रत्नकरण्डक श्रावकाचार), आप्तमीमांसा (देवागम स्तोत्र), द्रव्य संग्रह (बसंततिलका छंद), गोमटेश अष्टक, योगसार, आप्त परीक्षा, जैन गीता (समणीसुतं),कल्याण मंदिर स्तोत्र, जिनेन्द्र स्तुति (पात्रकेसरी स्तोत्र), गुणोदय (आत्मानुशासन), स्वरूप संबोधन, इष्टोपदेश (ज्ञानोदय), द्रव्यसंग्रह (बसंततिलका एवं ज्ञानोदय)

प्रवचन साहित्य- प्रवचन पर्व, प्रवचन पीयूष, प्रवचनामृत, प्रवचन पारिजात, प्रवचन पंचामृत, प्रवचन प्रदीप, प्रवचन प्रमेय, प्रवचनिका, प्रवचन सुरभि, तेरह सौ एक, धीवर की धी, सर्वोदय सार, सीप के मोती, विद्या वाणी, अकिंचित्कर, चरण आचरण की ओर, कर विवेक से काम, धर्म देशना, कुण्डलपुर देशना, तपोवन देशना, आदशो के आदर्श, सिद्धोदय सार, कौन कहाँ तक साथ देगा, समागम, गुरुवाणी, व्यामोह की पराकाष्ठा, भक्त का उत्सर्ग, आत्मानुभूति ही समयसार, मूर्त से अमूर्त की ओर, स्वराज और भारत, .अहिंसा सूत्र, मेरे सपनों का भारत, भारत की भाषा राष्ट्र भाषा हो, जैन दर्शन का हृदय, जयन्ती से परे, सत्य की छाँव में, ब्रह्मचर्य चेतन का भोग, भोग से योग की ओर, आदर्श कौन. ?, मर हम.... मरहम बनें, मानसिक सफलता, न धमों धार्मिकैर्विना, डबडबाती आँखें। इस प्रकार 50 अधिक कृतियाँ हैं।

ग्रन्थ प्रवचन - समयोपदेश भाग 1-2, गुरुवयणं, दिव्योपदेश, इष्टोपदेश, पंचास्तिकायोपदेश, श्रुताराधना भाग 1-2-3 और भी बहुत सी कृतियाँ हैं।

पूर्व नाम- श्री विद्याधर जी जैन अष्टगे

पिता का नाम- श्री मल्लप्पा जी जैन अष्टगे

माता का नाम- श्रीमती श्रीमंती जी जैन अष्टगे

जन्म- 10 अक्टूबर, 1946, आश्विन शुक्ल- 15 वि.सं.- 2003 (शरद पूर्णिमा) सदलगा, चिक्कोड़ी, जिला-बेलगाँव (कर्नाटक)

लौकिक शिक्षा- नवमीं

ब्रह्मचर्यव्रत- 1966 में आचार्य श्री देशभूषण जी महाराज से

मुनि दीक्षा- 30 जून, 1968, आषाढ़ शुक्ल-पंचमी वि.सं.- 2025, अजमेर (राजस्थान)

दीक्षा गुरू- मुनि श्री ज्ञानसागर जी महाराज

आचार्य पद- 22 नवम्बर 1972, बुधवार, मार्गशीर्ष कृष्ण- 2, वि.सं. 2029 नसीराबाद, जिला-अजमेर (राज.)

**मातृभाषा- कन्नड़**

समाधि-छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ स्थित चंद्रगिरी तीर्थ में संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज का 18 फरवरी 2024 को सल्लेखना व्रत द्वारा समतापूर्वक समाधिमरण हुआ।

# नशा मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ उत्तराखंड में भी किया ब्रह्माकुमारीज ने!

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के मुख्य सेवाकेंद्र सुभाष नगर देहरादून मे नशा मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जरनल गुरमीत सिंह द्वारा ब्रह्मकुमारीज की ओर से किया गया 7 राज्यपाल लेफ्टिनेंट जरनल गुरमीत सिंह ने इस अवसर पर कहा कि मादक नशा कोई भी हो, गलत ही होता है,चाहे नशा ड्रग्स का हो या फिर अन्य कोई नशा,इस नशे ने मानवता को झगझौर दिया है।जो लोग इन नशों का शिकार बन गए है, वे अंधकार की गलियों में भटक रहे हैं,उन्हें रोशनी दिखाना बहुत जरूरी है।उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उत्तराखंड को 2025 तक नशा मुक्त बनाने मे ब्रह्माकुमारीज के सहयोग से तीव्र गति के परिणाम प्राप्त होंगे।उन्होंने ब्रह्माकुमारीज के रचनात्मक कार्यों की सराहना करते हुए कहा ,मुझे बहुत खुशी है कि यह परिवार हमेशा ही समाज हित के लिए कार्य करता है और आज भी ब्रह्माकुमारीज ने भारत को नशामुक्त बनाने का सुंदर संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि जिनके अंदर प्रभु का नशा है,उन्हें यह आर्टिफिशियल नशे लेने की आवश्कता नही होती। उत्तराखण्ड को नशा मुक्त बनाना चुनौती तो है, परंतु अगर इच्छा शक्ति,सेल्फ कंट्रोल,सेल्फ डिसिप्लीन का आह्वान करें तो उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त होंगे।उन्होंने कहा कि हमारी जीवन के प्रति सोच, विचार और धारणा ही हमें श्रेष्ठ बनाती है। उन्होंने आगे कहा कि आपकी सोच जो आपने सोचा है और संकल्पों में जो उतारा है, इसमें आपको प्रभु की शक्तियां के योगदान से जरूर सफलता प्राप्त होगी।ब्रह्माकुमारीज मुख्यालय माउन्ट आबू में मेडिकल विंग के डायरेक्टर बीके राजयोगी बनारसी लाल शाह ने नशा मुक्त अभियान के उद्देश्य एवं लक्ष्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 4 मार्च 2023 को ब्रह्मकुमारिज का भारत सरकार के सोशल जस्टिस वेलफेयर डिपार्टमेंट के साथ एमओयू साइन हुआ है,जिसके तहत ब्रह्माकुमारीज समाज को नशा मुक्त करने में जुटी है।साथ ही उन्होंने कहा कि राजयोगी लाइफस्टाइल अपनाने से नशा मुक्त होने का 97त्न रिजल्ट रहा है।नशा मुक्त अभियान के तहत 7050 डिस्ट्रिक्ट्स में सेवाएं चल रही हैं। स्कूलों, कॉलेजों, यूनिवर्सिटी में 15 लाख लोगों को नशा मुक्त होने के लिए ब्रह्माकुमारीज द्वारा शिक्षित किया गया है। उन्होंने सुझाव दिया कि यदि छोटे बच्चों को भी इस प्रकार की शिक्षा दी जाए तो वो अपने घरों में, आस पास सबको नशे के प्रति सावधान कर समझाएंगे तो उनकी बातों से भी असर होगा। उत्तराखंड देव भूमि है,तीर्थ स्थान हैं यहां लोग व्यसन से दूर रहकर आध्यात्म की ओर उन्मुख हो।उन्होंने बताया कि ब्रह्माकुमारीज ने सरकार के साथ मिलकर गांव गांव मे जागरूकता रैली व विशेष नशा मुक्त प्रेरक वैन जो बनाई है उसके माध्यम से नशा मुक्त अभियान को चला रहे है। इसी से भारत विश्व गुरु बनगा।देहरादून ब्रह्माकुमारीज सब-जोन संचालिका राजयोगिनी बी के मंजू दीदी ने भी नशा मुक्ति को एक सार्थक अभियान बताया।

राजयोगिनी बीके मीना दीदी ने राजयोग के अभ्यास से गहन शांति वा शक्ति की अनुभूति कराई।इस अभियान की शुरुआत बी के सुशील भाई के संचालन में कई गई।उनका मानना है कि मादक द्रव्यों का सेवन एक ऐसा मुद्दा है, जो देश के सामाजिक ताने-बाने पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। किसी भी पदार्थ पर निर्भरता न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करती है बल्कि उनके परिवारों और पूरे समाज को भी बाधित करती है। नशीले पदार्थों के नियमित सेवन से व्यक्ति इन पर निर्भर होने लगता है। इनमें मौजूद अवगुणों से न्यूरो-मनोरोग संबंधी विकार, हृदय संबंधी रोग, साथ ही दुर्घटनाएं, आत्महत्याएं और हिंसा को बढ़ावा मिलता है।इस अभियान को सामाजिक न्याय और आधिकारिता मंत्रालय ने युवाओं के बीच मादक द्रव्यों के सेवन के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता सृजन के लिए शुरू किया है। वर्तमान में देश भर में महत्वाकांक्षी नशा मुक्त भारत अभियान के तहत उच्च शिक्षा संस्थानों, विश्वविद्यालय परिसरों, स्कूलों और कार्यक्रम की पहुंच और सामुदायिक भागीदारी पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।अब तक जमीनी स्तर पर की गई विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से 10.74 करोड़ से अधिक लोग इस अभियान की जानकारी प्राप्त कर चुके हैं।चिन्हित जिलों में अभियान गतिविधियों का नेतृत्व करने के लिए 8,000 प्रमुख स्वयंसेवकों का चयन किया गया और उन्हें प्रशिक्षित किया गया है।

3.38 करोड़ से अधिक युवाओं ने अभियान की गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया है और नशीले पदार्थों के उपयोग के खिलाफ संदेश का प्रसार किया है। लगभग 4,000 से अधिक युवा मंडल, नेहरू युवा केंद्र संगठन और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक और युवा क्लब भी इस अभियान से जुड़े हुए हैं।साथ ही आंगनवाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं, सहायक नर्स मिडवाइफ , महिला मंडलों और महिला स्वयं-सहायता समूह के माध्यम से इस अभियान को विस्तार देने में 2.27 करोड़ से अधिक महिलाओं का योगदान महत्वपूर्ण है।इस अभियान के प्रेरक ब्रह्माकुमारीज मेडिकल विंग के निदेशक डॉ बनारसी लाल साह कहते है कि भारत को नशामुक्त बनाने का कार्य मनुष्य का नहीं, बल्कि यह काम स्वयं परमात्मा का है क्योंकि भारत जो सोने की चिड़िया थी, देवभूमि थी ,इस देवभूमि में रहने वालों की दशा नशे की लत के कारण क्या से क्या हो गई है ? गलत रास्ते पर हमारा बहाव तेजी से हो रहा है, इसके लिए आध्यात्म के द्वारा सब के जीवन में जागरूकता लानी होगी। जब तक हम स्वयं को नहीं पहचानेंगे तब तक अपने कर्तव्यों का रियलाइजेशन भी नहीं होगा और हम सरकार के ऊपर, समाज के ऊपर ब्लेम डालते रहेंगे।ब्रह्माकुमारीज 30 वर्षों से नशामुक्ति की सेवा कर रही है।यह इसका राष्ट्रीय प्रोजेक्ट है 'मेरा भारत नशामुक्त भारत' इसकी लॉन्चिंग सन 2013 में तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ प्रतिभा देवीसिंह पाटिल के द्वारा की गई थी। ब्रह्माकुमारीज का ग्लोबल इनिशिएटिव फॉर टोबैको अवेयरनेस प्रोजेक्ट 180 देशों तक पहुंच चुका है। राजयोग मेडिटेशन लाइफस्टाइल केवल नशा नहीं छुड़ाती ,बल्कि बहुत सी बिमारियों को ठीक करने या रोकने में भी सहायता करती है। इससे मनुष्य का चारित्रिक विकास भी होता है।जो भारत के निर्माण में सहायक सिद्ध हो रहा है।

**-श्रीगोपाल नारसन**

**( लेखक ब्रह्माकुमारीज मीडिया विंग के आजीवन सदस्य एवं वरिष्ठ पत्रकार है )**

# गलत प्राथमिकताएं

एक राष्ट्र की पहचान उसकी सरहदों से नहीं, बल्कि उसमें रहने वाले लोगों से होती है। यह सिर्फ एक अमूर्त कहावत भर नहीं है, बल्कि राष्ट्र-निर्माण और जीवन निर्वाह से जुड़ा एक नजरिया भी है। खासकर, एक ऐसे देश के लिए जो औपनिवेशिक शासन के चंगुल से बाहर आया है। पड़ोसी वाले रिश्ते और सरहदों का विचार न सिर्फ औपनिवेशिक काल के बाद के राष्ट्र-राज्य के राष्ट्रीय सुरक्षा के हितों से जुड़ा था, बल्कि सीमावर्ती इलाकों के लोगों के हितों और उनके कल्पित इतिहास से भी जुड़ा था। जब गृहमंत्री अमित शाह ने यह एलान किया कि 2018 से म्यांमार की सीमा से लगे भारतीय राज्यों में 卐मुक्त आवाजाही की व्यवस्था卐 [फ्री मूवमेंट रिजीम (एफएमआर)] को खत्म कर दिया जाएगा और भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगा दी जाएगी, तो वह निश्चित रूप से इस विचार को नकार रहे थे। इस व्यवस्था को खत्म करने की मांग और बाड़ लगाने की जरुरत के पीछे की स्पष्ट वजह यह है कि दोनों देशों के बीच की छिद्रयुक्त सीमा ने नशीले पदार्थों के एक वाहक के रूप में काम करने के अलावा उत्तर-पूर्व के विद्रोही गुटों को म्यांमार के उन इलाकों में अपना आधार स्थापित करने में मदद की है जहां जुंटा का प्रभाव अपेक्षाकृत नगण्य या कमजोर है। लेकिन ये कारण अपने आप में ठोस नहीं हैं। ज्यादातर विद्रोही गुट काफी हद तक कमजोर हो गए हैं और एक के बाद एक भारतीय सरकारें बलप्रयोग या शांति प्रयासों, चाहे वे चल रहे हों या पूरे हो गए हों, के जरिए उनके खतरों को बेअसर करने में सक्षम रही हैं। इसके अलावा, नशीले पदार्थों का कारोबार सिर्फ छिद्रयुक्त सीमा की वजह से नहीं, बल्कि निवासियों के सहयोग से कानून के मजबूत अमल में अपेक्षाकृत कमी की वजह से भी संभव हुआ है।

एफएमआर को खत्म करने की मांग का सबसे ज्यादा समर्थन वर्तमान में संघर्षग्रस्त मणिपुर के एक वर्ग द्वारा किया गया है, लेकिन नागालैंड और मिजोरम द्वारा इसका जोरदार विरोध भी किया गया है, जिससे इन राज्यों के लोगों की भावनाओं के बारे में इशारा मिलता है। म्यांमार गृहयुद्ध की चपेट में है और इसके पश्चिमी इलाके तथा सागैन एवं चिन जैसे राज्यों के नागरिक पड़ोसी मिजोरम व मणिपुर में शरण और मानवीय राहत हासिल कर रहे हैं। मिजोरम के मिजो और मणिपुर में कुकी-जो समुदाय चिन समुदाय के साथ एक रिश्ता महसूस करते हैं और शरणार्थियों के लिए राहत का प्रबंध कर रहे हैं। एफएमआर का विरोध इंफाल घाटी में मैतेई बहुसंख्यक ताकतों की ओर से हुआ है, जिन्होंने अवैध प्रवासन के मामले के रूप में चिन शरणार्थियों के मणिपुर में घुसने का हौआ खड़ा किया है। व्यापार और वाणिज्य के लिए कम आबादी वाली सीमा के 16 किलोमीटर के भीतर नागरिकों की आवाजाही की एक औपचारिक व्यवस्था के रूप में एफएमआर की जुगत, भारत की 'एक्ट ईस्ट नीति' का एक प्रतीक थी। यह उस इलाके के लोगों की इच्छाओं की अभिव्यक्ति भी थी जिनके समान नस्लीय रिश्ते हैं, लेकिन औपनिवेशिक रूप से खींची गई सरहदों से विभाजित हैं। इस व्यवस्था को उलटना और ऊबड़-खाबड़ पहाड़ों एवं जंगलों में स्थित सीमा पर बाड़ लगाने की भारी-भरकम कवायद गलत प्राथमिकताओं का मामला है और इस पर पुनर्विचार की जरूरत है।

# इन्दौर बाजार भाव

इन्दौर। लेवाली कमजोर रहने से सोमवार को अनाज मंडी में चना मजबूत बना रहा। मसूर में लटक रही। खाद्य तेलों में बाजार सुस्ती पर रहे। तिलहनों में सरसो व रायडा बना रहा। किराना जिंसों में कमोवेश भाव स्थिर रहे। व्यापारिक सूत्रों के अनुसार चने में पूछपरख के चलते भावों में मजबूती आयी। वहीं, मसूर में बाजार 50 रू. प्रति क्विंटल से हल्के पड़े। खाद्य तेलों में सुस्ती देखी गयी। तिलहनों में सरसो व रायडा बना रहा। उधर, किराना जिंसों में बाजार कामोवेश स्थिर रहे। भाव इस प्रकार रहे –

**किराना** - शक्कर 3770-3780, खोपरा गोला 115-130, खोपरा बूरा 2500-4350 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 460-480, ऊंझा हल्का 475-500, बेस्ट 580-600, हल्दी निजामाबाद 170-200, सांगली 260-270, साबूदाना हल्का 7300-7500, मीडियम 7500-7700, बेस्ट 7900-8000, सच्चा मोती 7350, सौंफ मोटी 95-125, मीडियम 175-225, बेस्ट 225-250, सौंफ बारि?क 350-400, बेस्ट 450, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 675-690, गरबल 635-655, मटर दाना 700-715, खसखस अनक्लीन 600-1000, क्लीन 1200-1250, दालचीनी 240-245, बेस्ट 250-260, जायफल 580-650, बेस्ट 700, वाद्यान फूल 675-750, शाहजीरा 300-325, तेजपान 85-90, पत्थर फूल 325-375, बेस्ट 450-525, जावत्री 1900-1950, केसर 145-190, सौंठ 190-225, धोली मूसली 975-1100, लौंग 850-900, बेस्ट 950-1000, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 160-185, सिंदूर 6600, देशी कपूर 810-850, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 1850-1900, मीडियम 2100-2300, बोल्ड 2400-2500, एक्ट्रा बोल्ड 2550-2600, पानबार 2150, बड़ी इलायची 1050-1150, बेस्ट 1200-1450, तरबूज मगज 860-900, काजू (240) 750-825, काजू (320) 700-720, काजू डब्ल्यू वन 650-675, एस. डब्ल्यू 625-650, एस.एस. डब्ल्यू 600-630, टुकड़ी 590-610, बादाम मगज 600-650, सिंगापुरी 600-620, टांच 500-575, अखरोट 450-650, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 375-475, बेस्ट 500-550, इंडियन 190-200, बेस्ट 240-260, चारौली 1200, बेस्ट 1250, मुनक्का 475-725, बेस्ट 775-850, अंजीर 675-1250, मखाना 650-950, खारक 90-110, मीडियम 115-150, बेस्ट 160-175, एक्ट्रा बेस्ट 180-200, पिस्ता मोटा 1675-1725, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1560-1570, मैदा कट्टा 1590-1600, रवा कट्टा 1670-1680, बेसन 4050 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 1400-1450, (160) 1400-1500, (200) 1400-1500, (250) 1650-1750

**तेल** - सींगदाना 1450-1470, मुम्बई 1470, राजकोट तेलिया 2320, सोया साल्वेंट 840-845, सोया रिफाइंड 893-895, कपास्या 830, धूलिया 835, कड़ी 840,

**रात की धारणा** - गुजरात लुज 1450, मुम्बई पाम 835, मुम्बई सोया 885,

**खली** - कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 1800, देवास-उज्जैन 1800, खंडवा-बुरहानपुर 1775, अकोला 2750 (प्रति क्विंटल)

**तिलहन** - सरसो 6200-6300, रायडा नया 4100-4400, रायडा पुराना 4800-5000, सोयाबीन 4300-4400, टोली (महुआ बीज) 4100-4150, अलसी 7500-7600,

**दलहन** - चना कांटेवाला बेस्ट 5950-6000, एवरेज 5800-5850, काबूली चना बिटकी 6300-6600, काबली चना काटकू 6700-7200, काबूली चना मीडियम 7400-8300, काबूली चना डॉलर 9600-10600, मसूर बेस्ट 5900-5950, एवरेज 5750-5800, मूंग देशी 9000-9100, पाला 9100-9200, चमकी 9200-9300, नायलोन 9300-9400, तुअर निमाड़ी बेस्ट 9800-9900, एवरेज 9600-9700, हल्की 9300-9400, तुअर महाराष्ट्र 9900-10100, उड़द बेस्ट 9400-9500, एवरेज 9200-9300, हल्की 9000-9100, शंकर 9200-9400,

दाल - चना दाल एवरेज 7500-7600, मीडियम 7700-7800, बेस्ट 7900-8000, तुअर दाल सवा नं. 12800-12900, तुअर दाल फूल 13900-14000, तुअर दाल बोल्ड 14900-15000, मसूर दाल एवरेज 7400-7500, बेस्ट 7600-7700, मूंग दाल 10500-10600, बोल्ड 10700-10800, मूंग मोगर 11000-11100, बोल्ड 11200-11300, उड़द दाल 10800-10900, बोल्ड 10000-11100, मोगर 11200-11300, बोल्ड 11400-11500,

**अनाज** - गेहूं मिल क्वालिटी 2150-2200, (147) 2250-2300, बेस्ट 2300-2350, लोकवन 2500-2550, बेस्ट 2550-2600, चन्द्रोसी 3100-3800, ज्वार देशी 2500-2650, मक्का पीली 2150-2200, गज्जर 2100-2150,

**चावल** - चावल हंसा सफेद 2500-2700, सेला 2900-3100, परमल 2800-3000, दुबराज 4000-4500, राजभोग 7000-7500, काली मुंछ 8000-8500, बासमती दुबार 8500-9000, मीनी दुबार 7500-8000, मोगरा 4200-6500, तिबार 9500-10000, बासमती (921) 11500-12500, बासमती सेला 7500-9500, पोहा 4300-4800,

**मावा** - इन्दौर 300, उज्जैन 240, रतलाम 230 रू. प्रति किलो।

## इन्दौर सराफा बाजार –

इन्दौर। सोमवार को स्थानीय सराफा बाजार में व्यापार की मात्रा कम ही रही। दोनों ही कीमती धातुओं में बाजार कमोवेश बने रहे। भाव इस प्रकार रहे –

चॉंदी (9999) 72500, चॉंदी (99) 72400, टंच 71600, सिक्का 800, सोना 10 ग्राम 63700,

## निफ्टी ने 22,186 का ऑल टाइम हाई बनाया

मुंबई। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन आज यानी 19 फरवरी को शेयर बाजार में तेजी देखने को मिली। निफ्टी ने 22,186 का ऑल टाइम हाई बनाया। हालांकि, यह हाई से थोड़ा नीचे आकर 81 अंक की तेजी के साथ 22,122 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, सेंसेक्स में 281 अंक की तेजी रही, जो 72,708 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 17 में तेजी और 13 में गिरावट देखने को मिली। इसके अलावा पेटीएम के शेयर में लगातार दूसरे कारोबारी दिन 5 प्रतिशत का अपर सर्किट लगा।




मेष राशि- कल का दिन ठीक-ठाक रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आप अपने दफ्तर में अपने कार्यों को लेकर थोड़ा सा पनिक होने से बचें. रिलैक्स होकर कार्य करेंगे तो आपके सभी कार्य समय से पूरे हो जाएंगे और तनाव भी आपको कम परेशान करेगा. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो व्यापारियों को कल आर्थिक मामलों में थोड़ा सा सावधान रहना होगा, क्योंकि ध्यान भटकने पर आपको बड़ा नुकसान हो सकता है. आप थोड़ा सा सतर्क रहें।

वृषभ राशि- नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आप अपने दफ्तर को कार्य करने में बहुत अधिक एक्टिव रहेंगे, क्योंकि सुस्ती और अधूरा मन कार्य को बनने की जगह पर बिगाड़ देता है, इसीलिए आप अपने कार्यों को करने में एक्टिव रहेंगे तो आपके लिए अच्छा रहेगा और आपके अधिकारी आपसे बहुत अधिक प्रसन्न रहेंगे।

मिथुन राशि- कल का दिन ठीक-ठाक रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आप अपने दफ्तर में समय का सदुपयोग करते हुए अपने पिछले कार्यों को पूरा करते हुए चलें तो आपके लिए अच्छा रहेगा. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो व्यापारी यदि विदेशी कंपनियों में पैसा लगाने की सोच रहे हैं तो इस समय उन्हें निराशा हाथ लग सकती है, इसीलिए धन को बचाकर रखें और कुछ समय के लिए इंतजार करें।

कर्क राशि- नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आपको आपके कार्य क्षेत्र में दूसरों के काम की जिम्मेदारी भी मिल सकती है. जिससे आपको खुशी से स्वीकार करना होगा. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो यदि आप पार्टनरशिप में कारोबार करते हैं तो आप अपने व्यापार के हिसाब किताब में पारदर्शिता बनाए रखें अन्यथा, हिसाब किताब को लेकर ही आपके पार्टनर के साथ आपकी कुछ कहा सुनी हो सकती है।

सिंह राशि- कल का दिन अच्छा रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो आप अपने बड़े अधिकारियों से बातचीत करते समय अपना ध्यान इधर इधर-उधर भटकने से बचे, क्योंकि इस तरह का व्यवहार आपकी इमेज को खराब कर सकता है. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो जो लोग खाने पीने का व्यापार करते हैं वह अपने ग्राहकों की पसंद के अनुसार ही स्वाद में कुछ परिवर्तन करके देखें तो आपके ग्राहक बहुत अधिक बढ़ सकते हैं, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

कन्या राशि- नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आप अपने दफ्तर को कार्य को पूरा करने में आप आलस ना दिखाएं और ना ही अपने कार्यों का कोई रूटिंग बिगड़ने दे. अन्यथा, आपके अधिकारियों तक आपकी शिकायत पहुंच सकती है. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो व्यापारी अपने व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए अनावश्यक रूप से स्ट्रेस ना लें क्योंकि आपका मन शांत रहने से ही आपका कारोबार अधिक अच्छा चल सकता है।

तुला राशि- कल का दिन बहुत अधिक शानदार रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आपके कार्यक्षेत्र में आपका आत्मविश्वास बहुत अधिक बढ़ा रहेगा. आप अपने कार्य के प्रति सौ प्रतिशत समर्पित रहेंगे जिसका फल भविष्य में आपको प्राप्त होगा और आपको कामयाबी अवश्य मिलेगी, आपकी पदोन्नति भी हो सकती है. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो यदि आप कोई नया व्यापार शुरू करने का विचार बना रहे हैं तो आप अपने मित्र के साथ पार्टनरशिप में अपना व्यापार खोल सकते हैं।

वृश्चिक राशि- आपके कार्य क्षेत्र में अपने पूर्व नियोजित कामों में कुछ फेर बदल करना पड़ सकता है, जिस कारण आपका मूड ऑफ हो सकता है. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो आप अपने प्रतियोगी को नीचा दिखाने के चक्कर में कोई अनैतिक कार्य करने से बचे रहे तो आपके लिए अच्छा रहेगा. आप कानून के शिकंजे में फंस सकते हैं।

धनु राशि- कल का दिन ठीक-ठाक रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो अधिकारियों के सामने ज्यादा बोलने से बच्चे अन्यथा, आपके बड़े अधिकारियों के क्रोध का सामना भी करना पड़ सकता है। आपकी डांट पड सकती है. व्यापार करने वाले जातको की बात करें तो मैन्युफैक्चरिंग का काम करने वाले जातकों को अपने उत्पाद की सेल पर भी बहुत अधिक ध्यान देना होगा क्योंकि आपको लाभ की प्राप्ति तभी हो सकती है।

मकर राशि- नौकरी करने वाले जातको की बात करें तो कल आप दफ्तर के कार्यों को लेकर पहले से ही प्लानिंग शुरू कर दें, कि कार्यों को पूरे दिन में कैसे पूरा किया जाए, व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो व्यापारी अपने अपने नेटवर्क को साफ सुथरा रखने का प्रयास करें. व्यापार के मामले में आप थोड़ा सा सावधान रहे।

कुंभ राशि- कल का दिन अच्छा रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आपके दफ्तर में आपको काम करना उच्च अधिकारियों के अंडर में काम करना पड़ सकता है. परंतु आप इसमें अपनी कोई शर्म ना समझे और ना ही अपने स्वाभिमान को बीच में लाएं. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो प्रॉपर्टी डीलर का कार्य करने वाले जातकों को कल अच्छे मुनाफे मिल सकते हैं।

मीन राशि- नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो आप अपनी इनकम को देखते हुए अच्छे संस्थानों में ट्राई करते रहे, आपको जल्दी ही कोई अच्छा ऑफर मिल सकता है और आपकी नौकरी लग सकती है. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो व्यापारियों को कल अपने व्यापार में धन का निवेश न करें।

## शब्दजाल - 7455

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब | क | दो | यु | ला | प | ब | रे | ली | झ | क |
| ज | ल | ल | प | आ | रिं | पू | ना | दि | शा | ऊ |
| अं | इ | रा | म | सं | ग | ल | श | र | न | ल |
| क | कु | दा | म | धा | ब | रा | प | ख | श | र |
| क | ति | ब | न | पु | क | र | ल | ग | वी | इ |
| ब | स्ती | ल | लि | व | र | र्त | ऐ | ढ़ | प | ला |
| ती | अ | ल | श | या | प | म | ग | कौ | ला | ह |
| क | ली | अ | ब | त | क | म | प्प | न | श | बा |
| क | ग | थो | तें | व | ज | ज | द | शा | जू | द |
| द | ढ़ | ल | प | आ | रं | र्त | ऐ | बें | प | रु |
| थो | त | सा | बि | ज | नौ | र | जा | एं | प | क |

*शब्द जाल में उत्तर प्रदेश के 10 जिलों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.*


आगरा,अलीगढ़,इलाहबाद,आजमगढ़, बस्ती, बलिया, बलरामपुर, बरेली, बिजनौर, लखनऊ

### शब्दजाल - 7454 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | हु | मे | रि | सो | म | ना | थ | च | ट | र्जी |
| णे | खु | कु | प | इं | जी | ने | शि | या | ड़ | नी |
| श | पी | जा | म | र | ग | बा | द | ह | प | ल |
| मा | ग | ए | पा | सिं | दू | स | ल | ह | लि | म |
| व | र | अ | सं | न | ह | ला | कि | यो | प | सं |
| ल | इ | वि | मो | ग | प | वा | शी | ह | गी | जी |
| न | जी | ल | रा | व | मा | जो | न | व | प | व |
| क | रि | भा | र | यु | र | स | रा | ल | वि | रे |
| र | या | बा | तें | ह | न | ज | जी | शा | जू | ड्डी |
| र | ग | ल | नो | शि | व | रा | ज | पा | टि | ल |
| बां | स | म | प | ब | लि | रा | म | भ | ग | त |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 6399



**ऊपर से नीचे:-**

१. सनी देओल, मीनाक्षी की फिल्म-३
२. संजयदत्त, जूही चावला की 'आलारे पाउस अला' गीत वाली फिल्म-३
३. आशुतोष गोवारीकर की बहुचर्चित फिल्म 'लगान' के संगीतकार कौन है-४
४. जीतेंद्र, रीना रामेश्वरी की फिल्म-२
५. संजय खान, मुमताज की 'ऐ हसीनों नाजनीनों' गीत वाली फिल्म-२
७. 'दिल मेरा अकेला' गीत वाली आमिर, फैजल, ट्विंकल की फिल्म-२
९. फिल्म 'मन की आँखें' की नायिका थी-३
११. शाहरूख, माधुरी की 'बड़ी मुश्किल है' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'गोरिया रे गोरिया रे' गीत वाली जैकी, जूही, अमृता की फिल्म-३
१३. राजकपूर, नर्गिस की 'काहे कोयल शोर मचाये' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'तन्हा तन्हा दिल धड़के' गीत वाली अक्षय कुमार, सोनाली की फिल्म-३
१५. 'अभिमान' में अमिताभ की नायिका-२
१६. राज बब्बर, रेखा की 'राधारानी ना जइयो' गीत वाली फिल्म-३
१८. राजेश खन्ना, बबीता की फिल्म-२
१९. 'बेचारा दिल क्या करे' गीतवाली फिल्म-३
२१. धर्मेन्द्र, राजेश खन्ना, वहीदा की फिल्म-३
२२. 'कोयल बोली दुनिया डोली' गीत वाली फिल्म-४
२३. अमिताभ, संजीव, शर्मिला की फिल्म-३
२५. 'मैं तो हुँ पागल मुंडा' गीत वाली फिल्म-२
२६. संजयदत्त, सलमान, रवीना की फिल्म-२

**बायें से दायें:-**

१. मनोज वाजपेयी, अरशद, तब्बू, की 'बाब मेरी ये' गीत वाली फिल्म-२
२. 'जीवन से भरी' गीत वाली राजेश खन्ना, शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
४. सुनील शेट्टी, शिल्पा शेट्टी की 'हैलो हैलो बोलके' गीत वाली फिल्म-३
६. 'ऐसा मिलन कल हो ना' गीत वाली सैफअली, काजोल की फिल्म-३
८. कुमार गौरव, विजयेता की 'याद आ रही है' गीत वाली फिल्म-२,२
१०. 'आँखें' ती नायिका कौन थी-२
१२. 'दिल में छुपाके प्यार' गीत वाली दिलीपकुमार, निम्मी की फिल्म-२
१३. दिलीपकुमार, मीना की 'राधा ना बोले ना' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'किसी से तुम' गीत वाली लारा दत्ता, प्रियंका, अक्षय की फिल्म-३
१६. राजकपूर, राजेंद्र, वैजयंती की 'मैं क्या करूंराम' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'छूकर मेरे मन को' गीत वाली अमिताभ, अमजद, नीतू की फिल्म-३
२०. फिल्म 'कहानी किस्मत की' में धर्मेंद्र के साथ नायिका कौन थी-२
२२. नसीर, आमिर, सौनाली, उपासना की 'जो हाल दिल' गीत वाली फिल्म-५
२४. 'दिल में जागी धड़कन' गीत वाली लक्की अली, गौरी की फिल्म-२
२५. अशोककुमार के गाये बालगीत 'रेलगाड़ी रेलगाड़ी' वाली फिल्म-४
२७. 'घर आजा परदेसी' गीत वाली सनी देओल, अमीषा की फिल्म-३
२८. संजयदत्त, मनीषा की 'कसम से कसम से' गीत वाली फिल्म-३
२९. अजय, अभिषेक, रानी, एशा की 'कभी नीम नीम' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 6398

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ध | ड़ | क | न | ■ | को | ■ | सें | स | र |
| र्मा | ■ | र्ज | ■ | मो | ह | रा | ■ | द | ■ |
| ■ | कं | ■ | आ | ■ | रा | ज | कु | मा | र |
| अ | प | ना | प | न | ■ | ■ | ली | ■ | न |
| ■ | नी | ■ | की | ■ | ओ | म | ■ | हि | ■ |
| चे | ■ | ता | क | त | ■ | म | हा | रा | जा |
| त | ब्बू | ■ | स | ■ | दा | ता | ■ | स | ■ |
| ना | ■ | प्रे | म | रो | ग | ■ | सौ | त | न |
| ■ | द | म | ■ | श्र | ■ | स | दा | ■ | ग |
| म | र्द | ■ | जा | न | व | र | ■ | हे | मा |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**20 फरवरी 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 07.45 बजे से |
| चंद्र | मिथुन में | मेष | 09.15 बजे से |
| मंगल | मकर में | वृष | 10.55 बजे से |
| बुध | कुंभ में | मिथुन | 12.53 बजे से |
| गुरु | मेष में | कर्क | 15.07 बजे से |
| शुक्र | मकर में | सिंह | 17.23 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कन्या | 19.35 बजे से |
| राहु | मीन में | तुला | 21.45 बजे से |
| केतु | कन्या में | वृश्चिक | 00.00 ब.से |
| राहुकाल | | धनु | 02.16 बजे से |
| 3.00 से 4.30 | | मकर | 04.21 बजे से |
| बजे तक | | कुंभ | 06.08 बजे से |

**मंगलवार** 2024 वर्ष का 51 वां दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945
**मास** माघ **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** एकादशी 09.56 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** आर्द्रा 12.13 बजे को समाप्त।
**योग** प्रीति 11.46 बजे को समाप्त।
**करण** विष्टि 09.56 बजे तदनन्तर बव 22.39 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 10.1 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 11° 11'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871895
**जूलियन दिन** 2460360.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** सावान
**तारीख** 09
**विशेष** जया एकादशी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगत: ध्यान का अर्थ

एक ऋषि जंगल में अपने शिष्यों के साथ रहते थे। उनके रहने के लिए झोपड़ियां बनी थीं। उन्हीं झोपड़ियों के बीच में झाड़-फूस का एक कक्ष भी था। पूरा माहौल देखकर लगता था मानो वह जगह कोई विद्यापीठ हो। राजा को जब ऋषि के इस विद्यापीठ के बारे में पता लगा तो उसके मन में उस स्थान को देखने की उत्सुकता जागी। एक दिन वह जंगल जा पहुंचा। ऋषि ने राजा का स्वागत किया और जैसी कि राजा की इच्छा थी उसे वहां घुमाना शुरू किया। वह राजा को एक-एक झोपड़ी के पास ले गए और बताने लगे कि उनके शिष्य कहां रहते हैं। कहां स्नान करते हैं, कहां खाना खाते हैं। लेकिन राजा की उत्सुकता तो उन झोपड़ियों के बीच अलग से दिखाई देने वाले कक्ष में थी। राजा ने ऋषि से कई बार पूछा कि वह इस कक्ष में क्या करते हैं, लेकिन ऋषि ने एक बार भी उसके बारे में कुछ नहीं कहा। आखिरकार राजा झुंझला गया। उसने जोर से कहा, 'आपने मुझे हर जगह घुमाया। हरेक स्थान के बारे में बताया पर इस कक्ष को न तो आपने दिखाया और न ही मेरे बार-बार पूछने पर भी यह बताया कि आप और आपके शिष्य इसमें क्या करते हैं?' ऋषि बोले, 'राजन हम इस कक्ष में कुछ नहीं करते हैं? हम यहां मात्र ध्यान में जाते हैं। ध्यान कुछ करना नहीं है। अगर मैं आपके पूछने पर यह उत्तर दूं कि हम यहां ध्यान करते हैं तो यह गलत होगा। क्योंकि ध्यान कोई क्रिया नहीं हैं। इसलिए जब भी आपने इस कक्ष के बारे में पूछा मुझे चुप रहना पड़ा। ध्यान तो वह स्थिति है जब ध्यानी कुछ भी नहीं करता। उसका शरीर भी शांत होता है और मन भी।' राजा ध्यान का अर्थ समझ गया।

## सूडोकू नवताल- 6708

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 8 | 5 | 1 | 9 | 6 | | 7 |
| | | | | | 8 | | | 1 |
| | | 7 | 4 | 6 | | 8 | | 9 |
| 3 | 2 | | | | 7 | | | 8 |
| 1 | | 9 | | 4 | | 7 | | 5 |
| 4 | | | 2 | | | | 9 | 3 |
| 6 | | 3 | | 5 | 1 | 9 | | |
| 8 | | | 3 | | | | | |
| 7 | | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल -6707 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 3 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 2 | 9 | 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 7 |

## शब्द पहेली - 7923



**बाएँ से दाएँ**

1. ओस की बूंदे (उर्दू-4)
3. आसमान, गगन-3
5. निम्न, जो स्तरीय न हो-4
8. रात्रि, निशा-2
10. सिलना, छाती
11. नश, नाड़ी-2
13. एक समाज सुधारक जिनके दोहे काफी प्रसिद्ध हैं-2
15. इसे आंखों में लगाते हैं-3
16. प्रभाव-3
17. समीप, पास, नजदीक-3
19. भगवान, खुदा-2
20. जानवर इसे खाते हैं-2
21. होठ, अधर-2
23. लूटपाट, डाका-4
25. प्रकार-3
26. बेबस, लाचार-4

**ऊपर से नीचे**

1. चिंगारी, अंगारा-3
2. मस्ती में चूर-2
3. इज्जत, साख-2
4. तलवार (उर्दू-4)
6. रसदार, रस से भरा-3
7. मेहंदी, ऋषि कपूर की फिल्म-2
9. सब्जी, भाजी-4
13. कमी-3
14. अकबर के एक हिंदू सलाहकार-4
17. अचरज भरा कार्य-4
18. वायुसेना के एक विमान का नाम-3
20. चाहत, प्रेम-2
22. ऋतुराज, मौज-मस्ती-3
23. रास्ता, डगर-2
24. एक पेड़ जिसकी टहनी से दातुन करते हैं-3

### शब्द पहेली -7922 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ब | र | ग | द | ■ | स | ■ | ■ |
| ■ | द | ■ | म | ■ | कि | फ़ा | य | त |
| अ | ना | प | ■ | कि | रा | या | ■ | ह |
| ■ | म | र | ना | ■ | ये | ■ | रा | जी |
| प्र | ■ | स | म | झ | दा | र | ■ | ब |
| त्या | ग | ■ | क | ■ | र | स | ना | ■ |
| रो | ■ | ज | मा | त | ■ | म | म | ता |
| प | न | प | ना | ■ | चो | ■ | ची | ■ |
| ■ | ■ | ना | ■ | अ | र | मा | न | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद

मुम्बई। घरेलू शेयर बाजार सोमवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही लिवाली (खरीदारी) से आया है। कारोबार के दौरान वित्तीय और उर्जा शेयरों में तेजी से ये उछाला आया। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 281.52 अंक करीब 0.39 फीसदी ऊपर आकर 72,708.16 पर बंद हुआ। इसी प्रकार पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 81.55 अंक तकरीबन 0.37 फीसदी ऊपर आकर 22 हजार के स्तर से ऊपर निकल गया।

आज सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फिनसर्व का शेयर सबसे ज्यादा 2.86 फीसदी ऊपर आया। इसके अलावा आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस, सनफार्मा, आईटीसी, टाइटन और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर भी लाभ के साथ ही ऊपर आये।

वहीं दूसरी ओर एलएंडटी का शेयर सबसे ज्यादा टूटकर बंद हुआ। इसके अलावा विप्रो, टीसीएस, टाटा मोटर्स, एक्सिस बैंक, एशियन पेंट्स सहित 13 कंपनियों के शेयर नीचे आये हैं।

आज एनएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण 4.65 ट्रिलियन डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। इंट्रा-डे (एक ही दिन में खरीदने और बेचने) का कारोबार भी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया।

वहीं आज सुबह वैश्विक बाजारों से एशियाई बाजारों से मिलेजुले रुख के बीच ही यूरोप के शेयर बाजार में गिरावट रही। वहीं चीन का बाजार लूनर न्यू ईयर की लंबी छुट्टी के बाद सोमवार को फिर से खुल गया। इससे पहले आज सुबह वै?श्विक बाजारों से ?मिले अच्छे संकेतों की वजह से पहले कारोबारी दिन सोमवार को घरेलू शेयर बाजार की शुरुआत बढ़त के साथ हुई है। सेंसेक्स और निफ्टी बढ़त पर खुले हैं। वहीं बैंक निफ्टी में भी हल्की बढ़त देखी जा रही है। बाजार की शुरुआत में सेंसेक्स 58 अंक ऊपर आकर 72484 के स्तर के करीब जबकि निफ्टी 38 अंक चढ़कर 22079 के स्तर करीब कारोबार करता दिखा। वहीं चीन के बाजार 6 दिन के बाद खुले।

## जेनिथ ड्र्ग्स का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुला

मुंबई। फार्मा कंपनी जेनिथ ड्र्ग्स लिमिटेड ने सोमवार को आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) सब्सक्रिप्शन के लिए खोल दिया है। कंपनी अपने एसएमई आईपीओ के जरिए 40.6 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है। कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग एनएसई एसएमई प्लेटफॉर्म पर 27 फरवरी को हो सकती है। कंपनी के आईपीओ के लिए प्राइस बैंड 75-79 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। निवेशक आईपीओ को 19 फरवरी से 22 फरवरी तक सब्सक्राइब कर सकते हैं। आईपीओ 51.4 लाख शेयरों का पूरी तरह से ताजा इक्विटी इश्यू है और इश्यू के जरिए कंपनी का टार्गेट 40.6 करोड़ रुपये जुटाने का है।अक्टूबर 2023 को समाप्त अवधि के लिए, कंपनी ने 69.48 करोड़ रुपये का राजस्व और 5.4 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज ?किया। आईपीओ से जुटाई गई राशि से कंपनी मशीनरी की खरीद और नए प्लांट की स्थापना, मौजूदा मैन्युफैक्चरिंग ब्लॉक अपग्रेडेशन, वर्किंग कैपिटल आवश्यकताओं और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। ग्रेटेक्स कॉरपोरेट सर्विसेज आईपीओ की बुक-रनिंग लीड मैनेजर है, जबकि बिगशेयर सर्विसेज रजिस्ट्रार है। ऑफर का लगभग 50 फीसदी योग्य संस्थागत खरीदारों के लिए, 35 फीसदी खुदरा निवेशकों के लिए और शेष 15 फीसदी गैर-संस्थागत निवेशकों के लिए रिजर्व है।

## सोना चमका, चांदी में आई गिरावट

नई दिल्ली। इस सप्ताह सोने के वायदा भाव की शुरुआत सोमवार को तेजी के साथ हुई, जबकि चांदी के वायदा भाव गिरावट के साथ खुले। इस सुस्ती के साथ ही चांदी के वायदा भाव गिरकर 72 हजार रुपये से नीचे आ गए हैं। सोने के वायदा भाव आज की तेजी के साथ 62 हजार रुपये से ऊपर कारोबार कर रहे हैं। वहीं वै?श्विक बाजार में सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेज और चांदी के वायदा भाव की नरम रही। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अप्रैल कॉन्ट्रेक्ट 92 रुपये की तेजी के साथ 61,970 रुपये के भाव पर खुला और 147 रुपये की तेजी के साथ 62,025 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रेक्ट 717 रुपये की गिरावट के साथ 71,395 रुपये के भाव पर खुला और यह 526 रुपये की गिरावट के साथ 71,586 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वै?श्विक बाजार में सोने की शुरुआत तेजी और चांदी की गिरावट के साथ हुई। कॉमेक्स पर सोना 2,027.70 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,024.10 डॉलर था। ?फिलहाल यह 7.20 डॉलर की तेजी के साथ 2,031.30 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 23.46 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 23.47 डॉलर था। यह 0.31 डॉलर की गिरावट के साथ 23.16 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

## बायजू राइट्स इश्यू को 30 करोड़ डॉलर की प्रतिबद्धता मिली!

मुंबई। बायजू को राइट्स इश्यू से करीब 30 करोड़ डॉलर की कुल प्रतिबद्धता प्राप्त हुई है। कुछ निवेशकों ने राइट्स इश्यू का आकार बढ़ाने का भी सुझाव दिया है, लेकिन कंपनी के लिए प्राथमिकता मौजूदा इश्यू को सफलतापूर्वक बंद करना है। एडटेक प्रमुख थिंक एंड लर्न को राइट्स इश्यू के जरिए निवेशकों से 30 करोड़ डॉलर की प्रतिबद्धता मिली है। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि बायजू ब्रांड नाम के तहत संचालन करने वाली कंपनी थिंक एंड लर्न ने 22-25 करोड़ अमेरिकी डॉलर उद्यम मूल्यांकन पर 20 करोड़ अमेरिकी डॉलर जुटाने के लिए जनवरी में राइट्स इश्यू जारी किया था। यह फरवरी आखिर में बंद होगा। बताया जा रहा है कि अभी तक बायजू को राइट्स इश्यू से करीब 30 करोड़ डॉलर की कुल प्रतिबद्धता प्राप्त हुई है।

# छत्रपति शिवाजी महाराज जी की मनाई गई जयंती

लांजी (पद्मेश न्यूज)। नगर व क्षेत्र में 19 फरवरी को शिवाजी शहाजी राजे भोसले की जयंती बड़े धूमधाम के साथ मनाई गई है। छत्रपति शिवाजी महाराज एक भारतीय शासक थे, जिन्होंने मराठा साम्राज्य खड़ा किया था। वे बहुत बहादुर, बुद्धिमानी, शौर्य और दयालु शासक थे। शिवाजी बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे, उन्होंने भारत देश के निर्माण के लिए बहुत से कार्य किये। वे एक महान देशभक्त भी थे, जो भारत माता के लिए अपना जीवन तक न्योछावर करने को सदैव तैयार थे। 15 साल की उम्र में शिवाजी ने पहला युद्ध लड़ा, उन्होंने तोरना किले में हमला कर उसे जीत लिया। इसके बाद उन्होंने कोंडाना और राजगढ़ किले में भी जीत का झंडा फहराया। ऐसे साहसी योद्धा की जन्मजयंती को बालाघाट जिले की लांजी तहसील में जगदंब सेना के द्वारा बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया।



जगदंब सेना के सदस्यों के द्वारा इस वर्ष छात्र छात्राओं की परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुये शांति पूर्ण रूप से छत्रपति शिवाजी महाराज जी की जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम सेना के जांबाज देशभक्तों के द्वारा नगर के हृदय स्थल में स्थित स्वतंत्रता संग्राम के योद्धा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा के समक्ष वीर शिवाजी का छायाचित्र लगाया गया, तदोपरांत उपस्थित सभी युवाओं के द्वारा बारी बारी से पूजा अर्चना की गई। वहीं उपस्थित सदस्यों ने शिवाजी के चरित्र का बखान किया। जयंती समारोह के दौरान मुख्य रूप से जगदंब सेना के अध्यक्ष विशाल रामटेके, जीतू बेदरे, गज्जू किरनापुरे, विकास, आकाश, पप्पू, केदार, पारस, मनोज, चिंतेश, प्रणय, राहुल ऋतिक सहित समस्त सदस्य जगदंब सेना उपस्थित रहे।

# महाविद्यालय परीक्षा देने जा रही दो छात्राएं स्कूटी से गिरकर हुई घायल

लांजी (पद्मेश न्यूज)। नगर के सुभाष चौक में 19 फरवरी की सुबह करीब 8.30 बजे परीक्षा देने जा रही दो छात्राऐं स्कूटी से गिरकर घायल हो गई। जिन्हे आसपास के लोगों ने उठाकर अस्पताल पंहुचाया। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार पॉली एकेडमिक संस्थान में बीएससी बीएड में अध्ययनरत दो छात्राऐं अभिलाषा नेवारे एवं पल्लवी पटले ग्राम दहेगांव निवासी अपनी स्कूटी वाहन क्रमांक एमपी 50 जेड ए 5361 से आमगांव से मार्ग से शासकीय महाविद्यालय लांजी परीक्षा देने के लिये जा रही थी तभी लांजी नगर के गोल चौराहे से एक मोटर सायकल तेज गति से सामने से निकली, जिससे स्कूटी सवार छात्राऐं अनियंत्रित होकर गिर गई। जिससे दोनों को गंभीर चोटे आई है। घटना स्थल में उपस्थित लोगों के द्वारा दोनों ही घायल छात्राओं को सिविल अस्पताल लांजी पंहुचाया गया एवं उनके परिजनों को सूचना दी गई। सिविल अस्पताल लांजी में डॉ सुजाता गेड़ाम के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया एवं परिजनों के द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य से चर्चा कर परीक्षा दिलवाई गई।



# पूर्वाटोला में ग्राम को नशामुक्त करने लिया शपथ



लांजी (पद्मेश न्यूज)। क्षेत्र के ग्राम पूर्वाटोला में 19 फरवरी को जिला समन्वयक सुशील बर्मन एवं रुचिका वेश विकासखंड समन्वयक के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था स्पोर्ट एण्ड स्काउट गाइड आर्गनाइजेशन एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पूर्वाटोला के सयुक्त तत्वधान में जनपद सदस्य दिनेश लांडे एवं सरपंच गणेश बागड़े के मुख्य आतिथ्य में नशामुक्ति पर संगोष्ठी एवं शपथ का कार्यक्रम करवाया गया। उक्त कार्यक्रम में मेंटर संदीप कुमार रामटेककर ने नशे की लत से आने वाले दूष परिणामों की जानकारी दी, कि कैसे परिवार की आर्थिक और सामाजिक स्थिति कमजोर होती हैं तथा अंत में ग्रामीणों ने अपने ग्राम को नशा मुक्त करने की शपथ ली। उक्त कार्यक्रम में नवांकुर संस्था के कार्यक्रम समन्वयक लवकुश यादव, नगर परिषद उपाध्यक्ष एवं परामर्शदाता संदीप कुमार रामटेककर, प्रस्फुटन समिति से मोहित यादव,सरस्वती यादव, रामेश्वरी ठोमरे, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू के छात्र छात्रा माधुरी अतकरे, प्रेरणा बागड़े,पंकज रामटेककर एवं लगभग 35 ग्रामीण उपस्थित थे।

# शासकीय महाविद्यालय में भोज अध्ययन केन्द्र का प्रवेश उत्सव संपन्न

लांजी (पद्मेश न्यूज)। शासकीय महाविद्यालय लांजी के भोज अध्ययन केन्द्र 1534 में प्रवेश उत्सव का आयोजन 19 फरवरी 2024 सोमवार को किया गया। भोज अध्ययन केन्द्र प्राचार्य आर आर सोनवाने जी द्वारा केन्द्र में संचालित विभिन्न विषयों सहित डिग्री डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की जानकारी छात्र-छात्राओं को दी गई एवं महाविद्यालय लांजी में विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध संशाधनों के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई इसी कड़ी में भोज अध्ययन केन्द्र के समन्वयक सुरेन्द्र कुमार चिखले सहायक प्राध्यापक समाज शास्त्र द्वारा विद्यार्थियों को बताया कि वह नियमित अध्ययन के साथ-साथ भोज मुक्त विश्वविद्यालय से भी अन्य संकाय में डिग्री, डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट कोर्स में प्रवेश प्राप्त कर सकते है साथ ही जो लोग नियमित अध्ययन नहीं कर पाते वे लोग भोज मुक्त विश्व विद्यालय के माध्यम से अपनी शैक्षणिक योग्यता बढ़ा सकते है। उनके द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विभिन्न नियमों को भी विद्यार्थियों को बताया गया साथ ही स्नातकोत्तर स्तर पर प्रवेश प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बताया कि वह वार्षिक पद्धति के




आधार पर दो वर्ष में पाठ्यक्रम पूर्ण कर सकते है। वर्तमान में शासकीय महाविद्यालय लांजी के भोज अध्ययन केन्द्र में बी.ए., बी.एस.सी. सहित स्नातकोत्तर स्तर पर एम.ए. राजनीति शास्त्र, समाज शास्त्र, अर्थषास्त्र, हिन्दी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य आदि विषयों में पाठ्यक्रम संचालित किये जा रहे है जिसकी जानकारी प्रवेश उत्सव के दौरान प्रदान की गई। इस दौरान महाविद्यालय स्टॉफ से गोलू परते (सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र), डॉ डॉलेश कुमार विजयवार, डॉ. ललित कामड़े क्रीड़ा अधिकारी, ज्ञानदेव कुशले (भोज केन्द्र सहायक) सहित समस्त महाविद्यालय स्टॉफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## राजेन्द्र उर्फ रज्जू दा श्रीवास्तव पंचतत्व में विलीन



लांजी (पद्मेश न्यूज)। अमेड़ा लांजी निवासी पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष नरबदा प्रसाद श्रीवास्तव के भतीजे राजेन्द्र उर्फ रज्जू दा श्रीवास्तव पिता मनमोहन लाल श्रीवास्तव का 18 -19 फरवरी के मध्य रात्रि करीब 1 बजे गोंदियां के एक निजी अस्पताल में बिमारी के चलते 74 वर्ष की आयु में निधन हो गया। आप अपने पीछे दो पुत्र आशीष सोनू श्रीवास्तव, अभिषेक मोनू श्रीवास्तव एवं पुत्रवधु, नाती पोतो से भरा पुरा परिवार छोड़ इस दुनिया से विदा हो गये। आपका अंतिम संस्कार स्थानीय कोटेश्वर मोक्षधाम में सामाजिक रीति रिवाजों के साथ किया गया। अंतिम संस्कार में नाते रिश्तेदारों, सामाजिक गणों सहित राजनैतिक दलों के लोगो के द्वारा पहुंचकर पंच लकड़ी प्रदान कर ईश्वर से मृत आत्मा की शांति के लिये तथा इस दुःख की घड़ी में परिवार को संबल प्रदान करने परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की है।

## श्री लक्ष्मीकान्ता कॉलेज ऑफ टेक्नालॉजी बी काम द्वितीय का परीक्षा परिणाम रहा सराहनीय



लांजी (पद्मेश न्यूज)। राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवा ?ा द्वारा 15 फरवरी को बी.कॉम. (कॅम्प्यूटर एप्लीकेशन) द्वितीय वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें श्री लक्ष्मीकान्ता कॉलेज ऑफ टेक्नालॉजी, लाँजी का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। बी.कॉम. (कॅम्प्यूटर एप्लीकेशन) द्वितीय वर्ष में छात्र भागवत कावरे 72 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान, छात्रा कु. लता कावरे 70 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान एवं छात्र युवराज पांचे 69 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय में बी.कॉम. (कॅम्प्यूटर एप्लीकेशन) द्वितीय वर्ष में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले में सविता नागेश्वर, मनीष झगराहे, प्रियेश सहारे शामिल हैं। छात्र-छात्राओं की इस सफलता पर महाविद्यालय के संचालक, प्राचार्य, समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टॉफ ने शुभकामनाएँ एवं बधाई प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

**दुकान किराये से देना है**

संपर्क करें- कैलाश साहू
जे.के.प्रिंटर्स, गौली मोहल्ला
वार्ड नं. 15, बालाघाट, मो.9425140128

**प्लॉट बेचना है**

गोंगलई मे गोंदिया रोड़ से लगा हुआ प.ह.नं. 19 मे रकबा 0.0023 हे. 39म 65X2535 वर्गफीट डायवर्सन युक्त प्लॉट बेचना है।
संपर्क करें 9993754780

# ग्राम मोहारा में संपन्न हुआ मातृ-पितृ पूजन दिवस का भव्य कार्यक्रम



किरनापुर (पद्मेश न्यूज)। विश्व वंदनीय संत शिरोमणि परम पूज्य संत श्री आशारामजी बापूजी के पावन प्रेरणा से श्री योग वेदांत सेवा समिति किरनापुर बालाघाट द्वारा ग्राम मोहारा में श्रीराम मंदिर के सामने, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रांगण में मातृ-पितृ पूजन दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थी, शिक्षकगण, ग्रामवासी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे । कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन, अतिथियों का स्वागत तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए एवं अंत में संत श्री आशारामजी बापू आश्रम बालाघाट के संचालक चंद्रशेखर भाई द्वारा मातृ - पितृ पूजन कार्यक्रम संपन्न करवाया गया। कार्यक्रम बहुत ही भव्यता,दिव्यता और उत्साह से मनाया गया,जो सभी को भावविभोर कर हृदय को अदभुत भाव धारा से सराबोर कर दिया।अभिभावक,बच्चे, ग्रामीण जन प्रेमाश्रु से छलक उठे,सभी गदगद होकर मातृ-पितृ पूजन दिवस मनायें ,बच्चो ने नित्य माता-पिता-गुरुओं को प्रणाम करने का वचन लिए,माता पिता भी शुभ संकल्प कर बच्चो को हृदय से लगाकर आशीर्वाद दिए। कार्यक्रम में सभी की सेवा सराहनीय थी और सभी लोग बहुत आनंदित हुए।इस दैवी सेवा में श्री योग वेदांत सेवा समिति किरनापुर के अध्यक्ष जितेंद्र कनोजे, संजय ऐडे, संजय ठाकरे, अशोक ठाकरे, मनोज भाई, लिलेश्वरी ऐड़े, ममता कनोजे, रोशनी कनोजे एवं अन्य भक्त ,सज्जन अपनी तन, मन से सेवा दिए। श्री योग वेदांत सेवा समिति किरनापुर सहृदय समस्त जनमानस का आभार व्यक्त किया है।

# नाबालिक से छेड़छाड़ का आरोपी अतुल नंदागौली गिरफ्तार

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी थाना अंतर्गत ७ वर्षीय नाबालिक के साथ छेड़छाड़ करने के आरोप में वारासिवनी पुलिस के द्वारा फरार आरोपी ग्राम मुरझड़ निवासी २६ वर्षीय अतुल पिता गणेश नंदागोली को गिरफ्तार कर १९ फरवरी को वारासिवनी न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जिसे न्यायालय ने जेल भेज दिया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार २६ जनवरी की शाम करीब ६.३० बजे ७ वर्षीय नाबालिक अपने घर के सामने खेल रही थी । तभी अतुल नंदागौली वहां जाकर नाबालिक को अपने साथ लेकर चले गया। इसके बाद नाबालिक की मां को जानकारी लगी थी की उसकी बेटी को अतुल खेत की ओर लेकर गया है। जिस पर उसने वहां जाकर देखा और अपनी बेटी को बुलाकर पूछताछ की इसके बाद महिला ने घटना की जानकारी अपने पति को देकर वारासिवनी थाने में आकर रिपोर्ट दर्ज करवायी है। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर अतुल पिता गणेश नंदागौली उम्र २६ वर्ष मुरझड़ निवासी के खिलाफ भादवि की धारा ३६३,३५४,३५४ क एक आई एवं पास को एक्ट की धारा ७ ८ के तहत अपराध पंजीबद कर जांच में ही लिया है। वहीं फरार आरोपी की सरगर्मी से पतासाजी की जा रही थी जिसे पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर १९ फरवरी को गिरफ्तार कर वारासिवनी न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी बिभेन्द्रु व्यंकट टांडिया, उपनिरीक्षक पवन यादव ,आरक्षक वीरेंद्र रावतकर ,लक्ष्मण सपाटे का सराहनीय योगदान रहा।



# अमानक पॉलीथिन जब्ती की कार्रवाई पर मचा घमासान

## व्यापारियों ने नपा सीएमओ के पास पहुंचकर जताई आपत्ति

कटंगी (पद्मेश न्यूज)। नगर परिषद कटंगी ने शहरी क्षेत्र में अमानक पॉलीथिन की जब्ती की कार्रवाई को शनिवार से अंजाम देना शुरू किया है. जिसके चलते सफाई शाखा प्रभारी और उनकी टीम नगर के दुकानों में पहुंचकर पॉलीथिन जब्त करने की कार्रवाई कर रही है. इस दौरान टीम के कर्मचारी दुकानों में घुसकर पॉलीथिन निकाल रहे है इसी को लेकर शनिवार को नपा की महिला कर्मचारियों के साथ एक दुकानदार ने कथित तौर पर धक्का मुक्की की थी. इस पूरी घटना के बाद महिला कर्मचारियों ने पुलिस से शिकायत की थी. वहीं सीएमओ ने भी पुलिस को पत्र लिखकर कार्रवाई करने के लिए कहा था. वहीं आज सोमवार को जब पुलिस ने दुकानदार को तलब किया तो नगर के तमाम व्यापारियों ने इस पर आपत्ति और नगर परिषद कार्यालय पहुंचकर विरोध जताया. व्यापारियों ने कहा कि इस तरह नपा कर्मचारी कार्रवाई के नाम पर अपनी मनमानी कर रहे है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. बता दें कि कथित तौर हुई धक्का मुक्की की घटना के बाद दुकानदार ने नपा कर्मचारियों से माफी मांग ली थी और मामला शांत हो चुका था लेकिन सोमवार को जब पुलिस ने दुकानदारों को तलब किया तो व्यापारियों ने एक राय होकर नपा की कार्रवाई का विरोध शुरू कर दिया. व्यापारियों ने ऐसा कर निश्चित तौर पर नपा पर दबाव बनाने की कोशिश की और आखिरकार नपा प्रशासन को पीछे हटना पड़ा. बहरहाल, मामला तो शांत हो गया किन्तु क्या ऐसा करने से अमानक पॉलीथिन पर कार्रवाई का सिलसिला रूक जाएगा यह एक बड़ा सवाल है।



**लांजी में ''पद्मेश''**

इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें

Mo. 8319969927

**भानेगांव में ''पद्मेश''**

इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें

Mo. 8319969927

**बोलेगांव में ''पद्मेश''**

इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें

Mo. 8319969927

### मोहन कैबिनेट के फैसले

# उज्जैन व्यापार मेले में वाहनों पर 50 प्रतिशत मिलेगी छूट

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में सांमवार को मंत्रालय में कैबिनेट बैठक हुई। कैबिनेट बैठक में उज्जैन व्यापार मेले में वाहनों की खरीद पर टैक्स में 50 प्रतिशत रियायत देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। मोटरयान कर में छूट देने का कैबिनेट ने निर्णय लिया गया। इसके साथ-साथ इंदौर-उज्जैन मार्ग को सिक्स लेन बनाने के प्रस्ताव पर भी मुहर लगी है। इस प्रोजेक्ट में 1700 करोड़ रुपये की लागत आएगी। सिंहस्थ-2028 को देखते हुए यह निर्णय लिया गया।

संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कैबिनेट के बाद ब्रीफिंग में कहा कि उज्जैन में कार्तिक मेला काफी समय से लगता आ रहा है। अगले महीने से लगने वाले इस व्यापार मेले में ऑटोमोबाइल पर छूट देने का फैसला लिया गया है, जिस तरह ग्वालियर मेले में 50 प्रतिशत की छूट दी जाती है। वैसे ही यहां भी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अयोध्या में



भगवान राम लला की प्राण प्रतिष्ठा हमारे देश की सांस्कृतिक गौरव को बढ़ाने वाला काम हुआ है।

#### सिक्सलेन होगी इंदौर-उज्जैन रोड

उज्जैन सिंहस्थ की तैयारियां चल रही हैं। इंदौर-उज्जैन रोड को सिक्सलेन करने का फैसला किया है। हातोद से पैरेलल रोड बनाई जाएगी। 1700 करोड़ की लागत से यह सडक़ पीपीपी मॉडल पर बनाई जाएगी।

#### कॉलेज ऑटोनॉमस बनाए जाएंगे

नई शिक्षा नीति के तहत बड़े-बड़े विश्वविद्यालयों को ऑटोनॉमस बनाया जाएगा। कॉलेज भी ऑटोनॉमस बनाए जाएंगे। बड़े-बड़े विश्वविद्यालय का डिवीजन किया गया है। सबसे पहले नए टंट्या मामा भील विश्वविद्यालय को देवी अहिल्याबाई विश्वविद्यालय से विभाजित कर शुरू किया जा रहा है। ये विश्वविद्यालय खरगोन में संचालित होगा। क्रांतिवीर तात्याटोपे विश्वविद्यालय गुना में ग्वालियर विश्वविद्यालय से अलग कर शुरू किया जाएगा। इसमें गुना, और अशोकनगर जिले अभी लिए हैं। बाकी फैसला बाद में लिया जाएगा।

#### गोशालाओं को मजबूत बनाया जाएगा

कैबिनेट में अनौपचारिक रूप से जो गोशालाओं को और मजबूत बनाने और सामाजिक संगठनों के माध्यम से गए जो सडक़ पर घूमती है वह गोशाला तक पहुंचे का निर्णय हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि गोशालाएं आत्मनिर्भर हो सकती हैं। गोबर गोमूत्र से क्या-क्या किया जा सकता है। कई गोशालाएं ऐसी हैं, जहां गोबर से अगरबत्ती बनाई जाती हैं। गोशालाओं में गायों को मेडिकल फेसिलिटी मिले इसके लिए सरकार वृहद कार्ययोजना बना रही है।

#### दो नए सदस्यों की नियुक्ति

डॉ. एचएस मरकाम (सहायक प्राध्यापक दंतरोग, जबलपुर मेडिकल कॉलेज) और डॉ. नरेंद्र कुमार कोष्टी (सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र, महाकौशल कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय जबलपुर) को लोक सेवा आयोग में सदस्य बनाने का निर्णय हुआ।

आंवलिया मध्यम सिंचाई परियोजना की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति ली गई। खंडवा के खालवा तहसील के रोशनी गांव के समीप घोड़ापछाड़ नदी पर आंवलिया परियोजना प्रस्तावित है। इसके लिए 165 करोड़ की स्वीकृति कैबिनेट ने दी।

## भाप्रसे के अधिकारियों की नवीन पदस्थापना

भोपाल। राज्य शासन द्वारा भाप्रसे के निम्नांकित अधिकारियों को अस्थाई रुप से आगामी आदेश तक, स्थानापन्न रुप से पदस्थ किया गया है -

लोकेश कुमार जाटव को आयुक्त वाणिज्यक कर, इन्दौर तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश वित्त निगम, इन्दौर (अतिरिक्त प्रभार) से सचिव, मध्यप्रदेश शासन, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, स्वतंत्र कुमार सिंह को सचिव, मध्यप्रदेश शासन, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग तथा सचिव, मध्यप्रदेश शासन, विमुक्त घुमन्तु एवं अर्धघुमन्तु जनजाति विभाग ( अतिरिक्त प्रभार,) से आयुक्त वाणिज्यिक कर, इन्दौर तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश वित्त निगम, इन्दौर(अतिरिक्त प्रभार), अनुराग चौधरी को अपर सचिव, मध्यप्रदेश शासन, पशुपालन एवं डेयरी विकास तथा मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग से प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश खिनज निगम, मध्यप्रदेश भोपाल तथा पदेन अपर सचिव, मध्यप्रदेश शासन, खनिज साधन विभाग तथा संचालक प्रशासन एवं खनिकर्म, संचालनालय भौमिकी एवं खनिकर्म भोपाल (अतिरिक्त प्रभार,) संजय कुमार को कलेक्टर जिला श्योपुर से अपर सचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजीव रंजन मीना को प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश खनिज निगम, मध्यप्रदेश भोपाल तथा पदेन उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन, खनिज साधन विभाग तथा संचालक, प्रशासन एवं खनिकर्म, संचालनालय भौमिकी एवं खनिकर्म, भोपाल (अतिरिक्त प्रभार,) से उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन पदस्थ किया गया है।

अनुज कुमार रोहतगी, राप्रसे (पी-2005), अपर कलेक्टर, जिला श्योपुर को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ - साथ अस्थाई रुप से आगामी आदेश तक कलेक्टर जिला श्योपुर का प्रभार अतिरिक्त रुप से सौंपा गया है।

## भापुसे अधिकारी संजय सिंह को अतिरिक्त प्रभार

भोपाल। राज्य शासन द्वारा संजय सिंह, भापुसे (2011) सहायक पुलिस महानिरीक्षक, अअवि, पुलिस मुख्यालय को उनके वर्तमान कार्य के साथ - साथ अस्थाई रुप से आगामी आदेश तक पुलिस अधीक्षक जिला छिंदबाड़ा के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

## भापुसे अधिकारी विनायक वर्मा की सीबीआई में नियुक्ती

भोपाल। भारत सरकार, गृह मंत्रालय , नई दिल्ली द्वारा भापुसे अधिकारी विनायक वर्मा को सीबीआई में पुलिस अधीक्षक के पद पर नियुक्ति प्रदान करने के फलस्वरुप, राज्य शासन द्वारा उनकी सेवाएं, उक्त पद का कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 05 वर्ष अथवा अन्य आगामी आदेश तक जो भी पहले हो, भारत सरकार, गृह मंत्रालय को सौंपी गई है।

# कांग्रेसी ही रहेंगे कमलनाथ

## पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा बोले- छिंदवाड़ा में कांग्रेस से चुनाव लड़ेंगे नकुलनाथ

नई दिल्ली। मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और उनके बेटे सांसद नकुलनाथ के भाजपा में शामिल होने की अटकलों पर सोमवार दोपहर में ब्रेक लग गया। सोमवार को कमलनाथ के साथ बैठक के बाद पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा ने कहा- कमलनाथ जी कह रहे हैं कि कोई कहीं नहीं जाने वाला। जिन लोगों ने कांग्रेस को वट वृक्ष बनाया है, वो कैसे छोड़ सकते हैं।

सज्जन वर्मा ने कहा कि कमलनाथ की राहुल गांधी और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े से बात हुई है। छिंदवाड़ा से कांग्रेस के टिकट पर नकुलनाथ चुनाव लड़ेंगे। इससे पहले उन्होंने अपने बंगले पर बैठक की, जिसमें मध्य प्रदेश के विधायक, पूर्व विधायक और वरिष्ठ



नेता शामिल हुए। कांग्रेस सांसद राजमणि पटेल ने कहा कि कमलनाथ लंबे समय से देश में नफरत फैलाने वाली सोच के खिलाफ लड़ रहे हैं। यह उम्मीद करना कठिन है कि वह भाजपा में शामिल होंगे।

#### प्रदेश प्रभारी को जिम्मेदारी

मप्र कांग्रेस में टूट की खबरों को लेकर एकजुटता की जिम्मेदारी प्रदेश प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह को दी गई है। जितेंद्र सिंह मंगलवार को भोपाल आएंगे। वे विधायकों से वन टु वन चर्चा करेंगे। बैठक सुबह 10:30 बजे शुरू होगी। बताया जा रहा है कि विधायकों को लोकसभा चुनाव और भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर चर्चा के लिए बुलाया गया है।

#### कमलनाथ पार्टी की संपत्ति- उमंग सिंघार

कमलनाथ के भाजपा में शामिल होने की खबरों के बारे में पूछने पर कांग्रेस नेता उमंग सिंघार ने कहा कि यह सब अफवाहें हैं, कमलनाथ ने कभी ऐसा कुछ नहीं कहा है। वह पार्टी की संपत्ति हैं।


यह मीडिया की उपज- सज्जन

कमलनाथ के करीबी और पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने रविवार को मीडिया से कहा कि कमलनाथ ने कहा कि उन्होंने (पार्टी छोडऩे के बारे में) ऐसा कुछ भी नहीं सोचा है। अभी उनका फोकस इस बात पर है कि मध्य प्रदेश की 29 लोकसभा सीटों पर जातीय समीकरण कैसे होंगे। कमलनाथ के भाजपा में जाने की बात मीडिया की उपज है। वे कहीं नहीं जा रहे हैं।

### पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने की मांग

## चांचौड़ा, कुम्भराज क्षेत्र सूखाग्रस्त घोषित हो

गुना । प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने जिले के चांचौड़ा, कुंभराज इलाके को सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इलाके में सूखे की स्थिति निर्मित हो रही है। पीने के पानी का भी गर्मी में संकट रहेगा। इसलिए राज्य शासन को तत्काल सर्वे कराकर सूखाग्रस्त घोषित करना चाहिये।



बता दें कि पूर्व सीएम और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह जिले के दो दिवसीय दौरे पर हैं। सोमवार को उन्होंने चांचौड़ा और राघोगढ़ विधानसभा के कार्यकर्ताओं की बैठक ली। मंगलवार को वह गुना और बमोरी विधानसभा के विभिन्न मोर्चों के कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे। इसमे राहुल गांधी की न्याय यात्रा की तैयारियों पर भी चर्चा हो सकती है। इसके अलावा आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भी चर्चा होगी।

दिग्विजय सिंह ने सोमवार को सोशल प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि गुना जिले के चांचौड़ा, कुंभराज क्षेत्र में सूखे की स्थिति निर्मित हो रही है। फसल कमजोर हुई है और पीने के पानी का भी गर्मी में भारी संकट रहेगा। राज्य शासन को तत्काल सर्वे करवा कर सूखा प्रभावित क्षेत्र घोषित किया जाना चाहिए।

## स्कूलों में पढ़ाए जाएंगे मतदान के मायने

### - युवाओं को मतदान के प्रति जागरूक करने चलेगा अभियान

भोपाल। चुनाव आयोग मतदाताओं खासकर युवाओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए अब इसे पाठ्यक्रम में भी शामिल किया जाएगा। अब स्कूल कॉलेज में युवाओं को मतदान के मायने पढ़ाए जाएंगे। उन्हें एक-एक वोट की कीमत बताते हुए लोकतांत्रिक पद्धति के जरिए सरकार चुनाव की व्यवस्था बताई जाएगी। इसके लिए स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम में मतदाता जागरूकता वोटिंग के महत्व और सरकार चुनने में उनकी भूमिका को शामिल किया जाएगा। यह व्यवस्था अगले साल से लागू होगी। सीबीएसई और स्टेट के पाठ्यक्रमों में इसे शामिल किया जाएगा। इस संबंध में भारत निर्वाचन, यूजीसी, एनसीईआरटी ने केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के समक्ष एक एमओयू साइन किया है। एनसीईआरटी इस कोर्स को डिजाइन कर इस पाठ्यक्रम में शामिल करेगी।

## पशु चिकित्सा एवं मत्स्य विज्ञान स्नातक पाठ्यक्रमों में नीट की प्रावीण्य सूची के आधार पर होगा प्रवेश

भोपाल। मध्यप्रदेश शासन के नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के बैचलर ऑफ़ वेटरनरी साइंस एंड एनिमल हसबेंडरी तथा बैचलर ऑफ़ फिशरीज साइंस पाठ्यक्रम के राज्य कोटा की सीटों पर वर्ष 2024-25 से नीट(हृश्वश्वञ्ज) की प्रावीण्य सूची के आधार पर प्रवेश होगा। मध्य प्रदेश शासन, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के आदेश अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा सूचना जारी कर दी गई है। इन पाठ्यक्रमों के लिए आगामी 9 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन व ` ब स ा इ ट https://e&ams.nta.ac.in/NEET पर किए जा सकते हैं। नीट प्रवेश परीक्षा 5 मई, 2024 रविवार को दोपहर 2:00 बजे से अपराह्न 5:20 तक होगी।

- प्रमुख सचिव, पशुपालन एवं डेयरी गुलशन बामरा ने बताया कि नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के अंतर्गत संचालित जबलपुर, महू एवं रीवा के पशु ि च ि क त स ा विज्ञान महाविद्यालयों में बैचलर ऑफ़ वेटरनरी साइंस एंड एनिमल हसबेंडरी पाठ्यक्रम की राज्य कोटा की 255 अर्थात 85त्न सीटों पर वर्ष 2024-25 से नीट की प्रावीण्य सूची के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। इसी प्रकार विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय, जबलपुर में बैचलर ऑफ फिशरीज साइंस पाठ्यक्रम की राज्य कोटा की 46 अर्थात 80त्न सीटों पर भी वर्ष 2024-25 से नीट के माध्यम से प्रवेश होगा।

# भाजपा की पहली सूची में होंगे सात प्रत्याशियों के नाम

## - इस माह के अंत तक हो सकती है घोषणा

भोपाल। लोकसभा चुनाव की रणभेरी कभी भी बज सकती है। इसकी वजह से भाजपा व कांग्रेस में अपने-अपने स्तर पर प्रत्याशियों के चयन का काम तेजी से किया जा रहा है। माना जा रहा है कि इस मामले में भाजपा कांग्रेस से बाजी मार सकती है। इसकी वजह है भाजपा की पहली सूची तैयार हो जाना। इस सूची में प्रदेश की सात लोकसभा सीट के प्रत्याशियों के नाम बताए जा रहे हैं। उधर, भाजपा ने चुनाव को लेकर बूथ स्तर तक पूरी तैयारी कर ली है। इसके उलट कांग्रेस अभी संगठनात्मक जमावट के प्रयासों में लगी हुई है। कांग्रेस भी जल्द से जल्द अपने प्रत्याशियों की घोषणा की कवायद कर रही है, लेकिन उसके सामने मजबूत प्रत्याशियों के नाम तय करने में मुश्किलें आ रही है। कांग्रेस के दिग्गज नेता भी इस बार लोकसभा चुनाव लडऩे में रुचि नहीं ले रहे हैं, जिसकी वजह से कांग्रेस का प्रत्याशी चयन का काम प्रभावित हो रहा है। दोनों दलों में प्रत्याशियों के नामों को लेकर बैठकों का दौर पूरा हो चुका है। केंद्रीय नेतृत्व की ओर से कभी भी प्रत्याशियों के नामों का ऐलान संभव है। भाजपा नेतृत्व मार्च के पहले हफ्ते से मप्र में चुनावी आगाज शुरू कर देगा। इसके साथ ही उसकी पहली सूची भी जारी हो जाएगी। इसके उलट कांग्रेस लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी नेता राहुल गांधी की न्याय यात्रा के जरिए लोकसभा चुनाव में उतरने की रणनीति पर काम कर रही है। मप्र में लोकसभा की 29 सीटें हैं। इनमें से सिर्फ छिंदवाड़ा को छोडक़र शेष 28 सीटें भाजपा के पास हैं। हालांकि पिछले साल विधानसभा चुनाव में 5 सांसदों के विधानसभा चुनाव जीतने के बाद से मुरैना, जबलपुर, सीधी, होशंगाबाद और दमोह सीट खाली हो गई हैं। खाली सीटों पर प्रत्याशियों के नाम लगभग तय हैं। इन सीटों पर ही पहली सूची में प्रत्याशी के नामों को एलान किया जाएगा। इसके साथ ही पार्टी विधानसभा चुनाव हारने वाले अपने दो सांसदों की सीटों पर भी नए प्रत्याशी उतार सकती है। इस बार गणेश सिंह, केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते और जनार्दन मिश्रा का टिकट खतरे में पड़े हुए हैं। वैसे भी यह तीनों चेहरे पार्टी द्वारा बनाई गई गाइड लाइन में फिट नहीं बैठते हैं। इसके अलावा माना जा रहा है कि पार्टी इस बार पहली ही सूची में छिंदवाड़ा लोकसभा सीट के प्रत्याशी के नाम की भी घोषणा कर सकती है। दरअसल पार्टी ने विधानसभा चुनाव में पूर्व में हारी हुई सीटों पर समय से पहले प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की थी, जिसका फायदा उसे प्रदेश में मिल चुका है। यही वजह है कि भाजपा अब लोकसभा चुनाव में भी इसी फार्मूला को आजमाने जा रही है। माना जा रहा है कि पार्टी इसी माह अपने प्रत्याशियों के नामों की सूची जारी कर देगी।

#### भाजपा ने की पूरी तैयारी

ढाई महीने पहले विधानसभा चुनाव में भारी बहुमत से जीत दर्ज करने वाली भाजपा लोकसभा चुनाव में कोई लापरवाही नहीं करना चाहती है। यही वजह है कि चुनाव के लिए मैदानी स्तर तक अभी से पूरी तैयारी कर ली गई है। भाजपा इस बार प्रदेश की सभी सीटों की जीत का लक्ष्य लेकर चल रही है। इसके लिए लोकसभा प्रभारी, सह प्रभारियों के लगातार दौरे हो रहे हैं। साथ ही विधानसभावार भी प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। वरिष्ठ नेताओं को संभागवार जिम्मेदारी सौंपी गई है। ये नेता लगातार संभाग स्तर पर लोकसभा चुनाव को लेकर बैठकें भी कर रहे हैं।

#### दिल्ली से घोषित होंगे प्रत्याशी

लोकसभा टिकट को लेकर भाजपा एवं कांग्रेस में प्रदेश स्तर पर बैठकों की खानापूर्ति हो चुकी है। प्रदेश चुनाव समिति की बैठक भी हो चुकी है, लेकिन अंतिम निर्णय दिल्ली से होगा। इसी तरह कांग्रेस में भी प्रदेश स्तर पर प्रत्याशी चयन को लेकर बैठकों की सिर्फ खानापूर्ति हुई है। कांग्रेस नेतृत्व ही टिकट के लिए अंतिम निर्णय लेंगा। भाजपा में इस बार प्रत्याशियों का चयन प्रत्याशित होने की संभावना है।

# कांग्रेस के धरने से कमलनाथ की तस्वीर गायब

## - खातों को फीज करने के विरोध में इनकम टैक्स ऑफिस के बाहर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दिया धरना

भोपाल। कांग्रेस के खातों पर इनकम टैक्स अपीलेट ट्रिब्यूनल ने पिछले हफ्ते रोक लगा दी थी। इसको लेकर दिल्ली में पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय माकन ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसे लोकतंत्र को फ्रीज करने जैसा कदम बताया था। हालांकि शुक्रवार को दोपहर 12.30 बजे कांग्रेस के फ्रीज खातों पर लगी रोक हटा दी थी। अब एमपी में भी कांग्रेस के खाते फ्रीज करने को लेकर विरोध शुरु हो गया है। भोपाल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष प्रवीण सक्सेना के नेतृत्व में इनकम टैक्स ऑफिस(आयकर भवन) के सामने धरना दिया। इस धरना स्थल पर लगाए गए पोस्टर पूर्व सीएम कमलनाथ की तस्वीर नजर नहीं आई।

पिछले महीने 23 जनवरी को असम में राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर हुए हमले के विरोध में भोपाल के रोशनपुरा चौराहे पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मौन धरना दिया था। इस धरने में पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह, पीसीसी चीफ जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार शामिल हुए थे। 23 जनवरी के धरने में लगाए गए पोस्टर पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, रणदीप सुरजेवाला, कांतिलाल भूरिया, अरुण यादव, अजय सिंह राहुल, कमलनाथ, दिग्विजय सिंह सुरेश पचौरी, हेमंत कटारे, उमंग सिंघार, भंवर जितेन्द्र सिंह और पीसीसी चीफ जीतू पटवारी की फोटो लगी थीं। लेकिन आज आयकर भवन के सामने हुए धरना स्थल पर लगे पोस्टर पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, रणदीप सुरजेवाला, हेमंत कटारे, उमंग सिंघार, भंवर जितेन्द्र सिंह और पीसीसी चीफ जीतू पटवारी की फोटो ही लगाई गई। जबकि सुरजेवाला अब कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी नहीं हैं।

#### केन्द्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी

कांग्रेस के खातों पर रोक लगाने के फैसले को लेकर केन्द्र सरकार के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की। धरना प्रदर्शन में महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष विभा पटेल, भोपाल जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, पूर्व मंत्री पीसी शर्मा, गोविंदपुरा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रविन्द्र साहू झूमरवाला, कार्यवाहक जिलाध्यक्ष राहुल सिंह राठौर, आनंद तारण सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। कांग्रेस के धरने को देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया था।

#### पीसी शर्मा बोले- कांग्रेसी डरेंगे नहीं

धरने में शामिल हुए पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने कहा- कांग्रेस पार्टी का अकेले अकाउंट ही नहीं फ्रीज किया गया। बल्कि रूक्क कांग्रेस के 100 नेताओं को इनकम टैक्स के नोटिस दिए गए। ये डराने की कोशिश की जा रही है। लेकिन कोई डरने वाला नहीं हैं। कमलनाथ को लेकर जो बातें चल रहीं हैं वो निराधार हैं।

# मप्र के 2 लाख किसान करेंगे दिल्ली कूच

भोपाल। पंजाब और हरियाणा बार्डर पर बीते छह दिनों से डटे किसानों के आंदोलन को मध्य प्रदेश के किसान बल देंगे। आगामी 24 फरवरी को प्रदेश के करीब दो लाख किसानों के पहुंचाने की तैयारी किसान संगठनों ने की है। किसान नेता शिवकुमार कक्का ने बताया कि सरकार लगातार मांगों को लेकर बातचीत कर रही है। लेकिन अब यह लड़ाई आर-पार की होगी। अपने हक के लिए संघर्ष कर रहे किसानों ने इस बात का समर्थन किया है कि मांग नहीं पूरी होने की दशा में देश के इतिहास का सबसे बड़ा और सबसे लंबा चलने वाला यह आंदोलन होगा।

किसान संगठनों के पदाधिकारियों ने बताया कि अब देश भर से किसान सरकार को अपनी ताकत का एहसास कराएंगे। दक्षिणी राज्यों से भी इस आंदोलन का समर्थन किसान कर रहे हैं। दिल्ली में देश के अलग-अलग हिस्सों से एकजुट हो रहे किसानों को रोकने के लिए सरकार हर तरीके के हथकंडे अपना रही है। पंजाब और हरियाणा बॉर्डर पर किसानों पर गोली चलाई जा रही है, गोले दागे जा रहे हैं। सरकार किसानों के साथ ऐसा व्यवहार कर रही है जैसा पाकिस्तानी सेना के साथ किया जाता है।

#### जेल कम पड़ेगी, लेकिन आंदोलन नहीं रुकेगा

भारतीय किसान यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष अनिल यादव ने बताया कि आंदोलन को सभी संगठनों ने समर्थन किया है। 24 फरवरी का दिन देश के लिए ऐतिहासिक होगा। तमाम जेलों को भरने के लिए किसान तैयार है। उन्होंने बताया कि यदि सरकार ने दिल्ली कूच करने से रोका तो मध्यप्रदेश में ही बड़ा मूमेंट खड़ा करने के लिए किसान तैयार है। लेकिन किसी भी स्थिति में किसान झुकने वाला नहीं है।

#### पांच आयोग और 50 कमेटी की रिपोर्ट, अमल एक पर नहीं

संयुक्त किसान मोर्चा के किसान नेता शिवकुमार कक्का जी ने कहा कि किसानों को लेकर सरकार का नजरिया सिर्फ वोट तक सीमित है। यही कारण है कि अब तक तमाम सरकारों में पांच आयोग बनाए गए। 50 कमेटी की रिपोर्ट भी सरकारी फाइलों में धूल खा रही हैं। इनमें से एक पर भी अमल नहीं किया गया। सरकार किसानों की हां में हां मिलाने का काम करती है, लेकिन मांगों को पूरा करने का माजदा नहीं रखती।

# ईसीबी ने जारी किया भर्ती परीक्षाओं का कलेंडर

## जून से शुरू होंगी परीक्षाएं, इस साल 11 एग्जाम होंग

भोपाल । मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं का आगाज इस साल जून से शुरू होगा। भर्ती परीक्षाएं अगस्त से शुरू हो सकेंगी। ईएसबी ने वर्ष 2024 के लिए एग्जाम शेड्यूल तैयार कर लिया है। इसे जल्द ही जारी किया जाएगा। शेड्यूल में कुल 11 परीक्षाएं हैं। इनमें एक प्रवेश परीक्षा है और 10 भर्ती परीक्षाएं हैं।

सबसे ज्यादा तीन भर्ती परीक्षाएं इस साल के अंत में दिसंबर में प्रस्तावित है। सितंबर, अक्टूबर, नवंबर में दो-दो भर्ती परीक्षाएं होंगी। इस बार सबसे बड़ी परीक्षा, माध्यमिक शिक्षक (विषय शिक्षक, खेलकूद, गायन, वादन, नृत्य) एवं प्राथमिक शिक्षक (खेलकूद, गायन, वादन, नृत्य) चयन परीक्षा हो सकती। इसके अलावा इस बार ग्रुप-4 के तहत सहायक ग्रेड-3,स्टेनो टाइपिस्ट, डाटा एंट्री ऑपरेटर के लिए भी वैकेंसी आएगी। ग्रुप-4 संयुक्त यह भर्ती परीक्षा तीन साल होगी, आखिरी बार यह 2018 में हुई थी।

#### नर्सिंग कॉलेजों में दाखिले की प्रवेश परीक्षा नहीं

इस बार नर्सिंग कॉलेजों में एडमिशन के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षा और प्री-एग्रीकल्चर टेस्ट (पीएटी) को अभी शामिल नहीं किया गया है। यदि डिमांड आती है तो इन्हें भी शामिल किया जाएगा। संभावना है कि मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल इन परीक्षाओं को शामिल कर कैलेंडर जारी कर सकता है।



#### विभागों से लगातार आ रही भर्ती के लिए डिमांड

पदों पर भर्ती के लिए राज्य शासन के विभिन्न विभागों/कार्यालय से ईएसबी को डिमांड भी प्राप्त हो रही है। कुछ विभागों से डिमांड आनी शेष है। इस पर ईएसबी द्वारा लगातार काम किया जा रहा है साथ ही रूलबुक बनाने पर भी काम किया जा रहा है। इस बार भर्ती के लिए रूल बुक और सीट मैट्रिक्स में नए तरीके से जारी की जाएगी। जिसमें ओबीसी आरक्षण के कारण 87त्न प्रतिशत और होल्ड किए जाने वाले 13 प्रतिशत पदों को नोटिफिकेशन के समय ही स्पष्ट किया जा सकेगा।

#### पिछले साल कराई गई थीं 15 परीक्षाएं

ईएसबी द्वारा पिछले साल 15 परीक्षाएं आयोजित कराई गईं। जिनमें 11 भर्ती और 4 प्रवेश परीक्षाएं हुईं। हालांकि इसमें वर्ष 2022 की परीक्षाएं भी शामिल थीं। वर्ष 2023 की बड़ी भर्ती परीक्षा में उच्च माध्यमिक शिक्षक चयन परीक्षा 8720 पद के लिए हुई। इसके अलावा पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा 7090 पद के लिए हुई।

# हुसैन और वॉन ने इंग्लैंड की हार के लिए आक्रामक रणनीति को जिम्मेदार बताया

## रुट के शॉट पर भी सवाल उठाये

लंदन। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के दो पूर्व कप्तानों नासिर हुसैन और माइकल वॉन ने भारतीय टीम के हाथों तीसरे टेस्ट मैच में भी टीम को मिली करारी हार के लिए टीम की अति आक्रामक रणनीति को जिम्मेदार बताया है। इन दोनो का मानना है कि उनकी टीम को हमेशा आक्रामक होकर खेलने की रणनीति की जगह मैच के हालातों के अनुसार खेलना चाहिये था। भारतीय टीम ने तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ अपनी सबसे बड़ी 434 रनों की जीत दर्ज की थी।

इस मैच में भारत से मिले 557 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम केवल 122 रन ही बना पायी। इस को लेकर वॉन ने कहा, 'यह बेन स्टोक्स और ब्रेंडन मैकुलम के नेतृत्व में सबसे खराब हार थी और इसने उनकी रणनीति की कमी को दिखा दिया है। वे हर अवसर पर आक्रामक रुख नहीं अपना सकते, उन्हें अपने क्षणों को चुनना होगा। हुसैन ने भी इस मामले में वॉन की बात का समर्थन किया।



हुसैन ने कहा, 'आक्रामक रणनीति के साथ ही दबाव का सामना करना भी आना चाहिये। उन्होंने कहा कि भारतीय टीम के यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल और सरफराज खान ने राजकोट में अच्छी पारियां खेली हैं। इन सभी ने शुरुआत से ही शॉट लगाने की जगह पर पहले क्रीज पर समय बिताया। वॉन ने कहा, 'उन्हें यह देखना चाहिये कि तीसरे दिन यशस्वी और शुभमन गिल ने किस प्रकार से खेला। उन्होंने 30 या 40 गेंदों तक रुख कर खेला और फिर उन्होंने तेजी से रन बनाना शुरु कर दिया। बाउंड्री लगाना शुरू कर दिया।

उन्होंने कहा, 'टेस्ट बल्लेबाजी यही है। भारत ने 228.5 ओवर में 875 रन बनाए। कोई भी मुझे यह नहीं कह सकता कि भारत को यहां बल्लेबाजी करते देखना उबाऊ था। हैदराबाद में सीरीज का शुरुआती मैच जीतने के बाद से ही इंग्लैंड के लिए चीजें खराब होती गईं। हमारी टीम के बल्लेबाजों ने खराब शॉट खेले जिससे मेजबान टीम को लाभ मिला। वॉन ने कहा, 'निश्चित रूप से इतनी करारी हार स्टोक्स और टीम के लिए एक चेतावनी है। उन्होंने कहा, 'इंग्लैंड का मानना है कि सब कुछ सकारात्मक है पर उन्हें बेहतर बल्लेबाजी कैसे करें इस पर ध्यान देना होगा।

वहीं खराब फॉर्म से जूझ रहे बल्लेबाज जो रूट तीसरे टेस्ट में अपने आउट होने के अजीब तरीके को लेकर आलोचना का केन्द्र बने हैं। रुट ने जसप्रीत बुमराह की गेंद पर रिवर्स स्कूप लगाने का प्रयास किया था। वॉन ने कहा, 'जिस तरह से इंग्लैंड ने इस खेला उससे ही उन्होंने भारतीय टीम को जीत दे दी।जिस तरह से उन्होंने तीसरे दिन बल्लेबाजी की उसे स्वीकार नहीं किया जा सकता, रुट के शॉट पर हमें भरेसा नहीं हुआ। वहीं पूर्व कप्तान कप्तान एलिस्टेयर कुक ने रूट के शॉट के समय पर सवाल उठाए क्योंकि तब इंग्लैंड टीम 221 रनों से पीछे थी।

## बालिकाओं की किशोरावस्था की समस्याओं के समाधान के लिये कार्यक्रम का हुआ आयोजन




बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बालाघाट में सोमवार को प्रभारी प्राचार्य सुश्री मधुलिका डोलारे के मार्गदर्शन में बालिकाओं की किशोरावस्था की समस्याएं एवं समाधान के लिये कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित यूनेस्को सदस्य श्रीमती फिरोजा खान मानवाधिकार कार्यकर्ता द्वारा मुख्य रूप से कक्षा 9वी एवं 11वीं की छात्राओं को किशोरावस्था से संबंधित समस्याओं से अवगत कराकर उनके समाधान बताए गए। जिससे छात्राएं भविष्य में इन समस्याओं से सावधानी पूर्वक निपट सकें। कार्यक्रम में श्रीमती अंजलि तरूने, श्रीमती स्वाती पारधी सहित विद्यालय की छात्रा उपस्थित रहीं।

## दोहरे शतक के बाद भी यशस्वी के अलावा इन खिलाड़ियों को नहीं मिला प्लेयर ऑफ द मैच अवार्ड

राजकोट । भारतीय क्रिकेट टीम के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड के खिलाफ राजकोट में खेले गये तीसरे टेस्ट में दोहरा शतक लगाकर भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। इसके बाद भी उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच अवार्ड नहीं मिला। इससे पहले भी दोहरा शतक लगाने के बाद भी कुछ क्रिकेटरों को ये अवार्ड नहीं मिला था। यशस्वी जायसवाल ने लगातार दूसरे मैच में दोहरा शतक जमाया। इसके बाद भी उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड नहीं मिलना हैरानी की बात है। दूसरे टेस्ट में तेज गसप्रीत बुमराह को ये अवार्ड जबकि तीसरे टेस्ट में रवींद्र जडेजा को मिला। यशस्वी भारत के छठे खिलाड़ी है जिनके साथ ऐसा हुआ है. इससे पहले विनोद कांबली, राहुल द्रविड़, सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली और मयंक अग्रवाल के साथ भी ऐसा हुआ। इंग्लैंड के खिलाफ 1993 में मुंबई टेस्ट में विनोद कांबली ने 224 रन की पारी खेली थी पर



ऑलराउंडर ग्रीम हीक को यह अवार्ड मिला था। साल 2000 में द्रविड़ ने जिम्बाब्वे के खिलाफ दोहरा शतक लगाया पर अवार्ड जवागल श्रीनाथ को मिला। वहीं सचिन तेंदुलकर ने 2004 में बांग्लादेश के खिलाफ दोहरा शतक जमाया था पर प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड इरफान पठान को मिला। विराट कोहली ने 2016 में वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड के खिलाफ दोहरा शतक लगाया पर तब आर अश्विन मैच को अवार्ड मिला जबकि साल 2019 में मयंक अग्रवाल ने दोहरा शतक लगाया पर रोहित शर्मा को अवार्ड दिया गया।

## भारतीय टीम तीसरी बार चार देशों के महिला कप में उतरेगी

नई दिल्ली । 21 से 27 फरवरी तक तुर्की के अलान्या में होने वाले चार देशों के महिला फुटबाल कप 2024 में तीसरी बार खेलेगी। भारतीय महिला फुटबाल 2 टीम तीसरी बार इस महिला कप में खेलेगी। इससे पहले भारतीय टीम ने साल 2019 और 2021 में इस टूर्नामेंट में जीत हासिल की थी। इस टूर्नामेंट के लिए 23 सदस्यीय सीनियर भारतीय महिला टीम घोषित कर दी गयी है। भारतीय टीम का पहला मुकाबला भारत चार देशों के इस टूर्नामेंट में 21 फरवरी को एस्तोनिया से होगा।



राउंड रोबिन आधार पर होने वाले टूर्नामेंट में भारतीय टीम इसके बाद 24 फरवरी को हांगकांग और 27 फरवरी को कोसोवा से खेलेगी। अंक तालिका में शीर्ष पर रहने वाली टीम विजेता बनेगी।

**भारतीय टीम इस प्रकार है -**

गोलकीपर - श्रेया हुडा, इलांगबाम पंथोई चानू, मोनालिसा देवी मोइरांगथेम डिफेंडर- आशालता देवी लोइटोंगबीएम, रंजना चानू सोरोखैबम, डालिमा छिब्बर, जूली किशन, अस्तम ओरांव, शिल्की देवी हेमम।

मिडफील्डर - अंजू तमांग, संगीता बासफोर, कार्तिका अंगमुथु, मनीषा, काजोल डिसूजा, इंदुमथी कथिरेसन।

फॉरवर्ड - ग्रेस डांगमेई, सौम्या गुगलोथ, करिश्मा पुरूषोत्तम शिरवोइकर, संध्या रंगनाथन, संजू, प्यारी ज़ाक्सा, काव्या पक्किरसामी, ज्योति।

मुख्य कोच - लैंगम चाओबा देवी।

## बजरंग, विनेश और साक्षी को ओलंपिक क्वालीफयर के लिए बुलाया जाएगा - संजय

नई दिल्ली। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख संजय सिंह ने कहा है कि महाराष्ट्र में होने वाले ओलंपिक क्वालीफायर ट्रायल में बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक को भी अवसर दिया जाएगा। संजय ने कहा कि इन्हें किसी भी प्रकार के भेदभाव का सामना नहीं करना पड़ेगा। साथ ही कहा कि वह इन तीनों की दिग्गजों को स्वयं आमंत्रण देंगे। इससे पहले विश्व कुश्ती की शीर्ष संस्था यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने डब्ल्यूएफआई पर लगाया गया अस्थाई निलंबन हटाते हुए शर्त रखी थी कि किसी भी प्रदर्शनकारी पहलवान के साथ भेदभाव नहीं किया जाना चाहिये। साथ ही कहा थ कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो निलंबन फिर शुरु हो जाएगा।

इससे पहले बजरंग , विनेश और साक्षी ने डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर महिला पहलवानों के यौन शोषण



का आरोप लगाते हुए आंदोलन किया था। इसके बाद चुनावों में इन पहलवानों ने ब्रजभूषण के करीबी संजय का विरोध किया था। इन पहलवानों का कहना था कि संजय बृजभूषण के करीबी हैं और उनसे महिला पहलवानों के लिए आगे भी खतरा बना रहेगा।

वहीं कुश्ती महासंघ प्रमुख संजय के अनुसार वह कुश्ती को आगे ले जाने की योजनाओं पर काम कर रहे हैं। अब हम शीघ्र ही महाराष्ट्र में ओलंपिक क्वालीफाइंग प्रतियोगिता के लिए ट्रायल्स रखेंगे क्योंकि वहां अच्छा बुनियादी ढांचा है। उसमें बजरंग, विनेश और साक्षी को भी उतरने को कहा जाएगा क्योंकि हम पदक विजेता खिलाड़ियों को ओलंपिक में भेजना चाहते हैं।

वहीं इससे पहले इन पहलवानों ने कहा था कि संजय ने गलत तथ्य रखकर निलंबन समाप्त कराय है। साथ ही कहा कि न्याय नहीं मिलने पर वे दोबारा आंदोलन शुरु करेंगे। साथ ही कहा कि संजय की अध्यक्षता वाला महासंघ को स्वीकार नहीं करते हैं। इस मामले में इन पहलवानों न विश्वकुश्ती संध से भी सहायता मांगी थी। वहीं संजय का कहन है कि मैं साक्षी से उनके संन्यास के फैसले पर दोबारा विचार के लिए और ओलंपिक पदक जीतने के लिए एक और प्रयास करने के लिए भी कहूंगा।

## परेश बाफना ने एकल टेनिस मैच जीता, गोंडवाना क्लब नागपुर द्वारा सीनियर लॉन टेनिस

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। प्रतियोगिता 16 से 18 फरवरी तक आयोजित की गई थी जिसमें देश के मिन्न-भिन्न प्रांतो के खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में 30, 45, 55, 65 उम्र की श्रेणी के खिला?ियों ने भाग लिया। 55 प्ल्स में बालाघाट के परेश बाफना ने येवला के उल्लास फुलझेले को फाइनल में परास्त कर चैंपियनशिप जीती और बालाघाट का नाम रोशन किया तो वहीं उनकी इस चैंपियनशिप की जीत पर जिले के खेल प्रेमी बंधुओ द्वारा उन्हें बधाई प्रेषित की है।

## यशस्वी के हाथों हुई पिटाई को कभी भूल नहीं पायेंगे एंडरसन

राजकोट। भारतीय टीम के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड के खिलाफ राजकोट टेस्ट की दूसरी पारी में जिस प्रकार आक्रामक बल्लेबाजी की उससे पता चलता है कि वह कितने निडर क्रिकेटर हैं। यशस्वी ने इस मैच में इंग्लैंड की गेंदबाजी को धवस्त कर दिया था। विशेष रुप से उन्होंने मेहमान टीम के अनुभवी गेंदबाज जेम्स एंडरसन की जमकर पिटाई की जो वह कभी नहीं भूल पायेंगे। एंडरसन के दो शतक से लंबे करियर में किसी बल्लेबाज ने उनकी गेंदबाजी को इस प्रकार नहीं पीटा था। यहां तक कि सचिन तेंदुलकर और वीरेंद्र सहवाग भी ऐसा नहीं कर पाये थे।



एंडरसन दुनिया में सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज हैं। इसके बाद भी यशस्वी ने एक के बाद एक तीन जोरदार छक्के लगाये। उनके साथ पूरे करियर में ऐसा आज तक किसी भी बल्लेबाज ने नहीं किया था। इस प्रकार यह मैच उनके करियर का सबसे खराब मैच रहा। एंडरसन के खिलाफ राजकोट टेस्ट की दूसरी पारी के दौरान यशस्वी ने 85वें ओवर में तीन लगातार छक्के मारे। उन्होंने ओवर की दूसरी गेंद को लेग साइड में छक्के के लिए भेजा इसके बाद ऑफ साइड में छक्का जमाया और चौथी गेंद को सामने उठाकर सिक्स मारा।

## रोहित ने इंग्लैंड की तारीफ की, कहा उन्होंने हमारे ऊपर दबाव बनाये रखा

राजकोट। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरा टेस्ट जीतने पर खुशी जताते हुए कहा कि इस मुकाबले में मेहमान टीम ने भी अच्छा खेलते हुए हमपर दबाव बनाये रखा। इस मैच में भारतीय टीम की जीत में सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के दोहरे शतक के साथ ही स्पिन ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा के की अहम भूमिका रही। जडेजा ने दूसरी पारी में पांच खिलाड़ियों को पेवेलियन भेजकर मेहमान टीम की कमर ही तोड़ दी थी। इस मैच के चौथे ही दिन भारतीय टीम को 434 रनों की बड़ी जीत मिल गयी थी। इससे भारतीय टीम सीरीज में भी 2-1 से आगे हो गयी है।

रोहित ने कहा, हम पांच दिनों के महत्व को समझते हैं। उन्होंने अच्छा खेला और हमपर दबाव बनाये रखा। वहीं हमारी गेंदबाजी भी बेहतरीन रही। चौथे दिन जिस प्रकार से हमने वापसी की, उस पर मुझे वास्तव में गर्व है। जब ये चीजें होती हैं, तो खुशी होती है। जड़ेजा पर रोहित ने कहा, इस खेल के लिए, हमने सोचा कि उसके पास बहुत अनुभव है और उसने बहुत सारे रन भी बनाए हैं। वहीं सरफराज भी बल्लेबाजी में बेहतर है। हमने देखा कि वह बल्ले से क्या कर सकता है।

वहीं बल्लेबाजी क्रम पर बात करते हुए उन्होंने कहा, यह कोई स्थायी रुख नहीं है, विरोधी टीम के लिए गेंदबाजी आक्रमण को देखते हुए हम हम रणनीति रखते हैं। हम हर चीज की गणना करते हैं और फिर प्रवाह के साथ चलते हैं। मैच में बहुत सारे मोड़ थे, टॉस जीतना अच्छा था, हम जानते हैं कि भारत में टॉस जीतना कितना अहम है, जिस तरह से हमने उस आक्रमण के बाद वापसी की और गेंदबाजी की।

रोहित ने कहा, गेंदबाजों ने काफी बेहतर खेल दिखाया, इस मैच में हमारे पास सबसे अनुभवी गेंदबाज भी नहीं था। बल्ले से हम जानते थे कि काम आधा हो गया है, उन दो युवाओं ने हमें वह बढ़त दिला दी जो हम चाहते थे और जाहिर तौर पर दूसरी पारी में गेंद से जडेजा बेहतरीन रहे थे। यशस्वी को लेकर उन्होंने कहा, मैं उसके बारे में ज्यादा बात नहीं करना चाहता, उसने अपने करियर की शुरुआत शानदार तरीके से की है और मैं चाहता हूं कि वह इसी प्रकार अच्छा प्रदर्शन करता रहे।

## इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर ने धोनी को रिलेशनशिप गुरु बताया

नई दिल्ली । क्रिकेट से संन्यास के बाद भी धोनी के चाहने वालों की तादाद में कमी नहीं आई है। अब सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और अभिनेत्री अनुष्का सेन ने भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी को अपना सबसे अच्छा रिलेशनशिप गुरु बताया है। 21 साल की अनुष्का बीते दिनों ही अपना पहला घर खरीदने के कारण सबकी नजरों में आई थीं। रांची की रहने वाली यह मॉडल ह्यूमन्स ऑफ बॉम्बे पॉडकास्ट पर दिखाई दीं, जहां उन्होंने खुलासा किया कि वह धोनी के साथ एक करीबी रिश्ता साझा करती हैं और उन्हें अपना सबसे अच्छा रिलेशनशिप गुरु मानती हैं।

इस इन्फ्लुएंसर ने कहा कि एक विज्ञापन की शूटिंग के दौरान ही उनकी मुलाकात धोनी से हुई थी। इसके बाद ही वह सीएसके से जुड़ गईं थीं। उन्होंने कहा कि यह मुझे अभी भी एक सपने जैसा लगता है। उनके बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि वह सभी के साथ समान आदर के साथ व्यवहार करते हैं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कैमरे के पीछे काम कर रहे हैं या अभिनेता हैं।

अनुष्का ने कहा कि मुझे सेट पर पहला दिन याद है। जब सहायक निर्देशक ने कहा कि क्या आप धोनी से मिलना चाहते हैं? तो मुझे ऐसा लगता है हां, यही तो मैं चाहती हूं। वह मेरा पसंदीदा क्रिकेटर है। वह मेरा पसंदीदा व्यक्ति है। हां, मुझे उससे मिलना है। मैं गई और उनसे मिली। साथ ही कहा कि वे दोनों साल में एक बार मिलते हैं, जहां वह बहुत सारी बातें शेयर करते हैं और जीवन के मुद्दों पर चर्चा करते हैं। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि माही ने उन्हें सावधानी से डेट करने के लिए कहा था। उन्होंने मुझे कुछ टिप्स भी दिए।

## बसपा जिलाध्यक्ष इंजी. महेन्द्र ने ली कैंडर कैंप की बैठक



बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। जिले में बसपा संगठन को और अधिक मजबूत करने और आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी संगठन में जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी इंजी. महेन्द्र को सौंपी है। जिन्होंने नियुक्ति के बाद से ही संगठन को सक्रिय और सशक्त करना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में अध्यक्ष इंजी. महेन्द्र ने बालाघाट समता भवन में कैडर कैंप की बैठक ली। जिसमें पूरे जिले से बसपा के विधानसभा सभा और सेक्टर कमेटी पदाधिकारी मौजूद थे। कैडर कैंप के माध्यम से जिलाध्यक्ष इंजी. महेन्द्र ने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया और आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जुट जाने की बात कही। गौरतलब हो कि इंजी. महेन्द्र 2003 में बसपा से किरनापुर विधानसभा का चुनाव भी लड़ा था। जिसमें उन्हें सम्मानजनक वोट मिले थे। इसके अलावा वह लंबे समय से बसपा की सक्रिय राजनीति से जुड़े है और संगठन के विभिन्न पदों पर अपनी सेवाए देकर पार्टी को मजबूत करते आ रहे है और अब जिलाध्यक्ष के तौर पर वह जिले में संगठन को मजबूत करने में लगे है।

## इंग्लैंड वापसी करने के इरादे से उतरेगी

राजकोट। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा है कि उनकी टीम भारत से तीसरे टेस्ट में मिली बड़ी हार से उबरकर सीरीज में वापसी करने के इरादे से उतरेगी। स्टोक्स के अनुसार अब उनकी टीम बचे हुए दोनो मैच जीतकर 3-2 से सीरीज अपने नाम करने का प्रयास करेगी। इस सीरीज में इंग्लैंड ने हैदराबाद में खेले गये पहले टेस्ट में जीत दर्ज की थी पर इसके बाद उसे बचे हुए दोनो ही मैचों में हार का सामना करना पड़ा था।




स्टोक्स ने मैच के बाद कहा, ' इंग्लैंड के लिए मैच हारना ऐसा नहीं है कि आप वहां होना चाहते हो पर व्यक्तिगत रूप से मुझे लगता है कि जीत या हार दिमाग में होती है। उन्होंने कहा, 'मैंने तय किया है कि हर तरह की भावनाएं, सभी तरह की निराशा अब सिर्फ ड्रेसिंग रूम में ही सीमित रहेगी और मैदान पर नहीं दिखेगीहे। हमारे दो और मैच बचे हैं और कप्तान के तौर पर मैं यही सोच रहा हूं कि इस सीरीज को 3-2 से जीतें।

स्टोक्स ने कहा कि लगातार दो करारी हार के बाद भी इंग्लैंड की रणनीति में कोई बदलाव नहीं आयेगा। उन्होंने कहा, 'बिलकुल भी नहीं आयेगा क्योंकि हमारा बल्लेबाजी लाइन अप अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों से भरा है। हम उन्हें मैच के हालातों के अनुसार खेलने की आजादी देते हैं। इससे आप प्रदर्शन में अंतर देख सकते हो। स्टोक्स ने कहा, 'पिछले दो मैच में भारतीय टीम ने काफी रन बनाये, वे इसी तरह से खेलना चाहते हैं। हम भी कभी कभार ऐसा कर पाये पर ज्यादा लंबे समय तक इस लय को बरकरार नहीं रख पाये जिससे हमें असफलता मिली है।

## हेनरी और सीफर्ट ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज में नजर नहीं आयेंगे

ऑकलैंड। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी और विकेटकीपर-बल्लेबाज टिम सीफर्ट ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली आगामी टी20 सीरीज में नजर नहीं आयेंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने इस सीरीज के लिए हेनरी और सीफर्ट को जगह नहीं देते हुए नये खिलाड़ियों बेन सीयर्स और विल यंग को टीम में शामिल किया है।

हेनरी को फिट नहीं होने के कारण टीम में जगह नहीं दी गयी है। मिल्टन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उन्हें दूसरे टेस्ट के बाद कूल्हे में कुछ दर्द हुआ था। इसके बाद हेनरी ने आराम मांगा था। बोर्ड के अनुसार हेनरी का बाहर होना निराशाजक है पर उन्हें इसलिए इसलिए शामिल नहीं किया गया है ताकि उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली टेस्ट श्रृंखला के लिए फिट होने पर्याप्त समय मिल सके। साथ ही कहा कि सीफर्ट को इस सप्ताह की शुरुआत में ही उनकी घरेलू टीम नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स के लिए प्रशिक्षण के दौरान चोट लगने के कारण् टीम में शामिल नहीं किया गया है। वहीं मुख्य कोच गैरी स्टीड ने कहा कि उन्हें भरोसा है कि ये दोनों खिलाड़ी इस साल के अंत में होने वाली श्रृंखलाओं के लिए फिट हो जाएंगे।



स्टीड ने कहा कि सियर्स और यंग को इसलिए शामिल किया गया है क्योंकि ये दोनो ही पहले हेनरी और सेफर्ट की जगह पर खेले थे। बेन ने पाकिस्तान के खिलाफ अपने को सबित किया था। वहीं विल ने पिछले कुछ समय से सभी प्रारूपों में नियमित रुप से बेहतर प्रदर्शन किया है। घरेलू क्रिकेट सुपर स्मैश में सेंट्रल स्टैग्स की ओर से उन्हें काफी अच्छा प्रदर्शन किया था।

## अश्विन की पत्नी प्रीति ने भावुक पोस्ट साझा की , कहा मुझे आप पर गर्व है

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम की तीसरे टेस्ट में जीत के बाद अनुभवी स्पिनर आर अश्विन की पत्नी प्रीति नारायणन ने भावुक पोस्ट की है। अश्विन मेडिकल इमरजैंसी के कारण तीसरे टेस्ट के बीच में ही स्वदेश भी लौटे थे हालांकि वह चौथे दिन वापस टीम से जुड़ गये थे। वापसी पर उन्होंने टॉम हार्टली को पेवेलियन भेजा। अब भारतीय टीम की जीत के बाद उनकी पत्नी प्रीति ने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट साझा की है।

प्रीति ने अश्विन के 500वें और 501वें विकेट के बीच के समय को अपने जीवन के सबसे लंबे 48 घंटे बताया। उन्होंने लिखा, हमने हैदराबाद तक 500 का पीछा किया पर ऐसा नहीं हुआ। फिर विशाखापत्तनम में भी ऐसा नहीं हुआ। तो मैंने बस काफी मिठाइयां खरीदीं और घर पर सभी को 499 होने पर दीं। 500 आया और चुपचाप चला गया। 500 और 501 के बीच बहुत कुछ हुआ। हमारे जीवन के सबसे लंबे 48 घंटे रहे पर यह 500 के बारे में है। और उससे पहले के 499 के बारे में ही। क्या गजब की उपलब्धि है। शानदार इंसान। अश्विन, मुझे आप पर बेहद गर्व है और हम आपसे प्यार करते हैं। गौरतब है कि अश्विन टेस्ट में 500 विकेट लेने वाले दुनिया के 9वें गेंदबाज हैं। भारत के लिए उनके पहले सिर्फ अनिल कुंबले ही 500 विकेट तक पहुंच पाए थे।



# बेहतर उच्च शिक्षा प्रणाली की ओर बढ़ता मध्यप्रदेश

पीएम-उषा PM-UShA

नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री


## प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (PM-UShA) अंतर्गत परियोजनाओं का डिजिटल लॉन्च

प्रधानमंत्री
**नरेन्द्र मोदी**
द्वारा
(वर्चुअल माध्यम से)

प्रदेश के 8 विश्वविद्यालयों को ₹ 400 करोड़ स्वीकृत

अध्यक्षता
**मंगुभाई पटेल**
राज्यपाल

मुख्य अतिथि
**डॉ. मोहन यादव**
मुख्यमंत्री





**20 फरवरी, 2024 - पूर्वाह्न 10:30 बजे**
**ज्ञान-विज्ञान भवन, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल**

- प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (PM-UShA) से युवाओं को औद्योगिक प्रशिक्षण मिलने के साथ नई शिक्षा नीति-2020 का उद्देश्य होगा पूरा
- PM-UShA अंतर्गत 2 घटकों, मल्टी डिसिप्लिनरी एजुकेशन एवं रिसर्च यूनिवर्सिटीज (MERU) तथा ग्रांट टू स्ट्रेंथन यूनिवर्सिटीज (GSU) के रूप में विश्वविद्यालयों का चयन
- प्रथम घटक (MERU) में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, विक्रम विश्वविद्यालय तथा जीवाजी विश्वविद्यालय को ₹ 100-100 करोड़ की सहायता
- द्वितीय घटक (GSU) में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, पंडित एस.एन. शुक्ल विश्वविद्यालय एवं महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय को ₹ 20-20 करोड़ की सहायता
- अधोसंरचना विकास हेतु प्रशासनिक भवन, अकादमिक भवन, रिसर्च लैब, लाइब्रेरी बिल्डिंग, कम्प्यूटर लैब, हॉस्टल एवं क्लासरुम का निर्माण
- राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस, सेमिनार, वेबिनार, शैक्षणिक भ्रमण, संकाय संवर्धन एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण की सुविधा

D11211/23

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

सीधा प्रसारण http://pmindiawebcast.nic.in @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश शासन

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024

# अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करते तीन युवक गिरफ्तार

## मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस ने डेंजर रोड में की कार्यवाही, करीब 30 हजार रु कीमत का 3 किलो गांजा जप्त

**बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। मादक पदार्थ गांजा पूर्ण रूप से बैन होने के बावजूद भी जिले में इसकी बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है।जहा गांजा का व्यापार करने वाले लोग गुपचुप तरीके से इसे खरीद कर उसकी बिक्री कर रहे हैं। हालांकि पुलिस द्वारा समय-समय पर गांजा के व्यापार में लिप्त अपराधियों पर कार्यवाही की जा रही है लेकिन अब भी जिले में इसका व्यापार जमकर फल फूल रहा है। इसी कड़ी में कोतवाली पुलिस ने नगर के डेंजर रोड बाईपास पर मोटरसाइकिल से 3 किलो गांजा का परिवहन करते तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से अवैध गांजा जप्त कर आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत कार्यवाही कर मामले को जांच में लिया है।**



### आरोपियों में इनका समावेश

अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने के आरोप में पुलिस की गिरफ्त में आए तीन युवकों में पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र गोंदिया के थाना आमगांव ग्राम सितेपार कातुर्ली निवासी 23 वर्षीय ऋषभ पिता धनलाल बैरागढे, थाना लालबर्रा ग्राम खुरपुड़ी निवासी 24 वर्षीय भानु पिता डिलेश्वर पटले और जिला सिवनी थाना उंगली ग्राम उगादिवाड़ा निवासी राजा पिता दिलीप बघेल के नाम का समावेश है जिनके पास से पुलिस ने एक मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 50 जेड.बी 1122, एक लाल रंग का बैग, बैग के अंदर 3 किलो गांजा, आरोपियों के मोबाइल फोन, आधार कार्ड सहित अन्य सामग्री जप्त की है। जिसको लेकर पुलिस की पूछताछ जारी है।

### मुखबिर की सूचना पर हुई कार्यवाही

कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार किसी मुखबीर ने पुलिस को फोन कर बताया था कि तीन युवक एक मोटरसाइकिल में सवार होकर गांजे की तस्करी कर रहे हैं। जो डेंजर रोड बाईपास की तरफ गए है। मुखबिर से मिली इसी सूचना पर पुलिस ने डेंजर बायपास रोड पर वाहन चेकिंग लगाकर वाहनों की जांच शुरू कर दी। इस पर मुखबिर द्वारा बताए गए वाहन क्रमांक एमपी 50 जेड बी 1122 उन्हें आता हुआ दिखाई दिया। जिसे रोककर पूछताछ करने का प्रयास किया गया, लेकिन वाहन चेकिंग देखकर आरोपी भागने का प्रयास करने लगे, जिन्हें पकड़कर पूछताछ करने पर वह इधर-उधर की बातें करने लगे ।जब पुलिस को कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो उन्होंने वाहन और आरोपियों के पास बैग की चेकिंग की ।जिसपर आरोपियो के बैंग के अंदर तीन अलग-अलग बंडल में उन्हें गांजा मिला। जिसका वजन करने पर 3 किलो गांजा पाया गया। जिसकी कीमत करीब 30,000 रु बताई जा रही है। आरोपियो के पास से गांजा मिलने पर पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर तीनों आरोपियों पर संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर मामले को लेकर जांच शुरू कर दी है।

### रजेगांव नदी के आगे से गांजा खरीदना बता रहे आरोपी

बताया जा रहा है कि गांजा की तस्करी के आरोप में पुलिस के हत्थे चढ़े तीनों युवकों से जब पुलिस द्वारा पूछताछ की गई तो इस पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने रजेगांव के आगे नदी किनारे एक अज्ञात व्यक्ति से 15,000 रुपए में 3 किलो गांजा खरीदा था। आरोपियों के मुताबिक वे इस गांजे को चिल्लर में बेचकर अवैध रूप से धन लाभ अर्जित करना चाहते थे। जिन्हें डेंजर बायपास रोड पर गिरफ्तार किया गया है।

### मामले की जांच जारी है - वास्कले

इस पूरे मामले को लेकर दूरभाष पर की गई चर्चा के दौरान कोतवाली थाना प्रभारी प्रकाश वास्कले ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर डेंजर रोड आमाघाट के पास एक वाहन को रोका गया जिसमें सवार लोगों की तलाशी लेने पर पुलिस को उनके पास से 3 किलोग्राम गांजा मिला। मोटर साइकिल सवारों के पास अवैध मादक पदार्थ गांजा मिलने पर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मामला कायम कर आरोपियों को गिरफ्तार किया है ।मामले की जांच जारी है।

# फोर व्हीलर वाहन और मोटरसाइकिल के बीच हुई भिड़ंत में राजू की मौत

## ग्राम पंचायत गर्रा स्थित शंकर पेट्रोल पंप के पास हुआ सड़क हादसा, लेन्डेझरी निवासी राजू पन्द्रे बताया जा रहा मृतक

बालाघाट( पद्मेश न्यूज) । कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत गर्रा शंकर पेट्रोल पंप के समीप एक अज्ञात फोर व्हीलर और मोटरसाइकिल के बीच भिड़ंत हो गई। बीती रात हुए इस सड़क हादसे में मोटर साइकिल सवार व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक का नाम थाना वारासिवनी ग्राम लेन्डेझरी निवासी 45 वर्षीय राजू पिता स्वर्गीय डोंगरन पन्द्रे बताया गया है जिसके शव का सोमवार की सुबह पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार के लिए शव उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया है। वही इस पूरे में मामले कि जांच कोतवाली पुलिस द्वारा शुरू कर दी गई है।

### अंडे दुकान में वहान चालक था राजू

प्राप्त जानकारी के अनुसार लेन्डेझरी निवासी राजू पन्द्रे के 14 और 12 वर्ष के दो पुत्र हैं। जो अपने भाई दिनेश पन्द्रे और मां के साथ संयुक्त परिवार में रहता था। बताया जा रहा है कि राजू पेशे से ड्राइवर था। जो बालाघाट में संतोष लालवानी की अंडे दुकान में वाहन चलाने का कार्य करता था। जानकारी के अनुसार राजू रोजाना मोटरसाइकिल से बालाघाट आना जाना करता था। रोजाना की तरह रविवार को भी राजू मोटरसाइकिल से काम के लिए बालाघाट में आया था। जहां काम खत्म होने के बाद वह रात्रि करीब 10 बजे मोटरसाइकिल में सवार होकर अपने घर लेन्डेझरी जा रहा था। जो ग्राम गर्रा तक पहुंचा ही था कि शंकर पेट्रोल पंप के समीप किसी अज्ञात फोर व्हीलर वाहन चालक ने लापरवाही पूर्वक तेज रफ्तार से वाहन चलाते हुए राजू की मोटरसाइकिल को ठोस मार दी और मौके से फरार हो गया। उधर अज्ञात फोर व्हीलर की ठोस से राजू मोटरसाइकिल सहित सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया ।जिस पर स्थानीय लोग मदद के लिए दौड़कर उसके पास आए, जहां उन्होंने वारासिवनी की तरफ से आ रही 108 एंबुलेंस को रोककर इस सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल राजू को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां के चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### कोतवाली पुलिस कर रही मामले की जांच

उधर सड़क हादसे में राजू की मौत होने की तहरीर मिलने पर अस्पताल चौकी पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही कर शव को अपने कब्जे में लेकर रात्रि होने के चलते शव को पीएम के लिए मर्चुरी में रखवा दिया। जहां सोमवार की सुबह मृतक के परिजनों के बयान दर्ज कर ,पंचनामा सहित अन्य आवश्यक कार्यवाही पूरी की गई। वहीं जा फौ174 के तहत मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार के लिए शव उनके परिजनों की सुपुर्द किया गया है। वही मामले की जांच के लिए डायरी कोतवाली थाना पहुंचाई गई है। जिसकी जांच कोतवाली पुलिस द्वारा की जा रही है।



## सूचना

**मेसर्स बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएटस चार्टड एकाउंटेन्टस धनराज काम्प्लेक्स, बालाघाट से हमारा ऑफिस 3 महिने के लिये श्याम टॉकिज मॉल मेन रोड, हनुमान चौक बालाघाट द्वितीय मंजिल पर (लिफ्ट की सुविधा उपलब्ध है) में स्थानांतरित हो रहा है, तत्पश्चात पुनः ऑफिस महाराणा प्रताप चौक पर ही इंडियन बैंक/ एचडीएफसी बैंक के उपर स्थानांतरित होगा।**


# जादू-टोने के संदेह पर प्रौढ़ की हत्या

## जांच में जुटी पुलिस, परिजनों ने गांव के ही तीन लोगों पर जताया संदेह

कटंगी (पद्मेश न्यूज)। अंधविश्वास और जादू टोने के शक के संदेह पर फिर एक प्रौढ़ व्यक्ति की हत्या का मामला सामने आया है. कटंगी थाना क्षेत्र के खमरिया के करीब 70 वर्षीय प्रौढ़ व्यक्ति की जादू-टोने के संदेह के आधार पर हत्या कर दी गई है. घटना रविवार-सोमवार की दरमियानी कारित की गई है. पुलिस ने सोमवार की दोपहर में लगभग 03 बजे के आस-पास शव को बरामद किया है. अब पुलिस मामले की जांच कर रही है हालांकि अधिकारिक तौर पर पुलिस ने जादू-टोने के संदेह के आधार पर हत्या की पुष्टि नहीं की है. घटना की सूचना मिलने पर वारासिवनी एसडीओपी और कटंगी थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे जिन्होंने शव बरामद कर जांच कार्रवाई शुरू कर दी है। हत्या की यह वारदात कटंगी सिवनी मुख्य सड़क मार्ग पर कृषि उपज मंडी से महज चंद कदम की दूरी पर विशाल कोठारी के निर्माणाधीन शॉपिग काम्पलेक्स में घटित हुई है. जहां पर रात्रि में चौकीदारी काम करने वाले लिखन सेन्दरे की निर्मम तरीके से हत्या कर दी गई. विशाल कोठारी ने इसकी सूचना पुलिस को दी. विशाल कोठारी ने बताया कि सोमवार को करीब 3 बजे जब वह शॉपिंग कांप्लेक्स की तरफ गए तो देखा कि लिखन अब तक सोया हुआ है तो उन्होंने पास जाकर देखा तो लिखन की हालत को देखकर दंग रह गए. जिसके बाद उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी और पुलिस मौके पर पहुंची. बालाघाट से फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम को बुलाने के बाद शव को बरामद कर शव का पीएम करवाया गया है। मृतक लिखन की पुत्री सागत बाई ने बताया कि उनके पिता ने करीब 08 दिन पहले बताया था कि गांव की ही कमला और बंटी सहित एक अन्य व्यक्ति उसके पास आए थे और बोला था कि वह झाड़ फूंक करता है तू मेरे बेटे को ठीक कर देगे नही तो गांव में बैठक बुलवाएँगे. मृतक की पुत्री का संदेह है कि इन्हीं तीन लोगों ने मिलकर उनके पिता की हत्या की है. सागत बाई ने बकायदा पुलिस को यह बात बताई है. बताया जा रहा है कि मृतक की पुत्री की सूचना पर पुलिस ने इन तीनों को भी हिरासत में ले लिया है जिनसे पूछताछ जारी है हालांकि इस बात की अधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं की है।



### इनका कहना है

शव को बरामद कर पीएम करवा दिया गया है. जांच चल रही है जांच के बाद ही हत्या किसने और क्यों की इसके कारणों का पता चल सकेगा।

**जयंत मर्सकोले**
**थाना प्रभारी**

# दो मोटर साईकिल की टक्कर में दो लोग घायल

वारासिवनी( पद्मेश न्यूज) । वार्ड नंबर ४ स्थित वारासिवनी बालाघाट मार्ग पर दो मोटर साईकिल की आपस में जबरदस्त टक्कर हो गई। जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिनका उपचार सिविल अस्पताल में जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल कैलाश प्रसाद पिता राधेश्याम शुक्ला उम्र ६२ वर्ष निवासी अंजनबिहारी का रहने वाला है जो पूजा पाठ करवाने का काम करता हैं। वह १९ फरवरी को अपने ग्राम से बालाघाट आवश्यक कार्य से जाने के लिए निकले हुए थे। जो वारासिवनी पहुंचे और वारासिवनी बालाघाट मार्ग से सीधे बालाघाट की ओर जा रहे थे। वहीं आयुष पिता भीवा सिरफाम उम्र १८ वर्ष डोंगरमाली निवासी है जो खैरलांजी से वारासिवनी अपने किसी कार्य से आया हुआ था। जहां वह वारासिवनी बालाघाट मार्ग पर स्थित पेट्रोल पंप में मोटर साईकिल में पेट्रोल डालने गया हुआ था। इस दौरान दोनों मोटर साईकिल में टक्कर हो गई जिसमें सवार दोनों व्यक्ति मोटर साईकिल गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें आसपास के लोगों के द्वारा उठाकर सिविल अस्पताल वारासिवनी में लाकर भर्ती किया गया जहां पर उनका उपचार किया जा रहा है। इस दुर्घटना में दोनों घायलों को हाथ पैर सर सहित शरीर के विभिन्न हिस्सों में अंदरूनी और बाहरी चोटे आई है।




## आवश्यकता है

| क्रं. | पदनाम | संख्या | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1 | मार्केटिंग असिस्टेंट | 01 | MBA Marketing/B.Com |
| 2 | एकाउंटेंट | 01 | B.Com+Tally+ 5 साल का अनुभव |
| 3 | प्रोडक्शन सुपरवाईजर | 02 | ग्रेजुएट |
| 4 | वेल्डर | 01 | ITI / 5 साल का अनुभव |
| 5 | सिक्यूरिटी गार्ड | 02 | 12th पास |

अपना रिज्युम व्हाट्सएप नं. 7828954211, 8236019640 पर प्रेषित करें।
योग्य व्यक्तियों को साक्षात्कार हेतु काल किया जावेगा।
वेतन-योग्यतानुसार
रिभा टाईल्स
गर्रा, बालाघाट






## प्रवेश प्रारंभ
## सत्र जनवरी 2024

माखनलाल चतुर्वेदी पं. एवं संचार विश्वविद्यालय भोपाल से संबद्ध

**प्रवेश प्रारंभ (कम फीस एवं आसान किश्तों में)**

* PGDCA - 1 वर्षीय PG डिप्लोमा
  योग्यता-किसी भी विषय से स्नातक
* DCA - 1 वर्षीय PG डिप्लोमा
  योग्यता-किसी भी विषय से 12वीं
* TALLY, BCA डिग्री व Msc(cs) मा. डिग्री
* निःशुल्क CPCT व इंटरनेट सुविधा

टीप-12वीं अध्ययनरत छात्र एवं छात्राओं के लिये निःशुल्क 5 दिवसीय कम्प्यूटर प्रशिक्षण

नोट-डीटीपी या कोरल ड्रा शिक्षक व ऑफीस ब्वाय की आवश्यकता है

**यूनिवर्सल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालाजी**
भटेरा रोड रेल्वे क्रासिंग के पास बालाघाट
Mo. 9406764413, 07632-356492





स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.१, गुजरी चौक, बालाघाट ( म.प्र. ) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट